RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 296
नई दिल्ली, मंगलवार, 6 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





जेमिमा आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित
स्पोर्ट्स-12



www.dailypioneer.com


# भाजपा ने किया स्टिंग ऑपरेशन

- सांसद मनोज तिवारी, भाजपा दिल्ली इकाई के अध्यक्ष आदेश गुप्ता और पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने दो वीडियो किए जारी
- वीडियो में एक आरोपी के पिता का दावा, लाइसेंस हासिल करने के लिए दिया था कमीशन

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ हमले तेज करते हुए सोमवार को एक स्टिंग ऑपरेशन का वीडियो जारी किया, जिसमें कथित शराब घोटाले के एक आरोपी के पिता दावा करते दिख रहे हैं कि उन्होंने दिल्ली में शराब का लाइसेंस हासिल करने के लिए कमीशन दिया था। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, नई शराब नीति से जो लूट मची हुई थी, उसका आज खुलासा हुआ है। पहली बात ये है कि 80 प्रतिशत का जो लाभ है, वो दिल्ली की जनता की जेब से निकाल कर मनीष सिसोदिया और अरविंद केजरीवाल ने कमीशन के माध्यम से अपनी जेब में डाला। उन्होंने कहा, दूसरी बात ये है कि उन्होंने अपना कमीशन रख लिया और उसके बाद दिल्ली की जनता के साथ जो करना है करो, ये छूट ठेकेदारों को, अपने मित्रों को केजरीवाल और सिसोदिया ने दी। (शेष पेज 8)

## दिल्ली की शराब नीति



नई दिल्ली में पत्रकार वार्ता करते भाजपा सांसद मनोज तिवारी और प्रवक्ता संबित पात्रा

## 'मजाक के सिवा कुछ नहीं स्टिंग ऑपरेशन'

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**दिल्ली** के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को दिल्ली आबकारी नीति में कथित घोटाले पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टिंग ऑपरेशन को मजाक करार दिया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इस मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उन्हें क्लीन चिट दे दी है। भाजपा के स्टिंग ऑपरेशन के दावे पर पलटवार करते हुए सिसोदिया ने कहा कि सीबीआई को उनके घर में, लॉकर में कुछ नहीं मिला और उन्हें क्लीन चिट दे दी गई। उन्होंने कहा, सीबीआई ने मुझे क्लीन चिट दे दी क्योंकि उसे कुछ नहीं मिला और इसीलिए भाजपा ये तरीके अपना रही है। यह स्टिंग ऑपरेशन नहीं है, केवल मजाक है। सिसोदिया ने यह भी कहा कि भाजपा कार में बैठे-बैठे कुछ भी बना सकती है लेकिन इससे यह स्टिंग ऑपरेशन नहीं हो जाता। (शेष पेज 8)

## भ्रष्टाचार के लिए जानी जाती है आप सरकार : अनुराग

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**शराब** घोटाले पर आप सरकार को घेरते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने अरविंद केजरीवाल सरकार के लिए 'बेवड़ी सरकार' शब्द का प्रयोग करते हुए इसे भ्रष्टाचार में लिप्त बताया। केंद्रीय मंत्री का यह बयान भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा के दो वीडियो दिखाने के बाद आया है, जिसमें सीबीआई एफआईआर में आबकारी नीति घोटाले के आरोपी संख्या 13 के पिता को कथित (शेष पेज 8)

## अफसर की मौत पर सिसोदिया के दावे को सीबीआई ने किया खारिज

- डिप्टी सीएम का आरोप, मुझे फंसाने के दबाव में सीबीआई अफसर ने की खुदकुशी

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली



**दिल्ली** शराब नीति को लेकर भाजपा द्वारा स्टिंग ऑपरेशन का वीडियो जारी करने के कुछ घंटों बाद उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दावा किया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के एक अधिकारी ने इसलिए आत्महत्या कर ली क्योंकि उस पर उन्हें झूठे आबकारी मामले में फंसाने के लिए दबाव डाला गया था। वहीं सीबीआई ने सिसोदिया के आरोप को खारिज (शेष पेज 8)

## एलजी ने आप नेताओं को भेजा नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**दिल्ली** के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष के तौर पर उनके कार्यकाल के दौरान उन पर 1400 करोड़ रुपये के घोटाले में कथित संलिप्तता के झूठे और अपमानजनक आरोप लगाने को लेकर सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं को कानूनी नोटिस भेजा। नोटिस आप के नेताओं आतिशी, (शेष पेज 8)

# विपक्षी एकजुटता के लिए राहुल गांधी से मिले नीतीश

- दिल्ली पहुंचे बिहार के सीएम, अगले दो दिनों में केजरीवाल तथा विपक्ष के अन्य वरिष्ठ नेताओं से भी करेंगे मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से दिल्ली में मुलाकात की। जानकारी के अनुसार दोनों के बीच करीब 50 मिनट बातचीत का दौर चला। सूत्रों का कहना है कि दोनों नेताओं ने मौजूदा राजनीतिक हालात और विपक्षी एकजुटता की दिशा में आगे बढ़ने को लेकर बात की। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का साथ छोड़ने और राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस एवं वाम दलों के साथ मिलकर बिहार में सरकार बनाने के बाद नीतीश कुमार पहली बार तीन दिवसीय दौरे दिल्ली पहुंचे हैं।

जनता दल (यूनाइटेड) के शीर्ष नेता ने यहां स्थित राहुल गांधी के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल के जरिए दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया कि आज बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राहुल गांधी से उनके दिल्ली निवास पर मुलाकात की। जानकारी के अनुसार नीतीश कुमार सोमवार को तीन दिवसीय दौरे पर दिल्ली पहुंचे। इस दौरान वे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, जनता दल (एस) के प्रमुख एचडी कुमारस्वामी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कुछ अन्य नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। वाम दलों से जुड़े सूत्रों ने बताया कि नीतीश कुमार मंगलवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा से मुलाकात करेंगे। (शेष पेज 8)



नई दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

# लिज ट्रस होंगी ब्रिटेन की अगली प्रधानमंत्री

**भाषा** । लंदन

**ब्रिटेन** की विदेश मंत्री लिज ट्रस ने भारतीय मूल के पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक को कंजरवेटिव पार्टी नेतृत्व के लिए मुकाबले में हराया और अब वह प्रधानमंत्री के तौर पर बोरिस जॉनसन का स्थान लेंगी। वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री ट्रस (47) के मुकाबले में पार्टी के सदस्यों की ओर डाले गए 170,000 ऑनलाइन और डाक मतों में से अधिकतर मत को प्राप्त करने की उम्मीद की गई थी।

ट्रस ब्रिटेन की तीसरी महिला प्रधानमंत्री होंगी। इसके साथ ही, 10 डाउनिंग स्ट्रीट में शीर्ष पद संभालने के लिए सुनक का ऐतिहासिक अभियान खत्म हो गया। चुनाव में 82.6 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें सुनक को 60,399 मत जबकि ट्रस को 81,326 मत मिले। मतदान के लिए कंजरवेटिव पार्टी के 172,437 सदस्य योग्य थे, वहीं 654 मत खारिज कर दिए गए। उनकी जीत का अंतर पार्टी के भीतर विभाजन को भी दर्शाता है।



- पार्टी में नेतृत्व पद के मुकाबले में सुनक को हराया

इस तरह ट्रस को 57.4 प्रतिशत और सुनक को 42.6 प्रतिशत मत मिले। ट्रस की तुलना में हालिया समय में नेतृत्व पद पर नेताओं ने ज्यादा अंतर से जीत हासिल की थी। सुनक ने ट्वीट किया, मैंने पूरे प्रचार अभियान के दौरान कहा कि कंजरवेटिव पार्टी सदस्य एक परिवार हैं। यह सही है कि अब हम नई प्रधानमंत्री लिज ट्रस के पीछे एकजुट हैं, जो देश को कठिन समय में आगे बढ़ाएंगी। ट्रस ने विजेता घोषित किए जाने के बाद अपने संबोधन में कहा, हम वादे पूरे करेंगे।

## झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार ने विश्वास मत जीता

**पायनियर समाचार सेवा** । रांची

**झारखंड** में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने सोमवार को विधानसभा में आसानी से विश्वास मत हासिल कर लिया और इसी के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली सरकार को गिराने के लिए विधायकों को लुभाए जाने की आशंका के बावजूद आदिवासी नेता सोरेन को राज्य में अपनी पकड़ मजबूत करने में मदद मिली। कुल 81 सदस्ईय झारखंड विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 48 विधायकों ने मतदान किया, जिनमें झामुमो के 29, कांग्रेस के 15 और राष्ट्रीय जनता दल (राजद), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) एवं भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन का एक-एक विधायक और एक निर्दलीय विधायक शामिल था। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने सदन से बहिर्गमन किया। सोरेन ने एक दिवसीय विशेष सत्र को संबोधित करते हुए कहा, (शेष पेज 8)

# लखनऊ के होटल में लगी आग, चार की मौत

- फायर कर्मी समेत नौ घायल, होटल मालिक व मैनेजर पुलिस हिरासत में, जांच जारी

**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ

**सोमवार** सुबह हजरतगंज क्षेत्र स्थित लग्जरी होटल लेवाना सूइट्स में लगी भीषण आग ने पति-पत्नी समेत चार बेगुनाहों की जान ले ली। अवैध तरीके से बनाए गए पांच मंजिला होटल में भीषण आग व धुंए की चपेट में आए 9 लोगों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्निकांड में फंसे 24 लोगों को एसडीआरएफ और फायर कर्मियों ने सुरक्षित निकाला है। होटल बिना मानकों के चल रहा था। इसके चलते होटल के मालिक और मैनेजर के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया हैं। हजरतगंज के मदन मोहन मालवीय मार्ग पर स्थित होटल लेवाना में सुबह करीब 7 बजे आग लग गयी। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। हालांकि अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने पुलिस कमिश्नर व मंडलायुक्त को घटना की जांच करने के आदेश दिए हैं।

बताया जा रहा है कि आज सुबह करीब सात बजे आग उस समय लगी जब अधिकतर लोग अपने कमरों में सोए हुए थे। एसी कमरों में ठहरे लोगों को जब तक इसकी भनक लगती तब तक काफी देर हो चुकी थी। मानकों को दरकिनार पूरी तरह शीशों से पैक कर बनाए गए होटल में आग के साथ धुंआ फैलने से गैस चेंबर में तब्दील हुए कमरों में लोगों का दम घुटने लगा। इस बीच फायर ब्रिगेड के 15 वाहन और 13 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया। घटना के करीब तीन घंटे बाद सीपी लखनऊ एसबी शिरड़कर ने बताया कि होटल प्रबंधन के रिकॉर्ड के अनुसार 38 से 40 लोग वहां पर रुके हुए थे। जिसमें से पुलिस विभाग के अनुसार 9 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया जिनमें चार की मौत हो गयी। (शेष पेज 8)



लखनऊ के होटल लेवाना सुइट्स में लगी आग बुझाते दमकलकर्मी

# गुरु मादिवलेश्वर मठ के महंत का शव मिला, आत्महत्या का संदेह

**पायनियर समाचार सेवा** । बेलागावी

**कर्नाटक** के बेलागावी जिले के नेगिनहाल गांव में गुरु मादिवलेश्वर मठ के महंत का शव मिला है और पुलिस को संदेह है कि यह आत्महत्या का मामला है।

बसवसिद्धलिंगा स्वामीजी का शव सोमवार सुबह मठ के परिसर में स्थित उनके कमरे से मिला, जब उनका एक सहायक महंत को ढूंढता हुआ वहां गया। सहायक ने जब कमरे का दरवाजा खटखटाया तो वह बाहर नहीं निकले और न ही कोई जवाब दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार स्वामीजी ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी वजह अभी पता नहीं चल पाई है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है उन्होंने आत्महत्या की, लेकिन जांच के बाद ही मौत की असली वजह पता चल पाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि स्वामीजी ने रात को सोने से पहले मठ में अपने शिष्यों और सहायकों से सामान्य रूप से बात की थी।

सूत्रों के अनुसार, कथित रूप से मठ के द्वारा लिखा गया एक नोट सामने आया है, जिसमें कहा गया है कि उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया। अपनी मौत के लिए वह खुद जिम्मेदार हैं। किसी से भी इस बारे में पूछताछ न की जाए। सूत्रों ने कहा कि चित्रदुर्ग के मुरुग मठ के प्रमुख शिवमूर्ति मुरुग शरणारू पर यौन शोषण के आरोप लगने के बाद, दो महिलाओं के बीच हुई बातचीत की एक क्लिप वायरल हुई थी। इस क्लिप में उन्होंने कथित तौर पर चर्चा की थी कि राज्य में कई मठों के संतों की इस तरह की गतिविधियों में शामिल होने की बात सामने आई है। इस दौरान उन्होंने नेगिनहाल और अन्य मठों का नाम लिया था। कुछ स्थानीय लोगों ने स्वामीजी के बारे में कहा कि वह बहुत संवेदनशील व्यक्ति थे और एक कथित ऑडियो क्लिप को लेकर परेशान थे। उन्होंने बिना किसी सबूत के स्वामीजी के बारे में बोलने वालों के खिलाफ कार्वाई की मांग की। स्थानीय निवासियों ने कहा कि स्वामीजी ने मुरुग मठ से शिक्षा हासिल की थी।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,246 ↑ 443 | |
| निफ्टी | 17,666 ↑ 126 | |
| सोना | 50,480 ↑ 112 | /10g |
| चांदी | 53,330 ↑ 308 | /kg |

## क्विक न्यूज

### गलवान संघर्ष की जानकारी मांगने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें केंद्र को यह जानकारी देने का निर्देश दिए जाने का आग्रह किया गया था कि क्या जून 2020 में गलवान घाटी में चीनी सेना के साथ संघर्ष के दौरान राष्ट्र ने कोई क्षेत्र खोया है। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि ए राज्य से जुड़े मामले है, न कि अदालतों के। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित और न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट की पीठ उस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि आधिकारिक रुख 2020 में गलवान संघर्ष के बाद लोगों को गुमराह करने का रहा है। पीठ ने अभिजीत सराफ नामक व्यक्ति की याचिका को खारिज कर दिया।

# शिवसेना को घरेलू मैदान पर देंगे गहरा घावः शाह

- कहा, उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री बनने के लिए हर चीज से समझौता किया

**पायनियर समाचार सेवा** । मुंबई

**मुंबई** नगर निकाय चुनाव का बिगुल फूंकते हुए केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने सोमवार को पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना को उसके घरेलू मैदान पर गहरा घाव देने को कहा। शाह ने ठाकरे की निंदा करते हुए कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के देवेंद्र फडणवीस के नाम पर 2019 के चुनाव में वोट मांगने के बावजूद शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस के समर्थन से मुख्यमंत्री बनने के लिए हर चीज से समझौता किया। शिवसेना लगभग 30 वर्षों से बृहन्मुंबई महानगरपालिका पर शासन कर रही है। वर्तमान में, बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) एक प्रशासक द्वारा चलाई जा रही है क्योंकि नगर निकाय का पांच साल का कार्यकाल समाप्त हो गया है और चुनाव की प्रतीक्षा है।

शाह ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और चुनिंदा पदाधिकारियों की बैठक में कहा, यदि आप किसी व्यक्ति को किसी भी स्थान पर मारते हैं, तो यह दुख देता है। जब आप किसी व्यक्ति को उसके घरेलू मैदान पर मारते हैं तो दर्द और गहरा होता है। (शेष पेज 8)



मुंबई में एक कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

# राजपथ का नाम बदलकर रखा जाएगा कर्त्तव्यपथ

- सेंट्रल विस्टा लॉन भी होगा इसका हिस्सा

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में स्थित ऐतिहासिक राजपथ और राष्ट्रपति भवन से लेकर इंडिया गेट तक फैले सेंट्रल विस्टा लॉन का नाम बदलकर कर्त्तव्यपथ करने का फैसला किया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद मोदी आठ सितंबर की शाम को पूरे क्षेत्र का उद्घाटन करेंगे, जिसका सरकार की महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत पुनरुद्धार किया गया है।

सूत्रों ने बताया कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने राजपथ और सेंट्रल विस्टा लॉन का नाम बदलकर कर्त्तव्यपथ करने के संबंध में सात सितंबर को एक विशेष बैठक बुलाई है और प्रस्ताव को परिषद के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गेट पर नेताजी की प्रतिमा से लेकर राष्ट्रपति भवन तक पूरा मार्ग और क्षेत्र कर्त्तव्यपथ के नाम से जाना जाएगा। ब्रिटिश काल में राजपथ को किंग्सवे कहा जाता था। प्रधानमंत्री मोदी ने इस साल अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में औपनिवेशिक सोच दर्शाने वाले प्रतीकों को समाप्त करने पर जोर दिया था। सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक अगले 25 वर्ष में सभी लोगों के अपने कर्त्तव्य निभाने के महत्व पर जोर दिया है और कर्त्तव्यपथ नाम में इस भावना को देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने इससे पहले भी अनेक मार्गों के नाम बदलकर जन-केंद्रित नाम रखे। साल 2015 में रेसकोर्स रोड का नाम बदलकर लोक कल्याण मार्ग किया गया, जहां प्रधानमंत्री आवास है। साल 2015 में औरंगजेब रोड का नाम बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम रोड किया गया। साल 2017 में डलहौजी रोड का नाम दाराशिकोह रोड कर दिया गया। अकबर रोड का नाम बदलने के भी अनेक प्रस्ताव आए हैं, लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।



# मर्चेंट नेवी के चीफ इंजीनियर के परिवार को बंधक बनाकर घर में लूटपाट

- पत्नी, बेटा और मां को बंदूक से धमका कर कमरे में किया बंद
- ढाई लाख रुपये, मोबाइल, ज्वैलरी व अन्य सामान लेकर फरार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में रविवार रात मर्चेंट नेवी के चीफ इंजीनियर के घर में लूट हो गई। पत्नी, बेटे और मां को गन प्वॉइंट पर लेकर कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद ढाई लाख रुपये नकदी सहित साढ़े तीन लाख की ज्वैलरी लूटकर फरार हो गए।

बीटा-1 सेक्टर में सर्वज्ञ जैन का तीन मंजिला मकान है। वह मर्चेंट नेवी में चीफ इंजीनियर हैं। गुजरात में उनकी तैनाती है। यहां पर उनकी पत्नी शिल्पा, मां शशि जैन और 10 साल का बेटा सिद्धार्थ रहता है। दो बजे सर्वग्य जैन गुजरात जाने के लिए एयरपोर्ट चले गए। करीब 2.30 बजे के बाद बदमाश घर में घुसे। घर में पत्नी और बेटे को कमरे में बंद कर दिया और उनकी मां को बंदूक दिखाकर काबू किया।

बदमाशों के जाने के बाद सर्वग्य जैन की मां ने दरवाजा खोला तथा बहू और पोते को कमरे से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस के अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है और बदमाशों की तलाश के लिए दो टीमें गठित कर तलाश शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा डीसीपी अभिषेक वर्मा ने बताया सेक्टर बीटा वन में मर्चेंट नेवी के अधिकारी सर्वग्य जैन के परिवार को बंधक बनाकर घटना को अंजाम देकर बदमाश मौके से फरार हो गए। बदमाश ढाई लाख रुपये नकदी, मोबाइल सहित ज्वैलरी और अन्य सामान लेकर फरार हो गए ।

## ढाबा संचालक पर पत्नी की हत्या का आरोप

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मिसलगढ़ी गांव में हुई ढाबा संचालक पर आरोप है कि उसने अपनी नवविवाहिता पत्नी को पहले बेहरमी से पीटा और फिर उसे गला घोटकर मार डाला। सूचना मिलते ही मृतका के परिजनों ने बेटी की ससुराल पहुंचकर जमकर हंगामा किया और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये थाने में प्रदर्शन किया।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कई आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। खोड़ा कॉलोनी में रहने वाले जयप्रकाश ने अपनी पुत्री टीना की शादी मिसलगढ़ी निवासी गौरव से गत वर्ष एक सितंबर को की थी। मृतका के पिता ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है।

## ला रेजिडेंसिया में 18वीं मंजिल से कूदी महिला, मौत

नोएडा। थाना बिसरख क्षेत्र के टेकजोन-4 में स्थित लॉ रेजिडेंसिया सोसायटी की 18वीं मंजिल से कूदकर एक महिला ने देर रात आत्महत्या कर ली। गंभीर हालत में उन्हें यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। टेकजोन-4 में स्थित लॉ रेजिडेंसिया सोसायटी के टॉवर नंबर 14 के 18वीं मंजिल पर स्थित फ्लैट नंबर 1801 में चंद्रमोहन पुत्र नत्थू परिवार के साथ रहते हैं। कल रात चंद्रमोहन की पत्नी 54 वर्षीय नीरू का परिवार के सदस्यों से विवाद हो गया। इस दौरान घर में चंद्रमोहन, उनका बेटा और उनकी बहू भी मौजूद थी। विवाद के बाद नीरू अपने कमरे में चली गईं और कुछ देर बाद कमरे की बालकनी से छलांक लगा दी।

## लोनी में झोला छाप डॉक्टर के इलाज से बच्चे की मौत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



लोनी में एक झोला छाप डॉक्टर के इलाज से एक आठ साल के बच्चे की मौत हो गई। यह घटना दस दिन पहले की है, तब से इस मामले में स्वास्थ्य विभाग सोया हुआ था। पीड़ित ने इस मामले में तहसील दिवस में शिकायत की, तब कहीं जाकर विभागीय अधिकारी हरकत में आए और अब डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।

बच्चे के बीमार होने पर परिजन उसे लोनी के सरस्वती क्लीनिक पर ले गए थे, जहां मौजूद डॉ गौतम ने बच्चे को एक इंजेक्शन लगाया। इंजेक्श लगाने के बाद बच्चे की हालत सुधरने की बजाय और ज्यादा खराब हो गई। परिजनों ने जब डॉक्टर को इसकी जानकारी दी तो वह क्लीनिक बंद करके फरार हो गया। परिजन बच्चे को पास के दूसरे अस्पताल ले गए, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

डिप्टी सीएमओ डॉ जीपी मथुरिया ने बताया कि आरोपी डॉक्टर क्लीनिक बंद करके फरार है, इस बारे में विभागीय जांच की जा रही है। बच्चे के परिजनों को सीएमओ कार्यालय बुलाया गया है।

## षड्यंत्र का शिकार न हो समाज : अन्नु

**नोएडा।** श्रीकांत त्यागी की पत्नी अनु त्यागी का वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमे वह कह रही हैं कि उन्होंने समाज के लोगों के खिलाफ कोई भी शिकायत नहीं दी है।

उन्होंने सिर्फ सांसद डॉ. महेश शर्मा के खिलाफ सुरक्षा को लेकर शिकायत दी गई थी, क्योंकि मुझे डाक्टर महेश शर्मा से खतरा है। इस मामले में एडीसीपी साद निया खान ने बताया कि अभी तक व्यक्तिगत रूप में किसी ने शिकायत नहीं दी है, हो सकता है किसी अन्य पोर्टल या ऑनलाइन दी हो, इसकी जानकारी की जा रही है।

अनु त्यागी ने वीडियो जारी कर कहा कि कोई भी व्यक्ति अफवाह पर भरोसा न करे। उन्होंने पुलिस में कोई एप्लीकेशन नहीं दी है।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्यामूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मैसर्स अम्बा सेल्स, कशिश कपूर, पल्लवी कपूर, सुनील कपूर, स्मिति कपूर, खसरा नंबर 51/1/2, प्लॉट नंबर 281, ग्राम मुंडका, नई दिल्ली खाता नंबर :- 235405500064 एवं 235455000009 | मकान नंबर 192, प्रथम तल, ब्लॉक एन, ग्रेटर कैलाश, पार्ट-1, दिल्ली | 03-08-2022 रू. 65,88,457.83/- रू. 19,84,105.66/- | 05-09-2022 |
| 2. | मैसर्स अशोक कम्पनी, संजीव जैन, रचना जैन, 4761/9, डिप्टी गंज, सदर बाजार, नई दिल्ली खाता नंबर :- 194505000372 | फ्लैट नंबर 51, द्वितीय तल, पाकेट-ई, मयूर विहार, ईस्ट दिल्ली, दिल्ली-110091 एवं प्लॉट -8, रोड नंबर -वी-28 डीएलएफ फेज-III, सेक्टर-24, गुरूग्राम, हरियाणा-122010 | 14-07-2022 रू. 46,49,146/- | 12-04-2022 |
| 3. | मैसर्स आईडियाज क्लाउड एलएलपी, रंजीता झा, धीरज कुमार, 53 प्रथम तल, ब्लॉक-बी, नारायणा विहार, साउथ वेस्ट, नई दिल्ली-110028खाता नंबर :- 033505002911 | डीडीएल एमआईजी फ्लैट नंबर बी-53/II, प्रथम तल, नारायणा विहार, साउथ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली | 14-07-2022 रू. 21,17,440.57/- | 28-02-2022 |
| 4. | मैसर्स राजश्री ट्रेडिंग कम्पनी, राज कमल शर्मा, राजश्री शर्मा, 437, नया बांस, जी/एफ, खारी बावली, सेंट्रल दिल्ली खाता नंबर :- 739005000009 एवं 739055000002 | एम.सी. नंबर 437, गली मंदिर वाली, नया बांस, जी/एफ, खारी बावली, सेंट्रल दिल्ली, दिल्ली | 23-07-2022 रू. 1,21,07,266/- रू. 17,13,323.69/- | 07-03-2022 |
| 5. | वीसीएच कार्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड, विनीत चौहान, नेहा चौहान, कार्यालय सं.-511, विश्व सदन डिस्ट्रिक्ट सेंटर, जनकपुरी, नई दिल्ली खाता नंबर :- 008705500503 | फ्लैट नंबर 803, 8वां तल, ब्लॉक बी-2, सनी वैली सीजीएचएस लिमिटेड, प्लॉट नंबर 27, सेक्टर-12, द्वारका, वेस्ट दिल्ली | 02-08-2022 रू. 6,38,054/- | 28-03-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 06 सितम्बर, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

मोदी रबड़ लिमिटेड
सीआईएन : L25199UP1971PLC003392
पंजी. कार्यालय : मोदीनगर-201204, जिला गाजियाबाद, (उत्तर प्रदेश) कार्पोरेट कार्यालय : 4-7सी, डीडीए शॉपिंग सेंटर, न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी, नई दिल्ली-110025
वेबसाइट : www.modirubberlimited.com,
ई-मेल : investors@modigroup.net,
फोन : +91-11-47107398

सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि मोदी रबड़ लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की 49वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम"), शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 11.30 बजे (आईएसटी), एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु, मास सर्विसेज लिमिटेड द्वारा उपलब्ध कराई गई वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") सुविधा के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट : कार्पोरेट मंत्रालय (एमसीए), भारत सरकार तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी जनरल सर्कुलर दिनांकित 13 जनवरी, 2021 के साथ पठित सर्कुलर दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020 तथा 5 मई, 2020 और अन्य सभी लागू कानूनों एवं सर्कुलर्स के अनुपालन में, सूचना में सूचीबद्ध साधारण और विशेष व्यवसायों के निष्पादन हेतु। एजीएम में निष्पादित किए जाने वाले व्यवसाय की सूचीयुक्त सूचना वर्ष 2021-22 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट सहित इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा कम्पनी के उन सदस्यों को भेजी जा चुकी हैं जिनका ई-मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरीज/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट (पार्टिसिपैंट्स) के पास पंजीबद्ध है। सूचना और एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट **www.modirubberlimited.com** पर तथा स्टॉक एक्सचेंजेज नामतः बीएसई लिमिटेड तथा नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** तथा **www.nseindia.com** क्रमानुसार पर उपलब्ध हैं।

ई-वोटिंग : कम्पनी सदस्यों को एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय पर उनका वोट डालने के लिए रिमोट ई-वोटिंग ("रिमोट ई-वोटिंग") के साथ रिमोट ई-वोटिंग द्वारा वोट नहीं डाल सकने वाले सदस्यों के लिए एजीएम के दौरान वोट डालने की सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्यों से निम्नलिखित नोट करने का अनुरोध है :

I. कम्पनी ने रिमोट ई-वोटिंग अथवा एजीएम में ई-वोटिंग द्वारा वोट डालने के लिए सदस्यों की ग्राह्यता अभिनिश्चित करने के लिए 23 सितम्बर, 2022 "कट-ऑफ" तिथि निर्धारित की है।

II. कोई व्यक्ति, जिसका नाम, डिपॉजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर अथवा सदस्यों के रजिस्टर में, कट-ऑफ तिथि अर्थात 23 सितम्बर, 2022 को दर्ज मौजूद होगा, केवल वही व्यक्ति रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा तथा एजीएम में ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोटिंग का हकदार होगा।

III. रिमोट ई-वोटिंग अवधि निम्नानुसार होगी :
रिमोट ई-वोटिंग अवधि का आरंभन : मंगलवार, 27 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 09.00 बजे (आईएसटी)
रिमोट ई-वोटिंग अवधि का समापन : बृहस्पतिवार, 29 सितम्बर, 2022 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी)

IV. कोई व्यक्ति जो कि सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी के शेयरों का अर्जन करता है तथा कम्पनी का सदस्य बनता है और जो कट-ऑफ तिथि को शेयरों का धारक है, वह **evoting@nsdl.co.in** पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। तथापि, यदि व्यक्ति पहले से रिमोट ई-वोटिंग के लिए एनएसडीएल में पंजीकृत है तो वह मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का प्रयोग वोट डालने के लिए कर सकता है।

V. जो सदस्य एजीएम से पहले अपना वोट रिमोट ई-वोटिंग द्वारा डाल चुके हैं, वे भी एजीएम में उपस्थित हो सकते/भाग ले सकते हैं, परंतु उनको एजीएम में पुनः वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।

VI. एनएसडीएल द्वारा 29 सितम्बर, 2022 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) के बाद रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

VII. वे सदस्य, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के इच्छुक हैं और प्रस्तावों पर रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाल सके हैं तथा वे वोट डालने हेतु प्रतिबंधित भी नहीं हैं, वे एजीएम में ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल सकेंगे।

VIII. अभौतिक रूप, भौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्यों तथा अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं करवाने वाले सदस्यों के लिए वोटिंग का तरीका एजीएम की सूचना में दिया गया है। सूचना कम्पनी की वेबसाइट **www.modirubberlimited.com** पर उपलब्ध होगी। सदस्यों से एजीएम से जुड़ने हेतु अनुदेश, वोट डालने का तरीका इत्यादि के संबंध में एजीएम की सूचना में दिए सभी नोट्स सावधानी के साथ पढ़ने का अनुरोध किया जाता है। सम्पर्क विवरण :

ई-वोटिंग के संबंध में किसी संदेह की स्थिति में, सदस्यगण **www.evoting.nsdl.com** पर "डाउनलोड सेक्शन" के अन्तर्गत उपलब्ध एफएक्यू'ज अथवा सदस्यों के लिए ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं अथवा टोलफ्री नंबर 18001020990 पर सम्पर्क कर सकते हैं, अथवा **evoting@nsdl.co.in** पर अनुरोध भेज सकते हैं। सदस्यों से अनुरोध है कि किसी संदेह/शिकायत के निस्तारण हेतु निम्नलिखित सम्पर्क विवरण नोट करें :

मास सर्विसेज लिमिटेड
टी-34, द्वितीय तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया
फेज-II, नई दिल्ली-110020

फोन नंबर +91-11-2638 7281 82 83
फैक्स नंबर +91-11-2638 7384
ई-मेल : **info@masserv.com**

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
हस्ता./-
(एस के बाजपेयी)
हेड -लीगल एवं कम्पनी सेक्रेटरी

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 05 सितम्बर, 2022

## राज्य मंत्री नंद गोपाल नंदी ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी और राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने यहां के विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी आज राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप के साथ जनपद के दौरे पर हैं। नंद गोपाल नंदी ने मई में नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक की थी।

जनपद की अलग-अलग विकास परियोजनाओं की समीक्षा के बाद उन्होंने कई दिशा-निर्देश दिए थे। तीन महीने बाद इन परियोजनाओं ने कितनी गति पकड़ी, इसकी वह जानकारी ले रहे हैं।

औद्योगिक विकास मंत्री ने गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय मे तीनों प्राधिकरणों की समीक्षा बैठक की।

जनपद दौरे में उनके साथ पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप भी मौजूद है। दोनों मंत्रियों ने कुछ आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण किया। इसके बाद भंगेल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और कोविड अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे।

ILD इंडिया लीज डेवलपमेंट लिमिटेड
CIN NO: L74899DL1984PLC019218
GSTIN: 07AAACI0149R1ZB
पंजीकृत कार्यालय : एमजीएफ हाउस, 4/17 बी, आसफ अली रोड, नई दिल्ली-110002 फोन : 011-41519433, 41520070 फैक्स : 41503479
वेबसाइट: www.indialease.com, ईमेल : info@indialease.com

37वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों के माध्यम से आयोजित करने के संबंध में सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि इंडिया लीज डेवलपमेंट लिमिटेड के सदस्यों की 37वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") बुधवार, 28 सितंबर, 2022 को दोपहर 12.30 बजे पंजीकृत कार्यालय अर्थात एमजीएफ हाउस, 4/17-बी, आसफ अली रोड, नई दिल्ली-110002 पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") / अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम ("ओएवीएम") के माध्यम से एक सामान्य स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना आयोजित होने वाली है।

जारी कोविड-19 महामारी को देखते हुए, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") ने अपने सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020, 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021, 21/2021 दिनांक 14 दिसंबर, 2021 और 02/2022 दिनांक 5 मई, 2022 के माध्यम से जारी किया है। (सामूहिक रूप से "एमसीए परिपत्र" के रूप में संदर्भित) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी /2020/79 दिनांक 12 मई, 2020 और परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांक 15 जनवरी, 2021 और सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 ("सेबी सर्कुलर") ने सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") एक सामान्य स्थान पर आयोजित करने की अनुमति दी है और नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियां सदस्यों को भेजने से छूट भी दी गई है।

एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्रों के अनुपालन में, कंपनी ने 5 सितंबर, 2022 को एजीएम की सूचना और कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से केवल उन सदस्यों को भेजा है जिनके ईमेल पते कंपनी/आरटीए/डीपी के साथ पंजीकृत हैं। 37वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2021-2022 की वार्षिक रिपोर्ट भी कंपनी की वेबसाइट **www.indialease.com** पर "वार्षिक रिपोर्ट" अनुभाग (**https://www.indialease.com/AnnualReports21-22New.html**) और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट के तहत, जहां कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं यानी बीएसई लिमिटेड **www.bseindia.com** पर और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") की वेबसाइट **www.evotingindia.com** पर भी अपलोड की जाएगी।

सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं। एजीएम में शामिल होने के निर्देश एजीएम के नोटिस में दिए गए हैं। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत गणपूर्ति के लिए गिना जाएगा। सदस्यों द्वारा प्रॉक्सी की नियुक्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी क्योंकि एजीएम वीसी/ओएवीएम द्वारा आयोजित की जा रही है।

नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए, सदस्यों से अनुरोध है कि यदि उन्होंने पहले से अपने ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट नहीं किया है, तो वे अपने डिपॉजिटरी सहभागियों के साथ अपने ईमेल पते को पंजीकृत/अपडेट कर सकते हैं। जिन सदस्यों के पास भौतिक रूप में शेयर हैं, उनसे अनुरोध है कि वे **rta@alankit.com** पर ईमेल भेजकर अपने ईमेल पते रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) के पास पंजीकृत कराएं।

**इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से मतदान:**

कंपनी एजीएम की सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों के संबंध में सीडीएसएल के ई-वोटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने सभी सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है। इसके अतिरिक्त, कंपनी एजीएम के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान कर रही है। ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की विस्तृत प्रक्रिया भी एजीएम के नोटिस में दी गई है।

जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन फिर से वोट डालने के हकदार नहीं हैं। जिन सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला है और एजीएम में वीसी/ओएवीएम के माध्यम से उपस्थित हैं, वे एजीएम में ई-वोटिंग के माध्यम से वोट करने के पात्र होंगे।

जिन सदस्यों के नाम "**कट-ऑफ तिथि**" अर्थात **मंगलवार, 20 सितंबर, 2022** तक डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए सदस्यों के रजिस्टर या लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दिखाई देते हैं, वे केवल रिमोट ई-वोटिंग सुविधा का लाभ उठाने के हकदार होंगे या एजीएम में जैसा भी मामला हो वोट दें। सदस्यों के वोटिंग अधिकार कट-ऑफ तिथि यानी **मंगलवार, 20 सितंबर, 2022** को कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी के उनके शेयरों के अनुपात में होंगे।

रिमोट ई-वोटिंग **रविवार, 25 सितंबर, 2022 को सुबह 9 बजे शुरू होगी और मंगलवार, 27 सितंबर, 2022 को शाम 5.00 बजे** समाप्त होगी। रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति **27 सितंबर, 2022 को सायं 5.00 बजे** के बाद नहीं दी जाएगी और एक बार सदस्य द्वारा किसी संकल्प पर वोट डालने के बाद, सदस्य को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**बुक क्लोजर**

एतद्द्वारा यह भी सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 42 के अनुसरण में सदस्यों का रजिस्टर और कंपनी की शेयर ट्रांसफर बुक्स **बुधवार, 21 सितंबर, 2022 से बुधवार, 28 सितंबर, 2022 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेंगी।**

प्रश्न/शिकायतें, यदि कोई हो, ई-वोटिंग के संबंध में, ईमेल के माध्यम से **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर संबोधित किया जा सकता है या **1800225533** पर कॉल किया जा सकता है।


बोर्ड की आज्ञानुसार
कृते इंडिया लीज डेवलपमेंट लिमिटेड
हस्ता/-
रोहित मदान
मैनेजर, कम्पनी सचिव एवं सीएफओ
ACS - 13636

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 5 सितम्बर, 2022

## गाजियाबाद के 25 शिक्षक सम्मानित

- अध्यापिका काजल शर्मा को मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के 25 शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए उनके योगदान के लिए प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह का लखनऊ में भी आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के शिक्षकों को राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया। इस समारोह में गाजियाबाद की शिक्षिका काजल शर्मा भी सम्मानित की गईं। लाइव प्रसारण के उपरांत महापौर आशा शर्मा, डीएम आरके सिंह और सीडीओ विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शिक्षकों को सम्मानित किया।

डीएम आरके सिंह ने कहा कि एक शिक्षक ही ऐसा नागरिक तैयार करते हैं जो विकास में योगदान दे। समारोह के दौरान नगर क्षेत्र के विद्यालयों से ममता शर्मा, ऋतु सिंह, हेमंत कुमार, भोजपुर ब्लॉक के विद्यालयों से रीना, किरन शर्मा, अंचल शर्मा, लज्जाराम, देवांकुर, लोनी ब्लॉक से नीरव शर्मा, ऋ चा भाटिया, रूबी शर्मा, निदा आबिदी, अनुपमा संगीता, मुरादनगर ब्लॉक से आवृत्ति अग्रवाल, देवकुमार, लक्ष्मी त्यागी, प्रमोद सिरोही, ममता खन्ना, रजापुर ब्लॉक से ज्योत्सना गोस्वामी, मौ आमिर, मौ हारून, सुकान्ति कुमारी को सम्मानित किया गया।

## छह सौ कंपनियों ने किया पीएफ में हेरफेर

- कर्मचारियों के खाते में जमा नहीं किए करीब 153 करोड़ रुपये

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा-ग्रेटर नोएडा की 611 कंपनी ने कर्मचारियों के प्रोविडेंट फ ंड (पीएफ) का करीब 153 करोड़ रुपये उनके खाते में जमा नहीं किया है। इनमें तीन माह और इससे अधिक समय से डिफ ॉल्टर हुईं कंपनियां शामिल हैं। कई नोटिस भेजे जाने के बाद भी इन कंपनियों ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। अब इन कंपनियों पर ब्याज समेत जुर्माना लगाने की तैयारी है। इसके अलावा 48 कंपनियां ऐसी हैं, जिन पर पीएफ चोरी के कारण न्यायिक कार्रवाई चल रही है। इनके मालिकों की गिरफ्तारी भी होने की संभावना है।

सेक्टर-24 स्थित कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के अनुसार, पीएफ न जमा करने के कारण 887 कंपनियां डिफॉल्टर घोषित हुई हैं। इनमें से 48 ऐसी हैं, जो न्यायिक कार्रवाई के तहत आ गई हैं। इनको नोटिस भेजे गए थे। इन मामलों में न्यायिक सुनवाई चल रही है। संगठन के अधिकारियों के अनुसार, यह कर्रवाई धारा 7-ए के तहत की जा रही है, जिसमें भविष्य निधि आयुक्त को मामले की सुनवाई के लिए सिविल जज के अधिकार मिल जाते हैं। इसमें कंपनी मालिक को समन भेजने के बाद उपस्थित न होने पर गिरफ्तारी तक की कार्रवाई हो सकती है। कर्मचारियों की शिकायत, मुख्यालय से मिले इनपुट और ऑनलाइन जानकारी मिलने के आधार पर इन 48 कंपनी का ब्योरा जुटाया गया। इनमें तीन माह और इससे पहले से पीएफ न जमा करने वाली कंपनियां शामिल हैं।

हालांकि बकाया पीएफ की रकम में से करीब 140 करोड़ रुपये पर कोर्ट का स्टे है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पीएफ न जमा करने पर राशि का आकलन किया जाता है। यह आकलन पीएफ चोरी की अवधि के अनुसार किया जाता है। कंपनी पर ब्याज समेत दोगुना जुर्माना लगाया जाता है। कंपनी मालिक यदि सुनवाई में उपस्थित नहीं होता तो हर सुनवाई के अनुसार उस पर पांच हजार रुपये जुर्माने का अलग से प्रावधान है। पीएफ चोरी करने वाली कंपनियों में कपड़ा, सिक्योरिटी समेत कई कंपनियां शामिल हैं।

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (द्वितीय) आकाश सोनकर ने कहा कि कर्मचारियों का पीएफ जमा नहीं करने वाली कपंनी पर सख्त कार्रवाई होगी। पीएफ वसूली के अलावा भविष्य निधि जमा नहीं करने पर उनके खिलाफ न्यायिक प्रक्रिया की जा रही है। कंपनी मालिक की गिरफ्तारी भी हो सकती है।

## कार में टक्कर लगने पर डॉक्टर की आंख फोड़ी

गाजियाबाद। मसूरी थानाक्षेत्र में कार में टक्कर लगने का विरोध करने पर ऑटो चालक ने चिकित्सक की आंख फोड़ दी। इसके चलते उन्हें दिखाई देना बंद हो गया।

चिकित्सक के बेहोश होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। होश आने पर चिकित्सक ने थाने में शिकायत दी। पुलिस ने चार लोगों नामजद समेत सात लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## विज्ञापन के अधिकार को लेकर बैकफुट पर आया निगम

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

इंदिरापुरम कॉलोनी में विज्ञापन के ठेके को लेकर जीडीए और निगम के बीच अभी उलझन बनी हुई है। कोर्ट के एक फैसले को लेकर फिर नगर निगम बैकफुट पर आ गया है। जीडीए पहले ही कॉलोनी में चल रहे विज्ञापन के ठेके को निरस्त करने के लिए पत्राचार कर चुका है। नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर इस मामले में जीडीए वीसी से अपनी आपत्ति जता चुके है। इससे पहले यह मामला शासन तक पहुंच गया था। शासन में नगर निगम ने ही पत्र लिखा था। निगम का कहना था कि अधिनियम के तहत नगर निगम को ही शहर में विज्ञापन पट लगाकर इनकम करने का अधिकर है। भले नगर निगम को कॉलोनी हैंडओवर नहीं हुई हो।

## सेक्टर-59 एफओबी 20 दिन में होगा तैयार

- तेजी से चल रहा काम, सीढ़ियां व लिफ्ट लगाने का काम शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-59 ओर सेक्टर-62 ममूरा गांव के बीच बन रहे एफओबी का काम तेजी से चल रहा है। अब यहां पर दोनों तरफ सीढ़ियां और लिफ्ट लगाने का काम शुरू हो गया है। इसमें एस्केलेटर की सुविधा नहीं होगी। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का दावा है कि यह करीब 20 दिन में बनकर तैयार हो जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि यह एफओबी बीओटी के आधार पर बनाया जा रहा है। बीओटी पर बनने पर जो कंपनी इसका निर्माण करा रही है वह खुद ही इसको अपने पैसे से तैयार कराएगी और मरम्मत भी करेगी। इसके बदले वह एफओबी पर लगने वाले विज्ञापन के जरिए आय कर सकती है। अधिकारियों ने बताया कि यह सेक्टर-60 अंडरपास की ओर बन रहा है। यह 45 मीटर लंबा और करीब तीन मीटर चौड़ा होगा। इसको बनाने में करीब चार करोड़ रुपये की लागत आएगी। एफओबी का ऊपरी ढांचा लगभग बनकर तैयार हो चुका है। करीब 20 दिन में बचे काम पूरे कर इसको लोगों के लिए शुरू कर दिया जाएगा।

गौरतलब है कि पूरे शहर में अभी करीब 28 जगह एफओबी बने हुए हैं। जिस जगह यह एफओबी बनाया जा रहा है उससे महज कुछ दूरी पर ही सेक्टर-59 मेट्रो स्टेशन भी है, लेकिन इसके जरिए सड़क पार करने के लिए समय निश्चित था। रात में स्टेशन बंद हो जाने पर सड़क जान हथेली पर रखकर कूदते हुए पार करनी पड़ती है। इसके अलावा लंबा चक्कर भी पड़ता है। यह एफओबी रोड नंबर 6, सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर से सेक्टर-71 के बीच बनाया जा रहा है।

यहां पर एक तरफ सेक्टर-59 औद्योगिक सेक्टर है और दूसरी तरफ ममूरा है, जहां काफी संख्या में लोग रहते हैं। इसके अलावा दोनों तरफ से लोग शहर के अन्य स्थानों की ओर जाने के लिए ऑटो का सहारा लेते हैं। ऐसे में काफी संख्या में लोग सड़क पार करते हैं। लोगों के सड़क पार करने की वजह से यहां हर समय जाम लगा रहता है।

सुबह-शाम कंपनियों की छुट्टी के समय तो काफी दिक्कत बढ़ जाती है। इसके अलावा सड़क हादसे का भी खतरा रहता है। लोग ऊंचे डिवाइडर कूदकर जान को जोखिम में डालकर सड़क पार करते हैं। इसको देखते हुए लोग काफी समय से यहां पर एफओबी बनाने की मांग कर रहे थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दिल्ली-केंद्र के बीच सेवाओं के नियंत्रण पर संविधान पीठ करेगी सुनवाई

## विधायी और कार्यकारी शक्तियों के दायरे से जुड़े मुद्दों पर 7 को सुनवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि पांच सदस्यीय संविधान पीठ राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण को लेकर केंद्र तथा दिल्ली सरकार के बीच विधायी एवं कार्यकारी शक्तियों के दायरे से जुड़े कानूनी मुद्दे पर सात सितंबर को सुनवाई करेगी।

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) उदय उमेश ललित की अगुवाई वाली पीठ ने दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी की उन दलीलों पर गौर किया कि मामले को कुछ तात्कालिकता के कारण एक पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए।

सीजेआई ने कहा कि मैं न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ से चर्चा करूंगा। हम सात सितंबर को न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली एक संविधान पीठ के समक्ष इसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेंगे। केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह मुकदमे की तैयारी के लिए कुछ और दिनों का वक्त मांगेंगे।

इससे पहले, उच्चतम न्यायालय ने 22 अगस्त को कहा था कि उसने राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण को लेकर केंद्र तथा दिल्ली सरकार की विधाई एवं कार्यकारी शक्तियों के दायरे से संबंधित कानूनी मुद्दों पर सुनवाई करने के लिए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अगुवाई में पांच सदस्यीय संविधान पीठ का गठन किया है।

शीर्ष न्यायालय ने छह मई को दिल्ली में सेवाओं के नियंत्रण का मुद्दा पांच-सदस्यीय संविधान पीठ के पास भेजा था। प्रधान न्यायाधीश ने तब कहा था, इस पीठ को भेजा गया मामला केंद्र तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधाई और कार्यकारी शक्तियों से संबंधित है। इस अदालत की संविधान पीठ को संविधान के अनुच्छेद 239एए(3)(ए) की व्याख्या करते हुए राज्य सूची की प्रविष्टि 41 के संबंध में उसके असर की खासतौर से व्याख्या करने की कोई वजह नजर नहीं आई।

उसने कहा था कि अतः हम उपरोक्त सीमित मुद्दे को आधिकारिक फैसले के लिए किसी संविधान पीठ के पास भेजना उचित समझते हैं। संविधान में दिल्ली की स्थिति और शक्ति से संबंधित अनुच्छेद 239एए का उप-खंड 3 (ए) राज्य सूची या समवर्ती सूची में शामिल मामलों पर दिल्ली विधानसभा के कानून बनाने के अधिकार से जुड़ा है।

केंद्र सरकार ने सेवाओं के नियंत्रण और संशोधित जीएनसीटीडी अधिनियम, 2021 की संवैधानिक वैधता और विधाई कामकाज के नियम को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की दो अलग-अलग याचिकाओं को संयुक्त रूप से सुनवाई करने का अनुरोध किया था। जीएनसीटीडी अधिनियम में उपराज्यपाल को कथित तौर पर अधिक शक्तियां प्रदान की गई है।

यह याचिका 14 फरवरी 2019 के उस खंडित फैसले को ध्यान में रखते हुए दायर की गई है, जिसमें न्यायमूर्ति एके सीकरी और न्यायमूर्ति अशोक भूषण (अब दोनों सेवानिवृत्त) की पीठ ने भारत के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश को उनके विभाजित फैसले के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण के मुद्दे पर अंतिम फैसला लेने के लिए तीन-सदस्यीय पीठ के गठन की सिफारिश की थी।

न्यायमूर्ति भूषण ने तब कहा था कि दिल्ली सरकार के पास प्रशासनिक सेवाओं पर कोई अधिकार नहीं हैं। हालांकि, न्यायमूर्ति सीकरी की राय उनसे अलग थी।

# वोटर कार्ड को आधार से कराएं लिंक : सीईओ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- एक अप्रैल, 2023 तक पूरा किया जायेगा पंजीकरण कार्यक्रम



विशेष शिविर में मतदाता पंजीकरण कराते लोग।

मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक करने के लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। आधार को पहचान पत्र से जुड़वाने में किसी तरह का कोई खतरा नहीं है। इसका मकसद चुनाव के दौरान होने वाली फर्जी मतदान को रोकना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. रणबीर सिंह ने बताया कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को अपने आधार नंबर को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने की सुविधा के लिए विशेष शिविर लगाए थे। मतदाता अपना आधार नंबर ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से जमा कर सकता है। प्रत्येक व्यक्ति जिसका नाम मतदाता सूची में शामिल है, अधिनियम की धारा 23 की उप-धारा (5) के अनुसार फॉर्म 6बी में मतदाता पंजीकरण अधिकारी को अपना आधार नंबर साझा कर सकता है।

डॉ. रणबीर सिंह के अनुसार, नए मतदाता जिन्होंने अपने मतदाता पहचान पत्र के लिए नामांकन नहीं किया है, वे अपने आधार कार्ड के साथ नामांकन कर सकते हैं और साथ ही मौजूदा मतदाता जो पहले से ही मतदान सूची में शामिल हैं वे भी अपने मतदाता पहचान पत्र के साथ अपना आधार नंबर स्वेच्छा से जोड़ सकते हैं। यह मुहिम 1 अप्रैल, 2023 तक पूरा किया जाएगा। मतदाता सूची में पंजीकृत 100 फीसदी मतदाताओं से संपर्क करने और फॉर्म 6बी जमा करने में उनकी सहायता करने का प्रयास किया जाएगा।

मौजूदा मतदाताओं के आधार नंबर को जोड़ने का अभियान 1 अगस्त, 2022 से शुरू किया गया है। आधार को ऑनलाइन भरने के लिए फॉर्म 6बी ईसीआई/सीईओ वेबसाइट और इरोनेट, गरुड़, एनवीएसपी, वीएचए आदि पर उपलब्ध होगा। डीईओ/ईआरओ बीएलओ, ईआरओ या अधिकृत किसी अधिकारी के माध्यम से ऑफलाइन जमा करने के लिए मुद्रित फॉर्म 6बी की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।

## 30 दिवसीय सचल पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय स्थापना के शताब्दी वर्ष में आजादी का अमृत वर्ष, महर्षि अरविंद की 150वीं जयंती और शिक्षक दिवस के अवसर पर कुलपति प्रो. योगेश सिंह और राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के निदेशक कर्नल युवराज मलिक ने 30 दिवसीय सचल पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

यह पुस्तक प्रदर्शनी 5 से 30 सितंबर तक नॉर्थ और साउथ कैंपस के विभिन्न कॉलेजों में भ्रमण पर रहेगी। यहाँ विद्यार्थी भारी छूट पर अपनी पसंदीदा पुस्तकें खरीद सकेंगे। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह ने कहा कि किताबें हमारी सबसे महत्वपूर्ण शिक्षक हैं। शिक्षक स्वयं में एक जीवंत किताब हैं या इस बात को यूँ भी कह सकते हैं की किताबें जीवंत शिक्षक हैं। एक किताब मनुष्य का जीवन बदल देती है।

# 27 साल में गायब कर दीं 5000 से ज्यादा कारें

## दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया देश का सबसे बड़ा कार चोर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



पांच हजार से ज्यादा कारें चोरी करने वाले देश के सबसे बड़े चोर को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अनिल चौहान 27 साल से अपराध की दुनिया में है। उसके खिलाफ कार चोरी के अलावा हत्या, आर्म्स एक्ट और तस्करी के 181 मामले पहले से दर्ज हैं। हैरानी की बात ये है कि आरोपी अनिल असम सरकार में क्लास 1 का ठेकेदार भी था।

प्रवर्तन निदेशालय ने उसके घर पर छापा मारा और उसकी सारी संपत्ति को जब्त कर नीलाम कर दिया। इसके बाद, उसने फिर से चोरी करना शुरू कर दिया। पुलिस उपायुक्त श्वेता चौहान ने बताया कि असम के तेजपुर का रहने वाला अनिल चौहान दिल्ली के खानपुर एक्सटेंशन में रह रहा था। वह असम में गैंडे की सींग और हथियारों की तस्करी किया करता था। देशभर में अवैध हथियारों के आपूर्तिकर्ता के आने की जानकारी मध्य दिल्ली में डीबीजी रोड पुलिस थाने के विशेष कर्मचारियों को मिली और आरोपी को 23 अगस्त को गिरफ्तार कर किया गया था। उसके कब्जे से एक कट्टा, दो कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। वहीं, जांच के दौरान उसकी निशानदेही पर पांच और देसी पिस्तौल, पांच कारतूस और एक चोरी की कार भी बरामद की गई। छानबीन में पता चला अनिल ने वर्ष 1998 में वाहनों की चोरी करना शुरू किया था। अब तक उसने 5000 से ज्यादा वाहन चुराए। उसने 90 के दशक में सबसे ज्यादा मारुति 800 कार चुराई हैं।

# एमसीडी के 10 और टोल प्लाजा आरएफआईडी से हो जाएंगे लैस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- न्यू कोंडली, ढांसा बॉर्डर, नोएडा मेजर, लोनी, सीमापुरी, कोंडली, प्रहलादपुर, बजघेड़ा

एमसीडी ने शहर में 10 और टोल प्लाजा पर रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन डिवाइस (आरएफआईडी) से लैस करने के लिए धनराशि की मंजूरी के लिए उच्चतम न्यायालय से अनुमति मांगी है।

ये दस चुंगी नाका में न्यू कोंडली, ढांसा बॉर्डर, नोएडा मेजर, लोनी मेन, कोंडली, न्यू सीमापुरी, प्रहलादपुर और बजघेड़ा शामिल हैं। एमसीडी को तीनों पूर्ववर्ती निगम (पूर्वी, उत्तरी, दक्षिणी) को विलय कर नए एकीकृत नागरिक निकाय के रूप में हाल ही में बनाया गया था। दक्षिण दिल्ली नगर निगम ने अक्टूबर 2018 में कहा था कि नगर निगम ने शहर में 13 सीमा बिंदुओं पर आरएफआईडी प्रणाली से लैस टोल प्लाजा की स्थापना की है।

## अश्लील संदेश भेजने का आरोपी युवक गिरफ्तार

नई दिल्ली। धार्मिक पहचान छिपाने के बाद खुद को सेना का जवान बताकर 12वीं कक्षा की एक छात्रा से दोस्ती करने वाले 21 वर्षीय व्यक्ति को दोस्ती तोड़ने के बाद संबंधित छात्रा को सोशल मीडिया पर अश्लील संदेश पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि आस मोहम्मद ने अपनी पहचान छिपाने के लिए फर्जी नाम का सहारा लिया और सोशल मीडिया पर खुद को आशु राणा बताकर नाबालिग लड़की से दोस्ती कर ली। दोनों यहां जीटीबी नगर में चार-पांच बार मिले, लेकिन युवक की असली पहचान का पता मां को लगने के बाद लड़की ने उससे मित्रता तोड़ दी।

# चांदनी चौक की इमारत में लगी आग

- ऊपरी मंजिल ढही और उससे सटे भवन को भी पहुंचा नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मध्य दिल्ली के सबसे भीड़भाड़ वाले और व्यस्त इलाके चांदनी चौक स्थित तीन मंजिला इमारत में भीषण आग लगने के बाद सोमवार को उसकी ऊपरी मंजिल ढह गई।

अधिकारियों ने बताया कि हादसे में उससे सटी एक इमारत को भी नुकसान पहुंचा है। इस इमारत का इस्तेमाल वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

उन्होंने बताया कि चांदनी चौक मेट्रो स्टेशन के समीप स्थित इमारत में आग पर 11 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रविवार रात को काबू पा लिया गया था जबकि शीतलन अभियान चल रहा है। दमकल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इमारत में घटना के वक्त कोई नहीं था क्योंकि दुकानें और गोदाम बंद थे। अग्निशमन अभियान के दौरान एक दमकलकर्मी को चोटें आई थीं लेकिन अब वह ठीक है। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान के दौरान दमकलकर्मियों को पास की एक इमारत से काम करना पड़ा, क्योंकि आग ने विकराल रूप अख्तियार कर लिया था। इमारत में सभी दरवाजे तथा खिड़कियां बंद थीं और अंदर जाने के लिए कोई जगह नहीं बची थी।

अधिकारी ने बताया कि इमारत में ज्वलनशील सामान रखा था और ज्यादातर गोदामों और दुकानों में कपड़े रखे थे। दिल्ली दमकल सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि रविवार रात करीब 10 बजकर 40 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली।

उन्होंने बताया कि शुरुआत में घटनास्थल पर दमकल की छह गाड़ियां भेजी गईं। बाद में आग के विकराल रूप धारण करने पर 40 गाड़ियां भेजी गईं। घटनास्थल पर 150 से अधिक दमकलकर्मियों को तैनात किया गया।

# तमिलनाडु में खुले दिल्ली की तर्ज पर मॉडल स्कूल

नई दिल्ली। शिक्षक दिवस पर तमिलनाडु में दिल्ली की तर्ज पर खुले 26 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और 15 मॉडल स्कूल। तमिलनाडु सरकार द्वारा इन स्कूलों के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बतौर विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस साल अप्रैल में तमिलनाडु के सीएम एम.के. स्टालिन दिल्ली में सरकारी स्कूल और मोहल्ला क्लीनिक देखने आए थे। उस दौरान उन्होंने ऐलान किया था कि वह भी इसी तरह के स्कूल तमिलनाडु में खोलेंगे। तब सोचा था कि इसे बनाने में उनको 1 से 3 साल लगेंगे। लेकिन स्टालिन ने यह काम महज छह महीने में ही कर दिखाया।

अरविंद केजरीवाल कहा कि देश तभी आगे बढ़ेगा जब एक-दूसरे से सीख कर आगे बढ़ेंगे। शिक्षा भारत को नंबर वन बनाने की कुंजी है। लेकिन कुछ राज्यों को छोड़ दें, तो अधिकांश राज्यों में सरकारी स्कूलों की स्थिति बहुत दयनीय है। अगर सभी राज्य सरकारें और केंद्र सरकार एक साथ आ जाएं, तो पांच साल के अंदर सभी सरकारी स्कूलों में बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध करा सकते हैं।

# वायु प्रदूषण पर 15 तक योजना प्रस्तुत करें विभाग : गोपाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- पर्यावरण मंत्री ने 30 विभागों के साथ की बैठक

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सर्दियों में राजधानी में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए केंद्र के वायु गुणवत्ता आयोग ने जिन कदमों के क्रियान्वयन के लिए कहा है, सरकार उससे कहीं अधिक कार्य करेगी।

राय ने सोमवार को कहा कि विभागों से 15 सितंबर तक दिल्ली में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए एक अंतिम योजना प्रस्तुत करने को कहा गया है। कार्य योजना में पराली प्रबंधन, धूल प्रदूषण, वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन, खुले में कचरा जलाने, औद्योगिक प्रदूषण, ग्रीन वार रूम और हरित दिल्ली मोबाइल एप्लिकेशन, प्रदूषण हॉटस्पॉट, वास्तविक समय के हिसाब से अध्ययन, स्मॉग टॉवर, ई-वेस्ट पार्क, पौधारोपण ईको-फार्मिंग, जनभागीदारी, पटाखों और पड़ोसी राज्यों के साथ कार्रवाई पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को उच्च शिक्षा का रखा लक्ष्य

नई दिल्ली। शिक्षक दिवस के अवसर पर कैलाश हिल्स व ईस्ट ऑफ कैलाश के निवासियों के एक समाजसेवी व स्वयं सहायता समूह ने 06 वर्ष से 14 वर्ष आयु तक के आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर बच्चों की प्रतिभाओं को विकसित किए जाने व उन्हें उच्च शिक्षा के उच्च स्तर तक ले जाने का कार्य शुरू किया है।

इंडियन लॉ इंस्टीटयूट के निदेशक प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार सिन्हा ने कहा कि नागरिकों को उनके कर्तव्यों के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए।

# विद्यालयों के खराब प्रदर्शन पर नगर निगम को नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) ने सोमवार को शहर में भाजपा नियंत्रित नगर निगम को नोटिस जारी कर प्राथमिक स्कूलों के खराब प्रदर्शन के लिए दो सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है।

बच्चों के अधिकार के मामलों में दिल्ली सरकार के वैधानिक निगरानीकर्ता डीसीपीसीआर ने एक जांच नोटिस में नगर निगम के स्कूलों में शिक्षण और सीखने की गुणवत्ता को उजागर करने के लिए कक्षा तीन के लिए राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) रिपोर्ट 2021 का हवाला दिया। प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी दिल्ली नगर निगम के पास है। नोटिस में कहा गया कि एनएएस कक्षा -3 के परिणाम नगर निगम के स्कूलों में शिक्षण और सीखने की निराशाजनक तस्वीर पेश करते हैं। इसमें कहा गया, वास्तव में दिल्ली नगर निगम का कक्षा तीन के नतीजे सभी तीन विषयों- भाषा, गणित और पर्यावरण अध्ययन में राष्ट्रीय औसत से भी कम हैं।

## मेजर बताकर कांस्टेबल से रेप करने वाला धरा

नई दिल्ली। दिल्ली में 28 वर्षीय व्यक्ति ने खुद को भारतीय थल सेना का अधिकारी बताकर शादी करने के बहाने कथित तौर पर अर्धसैनिक बल की कर्मी से बलात्कार किया और उसके संबंधी को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 28 लाख रुपये की ठगी की।

आरोपी दीपक कुमार को पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की कांस्टेबल पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा कि विवाह संबंधी वेबसाइट से वह कुमार के संपर्क में आई।



राजधानी में शिक्षक को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया।

# विभिन्न स्कूलों के 118 शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- शिक्षामंत्री ने त्यागराज स्टेडियम में शिक्षक दिवस पर बांटे प्रमाण पत्र

शिक्षा की अलख जगाने वाले सरकारी और निजी स्कूलों के 118 शिक्षकों व प्रिंसिपलों को राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दिल्ली सरकार ने सोमवार को त्यागराज स्टेडियम में शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया था।

इस समारोह में शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए अतुलनीय कार्यों को देखते हुए उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इन शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा किशिक्षक राष्ट्र निर्माण में सबसे बड़े भागीदार होते हैं। वे अपने काम से हजारों छात्रों की जिंदगियों को प्रभावित करते हैं। शिक्षक बच्चों के लिए रोल मॉडल के रूप में काम करते है। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों को सर्वश्रेष्ठ बनाने का काम तो करते है लेकिन अब दिल्ली के शिक्षक राजधानी के 44 लाख बच्चों में देश को नंबर 1 बनाने का जुनून पैदा करेंगे। मनीष सिसोदिया ने कहा की शिक्षकों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी, समाज को बदलने की जिम्मेदारी होती है जो किसी और व्यवसाय में नहीं है। बच्चों को बेहतर इंसान बनाने के लिए शिक्षक 360 डिग्री काम करते है लेकिन अब शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वो बच्चों में देश को सर्वश्रेष्ठ बनाने का जुनून पैदा करें। इस शिक्षक दिवस पर सभी मिलकर प्रण लेते है कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले और अच्छी शिक्षा का अर्थ यह हो कि देश का हरएक बच्चा यह सपना देखे कि उसे देश को नंबर एक बनाए।

उन्होंने कहा कि केवल अखबारों की सुर्खियां बदलने से देश विकसित नहीं बनेगा, भारत विकसित देश तब बनेगा जब हम देश को उस स्तर तक ले जाए जहाँ टेक्स्टबुक में यह लिख सकें, बच्चों को पढ़ा सकें कि भारत एक विकसित देश है। यही हमारी असल उपलब्धि होगी और यह सपना हमारे शिक्षक पूरा करेंगे।

इस साल दिल्ली सरकार के स्कूलों के 80 शिक्षकों, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के 24 शिक्षकों और एमसीडी स्कूलों के 12 व सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के 2 शिक्षकों को राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने वालों में 23 स्कूल प्रमुख, 10 स्पोर्ट्स टीचर, 3 गेस्ट टीचर भी शामिल है।

ओके प्ले इंडिया लिमिटेड
सीआईएन : एल28219एचआर1988पीएलसी030347
पंजी. कार्यालय : 17-18, रोज-का-मेयो इंडस्ट्रियल एस्टेट, तहसील नूह, जिला मेवात, हरियाणा-122103
वेबसाइट : www.okplay.co.in ई-मेल : info@okplay.in
फोन : +91-124-2362335-36, फैक्स : +91-124-2362326

33वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि ओके प्ले इंडिया लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की 33वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") कम्पनी अधिनियम, 2013 के सभी लागू प्रावधानों एवं तदधीन विरचित नियमों, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015, यथा संशोधित, के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020 दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांकित 05 मई, 2020, 02/2021 दिनांकित 13 जनवरी, 2021 तथा 02/2022 दिनांकित 05 मई, 2022 और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 के अनुपालन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से, बृहस्पतिवार, 29 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 12.30 बजे, एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी।

सूचना और वार्षिक रिपोर्ट का ई-मेल द्वारा प्रेषण :
उपरि-वर्णित सर्कुलर्स के अनुपालन में, एजीएम आयोजन की सूचना कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 102 के प्रावधानों के अनुसरण में व्याख्यात्मक विवरण सहित तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी के उन सदस्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर केवल ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी, जिनकी ई-मेल आईडी कम्पनी/मास सर्विसेज लिमिटेड ("आरटीए") तथा डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स ("डीपी") के पास पंजीबद्ध है। वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियां भेजने की आवश्यकता उपरिवर्णित एमसीए तथा सेबी सर्कुलर्स द्वारा समाप्त कर दी गई है। ... info@okplay.in पर अनुरोध पत्र प्रेषित कर ... वार्षिक रिपोर्ट तथा एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.okplay.co.in पर तथा स्टॉक एक्सचेंज नामतः बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होगी।

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग तथा एजीएम में प्रतिभागिता :
कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 के अनुपालन में सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसायों पर उनका वोट इलेक्ट्रॉनिक डालने का अवसर प्रदान किया जाएगा।
एजीएम की सूचना में क) एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग, एजीएम के दिन ई-वोटिंग तथा वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होने के संबंध में विस्तृत अनुदेश उपलब्ध कराए जाएंगे।

ई-मेल पता पंजीकरण/अद्यतनीकरण की विधि :
भौतिक रूप में शेयरों के धारक कम्पनी के जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता पंजीकृत/अद्यतन नहीं करवाया है, वे भी एजीएम की सूचना में दी गई प्रक्रिया अपना कर एजीएम में भाग ले सकते हैं तथा अपना वोट डाल सकते हैं।
कम्पनी के जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता पंजीकृत/अद्यतन नहीं करवाया है, वे उसके पंजीकरण के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाएं :
1. भौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्य अपनी ई-मेल आईडी विधिवत परिपूरित और हस्ताक्षरित प्रपत्र आईएसआर-1 (कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध) केवाईसी के अद्यतन हेतु (यदि पहले प्रस्तुत नहीं किए हैं), उसमें वर्णित आवश्यक दस्तावेजों सहित, हमारे आरटीए को एमएएस सर्विसेज लिमिटेड, टी-34, द्वितीय तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-II, नई दिल्ली-110020, ई-मेल : info@masserv.com को भेजें।
2. अभौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्य अपनी ई-मेल आईडी के अस्थायी पंजीकरण के लिए डीमैट खाता विवरण (सीडीएसएल - 16 डिजिट लाभार्थी आईडी) अथवा एनएसडीएल 16 डिजिट (डीपीआईडी + सीएलआईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर अथवा समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन कार्ड (स्व-सत्यापित), आधार कार्ड (स्व-सत्यापित) ई-मेल द्वारा कम्पनी (info@okplay.in)/आरटीए (info@masserv.com) को उपलब्ध कराएं। यह स्पष्ट किया जाता है कि ई-मेल पता के स्थायी पंजीकरण के लिए, सदस्यों से उनके संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट के साथ सम्पर्क करने का अनुरोध किया जाता है।
उपरोक्त सूचना एमसीए तथा सेबी के लागू सर्कुलर्स के अनुसरण में कम्पनी के सभी सदस्यों की जानकारी और उनके हितार्थ जारी की जा रही है।

वास्ते ओके प्ले इंडिया लिमिटेड
हस्ता./-
मीनू गोस्वामी
कम्पनी सेक्रेटरी
दिनांक : 05-09-2022
स्थान : नई दिल्ली

सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड
सीआईएन : एल74899डीएल1994पीएलसी061995
पंजीकृत कार्यालय : एनएस-92, खसरा सं. 33/21, राणाजी एन्क्लेव, नजफगढ़, निकट अर्जुन पार्क बस स्टैंड, नई दिल्ली-110043;
ई-मेल आईडी : superiorfinlease@gmail.com;
वेबसाइट : http://www.superiorfinlease.com फोन सं. : 91-9953798335

सूचना
(सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड के शेयरधारकों के ध्यानार्थ)

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड के सदस्यों की वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) बृहस्पतिवार, 29 सितम्बर, 2022 को अप. 03.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक मोड में उन सभी सदस्यों को प्रेषित की जा चुकी है, जिनकी ई-मेल आईडी'ज कम्पनी/आरटीए/डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत हैं।

एतद्द्वारा यह भी सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 91, कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 के विनियम 42 के अनुसरण में कम्पनी की अंश हस्तांतरण बहियां और सदस्यों की पंजिका कम्पनी की वार्षिक सामान्य बैठक के उद्देश्य हेतु बुधवार 21 सितंबर 2022 से बृहस्पतिवार, 29 सितंबर 2022 (दोनों दिन सम्मिलित) तक बंद रहेगी।

यदि आपने अपना ई-मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी(प्रतिभागियों) के पास पंजीकृत नहीं करवाया है, तो वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट एवं ई-वोटिंग हेतु लॉगइन विवरण प्राप्त करने के लिए कृपया अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत करवाने के लिए निम्न अनुदेशों का अनुसरण करें :
1. यदि शेयर भौतिक रूप में धारित हैं, तो कृपया ई-मेल द्वारा superiorfinlease@gmail.com पर फोलियो नं., शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र (आगे एवं पीछे) की स्कैंड प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैंड प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैंड प्रति) उपलब्ध कराएं।
2. यदि शेयर डीमैट रूप में धारित हैं, तो कृपया ई-मेल द्वारा superiorfinlease@gmail.com पर डीपीआईडी-सीएलआईडी (16 अंकीय डीपीआईडी सीएलआईडी अथवा 16 अंकीय लाभार्थी आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर अथवा समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैंड प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैंड प्रति) उपलब्ध कराएं।

वैकल्पिक रूप में, सदस्यगण बिंदु (1) अथवा (2), जैसी भी स्थिति है, में वर्णित विवरण उपलब्ध करवा कर यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करने के लिए evoting@nsdl.co.in पर एक ई-मेल अनुरोध प्रेषित कर सकते हैं।

एतद्द्वारा कम्पनी (प्रबन्धन तथा प्रशासन) नियमावली 2014 (यथा संशोधित) के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 (यथा संशोधित) के विनियम 44 और एमसीए सर्कुलर्स के अनुपालन में सूचना दी जाती है कि कम्पनी एजीएम में निष्पादित किए जाने वाले व्यवसाय के संबंध में अपने सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करवा रही है। कम्पनी ने ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की सेवाएं अनुबंधित की हैं।

रिमोट ई-वोटिंग की अवधि सोमवार, 26 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 9.00 बजे आरंभ होगी तथा समापन बुधवार, 28 सितम्बर, 2022 को अप. 5.00 बजे होगा। इस अवधि के दौरान कट-ऑफ तिथि अर्थात मंगलवार, 20 सितम्बर, 2022 को भौतिक या इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयरों के धारक कम्पनी के सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप में अपना मतदान कर सकते हैं। तत्पश्चात् एनएसडीएल द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा। यदि सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार मतदान कर दिया जाता है तो उन्हें बाद में इसे बदलने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

कोई व्यक्ति जो कि सूचना के प्रेषणोपरान्त कम्पनी का सदस्य बनता है और कम्पनी के अंशों का उपार्जन करता है तथा कट-ऑफ तिथि अर्थात मंगलवार, 20 सितम्बर, 2022 के अनुसार अंशों का धारक है, वह evoting@nsdl.co.in पर अथवा admin@skylinerta.com अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। एजीएम की सूचना के साथ प्रेषित पत्र में रिमोट ई-वोटिंग हेतु विस्तृत प्रक्रिया दी गई है।

एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट http://www.superiorfinlease.com// पर और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट http://www.bseindia.com/ पर और मेट्रापोलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट http://www.msei.in/ पर भी उपलब्ध होगी, जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं।

शेयरधारकगण, जो अपने विचार व्यक्त करना चाहते हैं/प्रश्न पूछना चाहते हैं, वे अपने प्रश्न अग्रिम में अपना नाम डीमैट खाता नंबर/फोलियो नंबर, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर superiorfinlease@gmail.com पर अधिकतम बुधवार, 28 सितम्बर, 2022 तक भेज सकते हैं। कम्पनी द्वारा उसका समुचित उत्तर दिया जाएगा। जो शेयरधारक अपना पंजीकरण वक्ता के रूप में करवा चुके होंगे, केवल उन्हीं को अपने विचार व्यक्त करने/प्रश्न पूछने की अनुमति होगी। कम्पनी का एजीएम के लिए समय की उपलब्धता के आधार पर वक्ताओं की संख्या सीमित करने का अधिकार सुरक्षित है।

किसी पूछताछ के मामले में आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध अंशधारकों हेतु ई-वोटिंग यूजर मैनुअल तथा अंशधारकों हेतु फ्रिक्वेंटली आस्क्ड क्वेशचन्स (एफएक्यू) का संदर्भ ग्रहण कर सकते हैं अथवा टोल फ्री नं. 1800-222-990 पर कॉल कर सकते हैं अथवा evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं।

जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता अभी तक पंजीकृत नहीं करवाया है, उनसे "हरित पहल" के समर्थन में अनुरोध है कि वे कम्पनी से वार्षिक रिपोर्ट, सूचनाएं तथा सर्कुलर्स इत्यादि सहित सभी सूचनाएं इलेक्ट्रॉनिक विधि से प्राप्त करने के लिए अपना ई-मेल पता पंजीकृत करवा लें।

कृते सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड
हस्ता./-
दिशा रानी
(कम्पनी सचिव)
दिनांक : 05-09-2022
स्थान : नई दिल्ली

# धनखड़ की संगठनात्मक संरचना के मुरीद हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## धनखड़ द्वारा दो वर्षों में कराये गए कार्यों की की तारीफ

## संगठन विस्तार को लेकर नड्डा ने दिए महत्वपूर्ण टिप्स

**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का हरियाणा प्रवास मनोहर सरकार और संगठन के लिए काफी महत्वपूर्ण रहा। दो दिन के प्रवास में नड्डा ने जहां सरकार के काम-काज का अवलोकन कर सार्वजनिक मंच से उसे सफल बताया, वहीं संगठनात्मक रचना को देख वे प्रदेश अध्यक्ष की कार्यशैली से प्रभावित भी हुए।

अंबाला के बलाना मंडल की बैठक हो या फिर पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक संगठन के कार्यों और प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में प्रदेश में चलाए गए दर्जनों अभियानों का विश्लेषण करने के बाद श्री नड्डा संगठनात्मक रचना के मुरीद हो गए। श्री नड्डा ने धनखड़ के कार्यकौशल की छवि कार्यकर्ताओं में दिखाई दी। कोरोना काल के दौरान धनखड़ की अध्यक्षता में चलाए गए अभियान सेवा और समर्पण, तिरंगा यात्रा, घर-घर तिरंगा अभियान व दर्जनों कार्यों की सफलता से गद्गद श्रीनड्डा ने सार्वजनिक रूप से धनखड़ की कार्य पद्धति की खुले दिन से सराहना की। हालांकि श्री नड्डा ने संगठन विस्तार और भारतीय जनता पार्टी की साख प्रदेश में ज्यादा बढ़ें इसके लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए जिस पर प्रदेश भाजपा और संगठन ने खतरा उतरने का विश्वास राष्ट्रीय अध्यक्ष को दिया।

भाजपा मीडिया प्रदेश प्रमुख संजय शर्मा बताते हैं कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी काफी अच्छा



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

काम कर रही है इसकी सराहना खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सार्वजनिक मंच से कर चुके हैं। 2014 के बाद 2019 में सरकार बनना भाजपा की नीतियों का ही करिश्मा है। उन्होंने बताया कि ओमप्रकाश धनखड़ ने प्रदेश के अध्यक्ष का पदभार संभालने के तुरंत बाद कार्यशालाओं और मैराथन बैठकों के जरिए जहां कार्यकर्ताओं में जनसेवा का जोश भरा, वहीं संगठन विस्तार के व्यूह की रचना की। यही कारण रहा कि जेपी नड्डा को हरियाणा प्रवास के दौरान ओमप्रकाश धनखड़ के व्यूह और कार्यकर्ताओं का जोश काफी पसंद आया। धनखड़ के कुशल कार्य कौशल का परिचय यही है कि उनके नेतृत्व में 307 मंडलों की कार्यकारिणी की बैठक एक दिन में संपन्न हो पाई, जिसमें 22053 पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। खुद धनखड़ भी सुबाना मंडल की कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थित रहे। 25 अक्तूबर 2021 को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए 16 हजार 600 बूथों पर संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। 26 अक्टूबर 2021 को भाजपा ने सभी जिलों में वीर बाल दिवस मनाया और शहीद साहिबजादे जोरावर सिंह और साहिबजादे फतेह सिंह को याद किया।

# शिक्षकों को गुरु दक्षिणा के रूप में दें स्वच्छ पर्यावरण



यूथ क्लब के कार्यक्रम में पहुंचे नवीन गोयल को स्मृति चिन्ह देते आयोजक।

**गुरुग्राम।** शिक्षक दिवस के अवसर पर सोमवार को यूथ क्लब गुरुग्राम की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें गरीब और मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। समारोह में पर्यावरण संरक्षण विभाग प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। कार्यक्रम में करीब 100 गरीब व मेधावी छात्रों को शिक्षा सामग्री भेंट की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि नवीन गोयल ने स्वयं और वरिष्ठ नागरिकों के हाथों बच्चों को यह सामग्री दिलवाई। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि शिक्षा लेकर विद्यार्थी आगे बढ़ते हैं। कोई इंजीनियर बनता है तो कोई डॉक्टर, कोई बिजनेसमैन तो कोई अधिकारी बनकर सेवाएं देता है। कितने भी ऊंचे ओहदे पर चले जाएं, लेकिन विद्यार्थियों को अपने उन गुरुओं, शिक्षकों को कभी नहीं भूलना चाहिए जिन्होंने उन्हें अच्छी शिक्षा देकर इस लायक बनाया है।

श्री गोयल ने कहा कि आज के समय में हम अपने गुरुओं को गुरू दक्षिणा के रूप में स्वच्छ पर्यावरण दें। यह बहुत जरूरी है। हम सब जानते हैं कि हमारा पर्यावरण कितना खराब हो चुका है। लगातार इसमें सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं। सभी के सांझा प्रयासों से हम बिगड़े पर्यावरण को सुधार सकते हैं। इसके लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने दो बदमाशों को हथियार समेत दबोचा

**सोहना।** अपराध शाखा सोहना पांच पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर दो बदमाशों को दबोचा। दोनों बदमाशों के पास से एक-एक अवैध हथियार बरामद किए हैं। जिनके खिलाफ शहर और सदर थाना में मुकदमे दर्ज किए गए है। अपराध शाखा सोहना पांच में तैनात एएसआई सोमबीर ने रविवार की रात गांव कुलियाका के बस स्टैंड पर स्थानीय गांव के ही निवासी सकील को गिरफ्तार किया। सकील बिना कारतूस वाले देशी कट्टा को लेकर खड़ा था। इस हथियार को किसी अन्य साथी को देने के इरादे से खड़ा था। एएसआई ने सकील को अवैध हथियार समेत गिरफ्तार करते हुए सदर थाने में उसके खिलाफ मामला दर्ज करा दिया है। अपराध शाखा में ही तैनात एएसआई दोनचंद ने शहर के इंडरी मोड़ पर गांव रामपुरा आटा थाना रोजका मेव जिला नूंह को हथियार सहित पकड़ लिया। चेक करने पर हथियार खाली निकला। गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ शहर थाना सोहना में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### विवि विवाद में बजरंग-विहिप के पदाधिकारी करेंगे मुलाकात

**सोहना।** जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी में नमाज पढ़ने पर उपजे विवाद को लेकर विश्व हिन्दू संगठन और बजरंग दल के कार्यकर्ता मंगलवार को जय श्रीराम के नारे लगाने वाले छात्रों से मुलाकात करेंगे। जिससे विवाद के तहत तक जाने पर उसका समाधान हो सके। मालूम रहे कि 30 अगस्त को जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी में विश्व हिन्दू संगठन से जुड़े विद्यार्थियों ने जय श्रीराम के नारे लगाते हुए नमाज पढ़ने का कड़ा विरोध जताया गया था। जिसका सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने जाने से यूनिवर्सिटी के बीच में उपजे विवाद का खुलासा हो गया। विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार पर मुस्लिम समुदाय के छात्रों को नमाज पढ़ने के लिए विशेष रूप से कमरा उपलब्ध कराने का आरोप लगाया था। विवाद तूल न पकड़े और मामला शांत करने के उद्देश्य से एक सितम्बर को बजरंग दल और विश्व हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने यूनिवर्सिटी का दौरा किया। जिन्होंने ने यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार धीरेन्द्र सिंह से मामले को लेकर मुलाकात की थी। बजरंग दल के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रवीण ने बताया कि खेल खेलने के दौरान 3-4 विदेशी छात्रों ने मैदान में ही नमाज पढ़ी थी। जिसको लेकर हिन्दू समुदाय के छात्रों ने मुस्लिम समुदाय के विद्यार्थियों से अनुमति लेने की बात पूछी थी तो उनका जबाव हा में दिया गया था। जोकि मुस्लिम समुदाय के छात्रों ने खेल खेलने की अनुमति पूछे जाने को लेकर हां कर दी थी। जिनके मंगलवार को आने की उम्मीद है। जिनसे मिलने और विवाद को लेकर बात की जाएगी। ताकि विवाद के असल कारणों का खुलासा हो सके या विवाद को यूनिवर्सिटी के अधिकारी हवा तो नहीं दे रहे है।

### पुलिस ने सट्टेबाजी में तीन पकडें, 6300 रुपये बरामद किए

**सोहना।** शहर के अदर स्थानीय पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों पर छापा मारते हुए तीन सट्टाखाई करने वालों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से कुल 6300 रुपये बरामद किए है। शहर थाना पुलिस ने सट्टाखाई करने वालों के खिलाफ धड़पकड़ का अभियान चलाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें शहर के अस्पताल मार्ग पर दुकान में बैठकर सट्टा का नंबर लिखते हुए गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान विनोद निवासी कोहलीवाड़ा के रूप में हुई है। जिसके पास से 710 रुपये बरामद किए। दूसरे आरोपी को शहर की चुंगी दो पर खेमचंद निवासी वार्ड 6 हरीनगर को पकड़ा। जिसके पास से 3150 रुपये तलाशी के दौरान मिले। तीसरे आरोपी हरीओम को पकड़ा। जिसके पास से 2440 रुपये बरामद किए।

### गुरुग्राम विवि में शिक्षक दिवस पर हुए खेल, सेमीनार



गुरुग्राम विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर खेल स्पर्धा में भाग लेती शिक्षिकाएं।

**गुरुग्राम।** गुरू-शिष्य परंपरा और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुग्राम विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष में पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत सोमवार को पहले दिन छात्रों के लिए अनेक मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक एवं गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने स्वयं छात्रों के साथ वृक्षारोपण करके एवं रस्साकशी और लेमन रेस जैसी गतिविधियों में भाग लेकर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रखर प्रज्ञा सर्विसेज के फाउंडर एंड चीफएग्जीक्यूटिव संजय कुमार सिन्हा और संरक्षक, जीयू के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। पांच दिवसीय सेमिनार के पहले दिन मानवीय मूल्यों को विकसित करने में शिक्षकों की भूमिका विषय पर मुख्य वक्ता संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि शिक्षक समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं। गुरू के जरिए ही हम सच्चा ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए गुरुजनों के प्रति सदैव सम्मान प्रकट करना चाहिए। उनके बताए मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा वह माध्यम है, जिसके जरिए एक शिक्षक, छात्रों के विचारों को आकार देकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने इस दौरान देश के प्रथम उपराष्ट्रपति, महान शिक्षाविद्, भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन द्वारा किए गए कार्यों का भी विस्तार से वर्णन किया। कुलपति एवं कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक प्रो. दिनेश कुमार ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्रों में मानवीय मूल्यों को विकसित करने में शिक्षकों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है।

# सुखबीर खटाना का एक हत्यारोपी हुआ गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** यहां गुरुद्वारा रोड पर एक कपड़े के शोरूम में सोहना मार्केट कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष सुखबीर खटाना हत्याकांड में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसने पुलिस पूछताछ में अपना अपराध कबूल करते हुए कहा है कि सुखबीर खटाना के साले के कहने पर इस हत्याकांड को अंजाम दिया था।

संयुक्त आयुक्त अपराध प्रीतपाल ने सोमवार को पत्रकारों से बताया कि बाकी के आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सुखबीर खटाना को गोली मारने की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को पुलिस



पुलिस की गिरफ्त में सोहना मार्केट कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष का हत्यारा योगेश।

ने काबू किया है। उसकी पहचान योगेश उर्फ सिल्लू (22 वर्ष) राजस्थान के रूप में हुई। सुखबीर खटाना के बेटे अनुराग की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। बेटे ने बताया कि उसके पिता राजनीतिक व्यक्ति थे। हल्का सोहना से राजनीति में सक्रिय थे।

# मां का दिल नाटिका ने दर्शकों का दिल जीता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**राष्ट्र** संत मुनि श्री 108 विहर्ष सागर जी महाराज के पर्यूषण दसलक्षण पर्व के उपलक्ष में मुनिश्री 108 विजयेश सागरजी महाराज, मुनिश्री 108 विनिबोध सागरजी महाराज और ऐलक 105 विनियोग सागरजी महाराज की मौजूदगी में उनका आशीर्वाद लेकर जैन महिलाओं ने मां का दिल नाटिका प्रस्तुत किया। इस नाटक ने जैन बारादरी में मौजूद सेंकड़ों जैन महिलाओं, पुरुषों को भाव-विभोर कर दिया। यह सिर्फ एक नाटक नहीं था, बल्कि समाज को एक संदेश था।

वामा महिला मंडल की ओर से प्रस्तुति इस नाटिका में मंडल की अध्यक्ष नीरा जैन, सूत्रधार श्रेयांश जैन



गुरुग्राम स्थित जैन बारादरी में मां का दिल नाटिका पेश करती महिलाएं।

रहे। उनके साथ इंदु जैन, मीनू जैन, सीमा जैन, वर्तिका जैन, विनीता जैन, बिंदु जैन, अंजलि जैन, तन्वी जैन, रुचि जैन, कनिका जैन और रौनक जैन ने भूमिका निभाई। नाटिका में दिखाई गया कि एक मां कपड़े सिलकर, मेहनत-मजदूरी करके अपने बेटे का पालन करती है। उसे हर सुख-सुविधा देती है। वह लड़का एक लड़की के प्रेम में पड़ जाता है। उसके प्रेम का इम्तिहान लेने के लिए वह लड़की उस लड़के से उसकी मां का दिल मांगती है। उसके प्रेम में पागल लड़का घर जाकर अपनी मां की हत्या करके उसका दिल निकाल लेता है। जैसे ही वह मां का दिल लेकर उस लड़की के पास जाता है तो लड़की के भी होश उड़ जाते हैं। लड़के के कुकृत्य पर लड़की कहती है कि वह उससे शादी नहीं कर सकती।

कहती है कि जो अपनी मां का नहीं हुआ, वह मेरा क्या होगा। लड़की के इस जवाब से लड़का बहुत पछताता है और अपनी मरी हुई मां के पास जाकर पश्चाताप करता है। नाटक की यह कहानी जितनी मार्मिक है, उससे कहीं अधिक मार्मिकता के साथ वामा महिला मंडल की महिलाओं ने नाटिका प्रस्तुत की। मंचासीन महाराजश्री ने भी इस भावुकता भरे नाटक पर महिलाओं को आशीर्वाद दिया और समाज को संदेश दिया।

# सोहना नगर परिषद के पार्षद करेंगे निगरानी : एसडीएम

## कहा, बिजली निगम अधिकारी उपभोक्ताओं की समस्याओं को समय पर निपटाएं

**सोहना।** नगर परिषद सीमा क्षेत्र में होने वाले सरकारी दुकान राशन वितरण की निगरानी पार्षद करेंगे। अधिकारीगण लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका समय पर निदान करें। बिजली निगम अधिकारी उपभोक्ताओं की समस्याओं को समय पर निपटाएं। सोमवार को नगर परिषद सभागार में प्रस्तावित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम जितेंद्र गर्ग ने की। करीब दो घंटा तक चली बैठक में पार्षदों ने काफी संख्या में समस्याएं रखीं। जिनमें बिजली, दूषित पानी, सीवर, राशन वितरण, आवारा सुअर, सफाई, पुरानी बिजली तार, स्ट्रीट लाइट आदि शामिल हैं।

बैठक में वार्ड संख्या-8 से लेकर वार्ड संख्या 14 तक के पार्षद गण मौजूद रहे। एसडीएम ने वार्ड अनुसार सभी पार्षदों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर अधिकारियों से जवाब तलब किया तथा समस्याओं को हल करने के लिए अधिकारियों को समय पर समाधान किए जाने के आदेश दिए गए। वार्ड नंबर 9 के पार्षद मुकेश कुमार मोगली ने बताया कि उनके वार्ड में सीवर चौक पड़े हैं। स्ट्रीट लाइट रात्रि के समय हमेशा बंद रहती है। सीवर के ढक्कन आज तक भी लगे नहीं है। इसी प्रकार वार्ड 10 की पार्षद ललिता ने बताया कि वार्ड में काफी सड़कें कच्ची हैं। जिन



पर गुजारना मुश्किल है। वार्ड 11 के पार्षद साहिल बताते हैं कि वार्ड में बिजली के तार काफी पुराने हो चुके हैं। जो जमीन स्तर को छू रहे हैं। सीवरों की सफाई नहीं हो रही है। वार्ड वासी गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। वार्ड 14 के पार्षद नीरज सिंगला ने वार्ड में राशन वितरण प्रणाली पर सवाल उठाए।

उन्होंने बताया कि अनाज मंडी में शौचालय काफी दिनों से बंद है। नाले की सफाई आज तक भी नहीं हुई है। वहीं वार्ड 13 की पार्षद आशा ने बताया कि उनके वार्ड में आवारा सुअरों का बोलबाला है। इसके अलावा शराब का ठेका स्थापित है। जिससे बच्चों पर कुप्रभाव पड़ रहा है। एसडीएम ने सभी वार्ड पार्षदों की समस्याएं सुनने के पश्चात अधिकारियों को जवाब तलब किया तथा उनको निर्धारित समय पर समस्याओं को हल करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को बैठक में हाजिर होने के सख्त निर्देश भी जारी कर दिए हैं। बिजली विभाग एसडीओ के खिलाफ धारा 133 के तहत नोटिस जारी करने के निर्देश दे दिए हैं।

# पर्ल प्रिसिजन ने खुद को स्पर्श पर्ल के रूप में रीब्रांड किया

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**पर्ल** प्रिसिजन ने बाजार में अपनी पकड़ को और मजबूत बनाने और बड़े स्तर पर बाज़ार की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से खुद को स्पर्श पर्ल के रूप में रीब्रांड किया है। भिवानी में अपने व्यापक विस्तार की घोषणा करते हुए कंपनी शहर के सबसे बड़े डिस्ट्रीब्यूटर, गोयल सेनेटरी स्टोर के साथ काम कर रही है। भिवानी, 5th सितंबर 2022 सेनेटरी वेयर और बाथरूम एक्सेसरीज सेगमेंट में खुद को मार्केट लीडर के तौर पर और भी मजबूती से स्थापित करने के लिए पर्ल प्रिसिजन ने बड़े पैमाने पर रीब्रांडिंग शुरू की है। कंपनी ने एक नया कैंपेन शुरु किया है और इसे नाम दिया है- पर्ल प्रिसिजन प्रोडक्ट्स अब बन गया है स्पर्श पर्ल : स्पर्श से आए..पर्ल का एहसास!

कंपनी ने इस कैंपेन के जरिए स्पर्श पर्ल के रूप में खुद को बाजार की अग्रणी कंपनी के तौर पर सफलतापूर्वक स्थापित किया है। कंपनी भिवानी शहर के सबसे बड़े डिस्ट्रीब्यूटर गोयल सेनेटरी स्टोर के साथ आक्रामक तौर पर काम कर रही है। रीब्रांडिंग के जरिए कंपनी की कोशिश स्पर्श पर्ल के हाई क्वालिटी वाले बाथरुम एक्सेसरीज और टैप कलेक्शन प्रोडक्ट्स के साथ देश भर में अपना विस्तार करना है। इस कैंपेन के जरिए कंपनी अपने विजन और कोर वैल्यू सिस्टम के साथ अपने ब्रांड की पहचान कायम करते हुए देश के सभी मार्केट में अपने हाई क्वालिटी उत्पाद पहुंचाना चाहती है। पर्ल प्रिसिजन एक पॉपुलर ब्रांड है, जो सिस्टर्न्स, सीट कवर्स, किचन सिंक्स, कैबिनेट्स, पीटीएमटी बाथ फिटिंग्स, बाथरुम एक्सेसरीज़ और सेनेटरी वेयर प्रोडक्ट्स बनाती है।

पर्ल प्रिसिजन के अध्यक्ष और मैनेजिंग डायरेक्टर नरेश कुमार गर्ग ने कहा,पर्ल प्रिसिजन को स्पर्श पर्ल के रूप में रीब्रांड किया गया है और इसका मकसद बाजार में ब्रांड को और भी वाइब्रेंट लुक देते हुए और भी प्रभावपूर्ण तरह से ब्रांड और उसके प्रोडक्ट्स को ग्राहकों के बीच ले जाना है। रीब्रांडिंग के जरिए हम सेनेटरी वेयर और बाथरूम एक्सेसरीज सेगमेंट में अपनी बादशाहत कायम करने और उच्च ब्रांड रिकॉल बनाने के उद्देश्य को पूरा कर रहे हैं। हमारे रीब्रांडिंग कैंपेन की टैगलाइन है स्पर्श पर्ल: स्पर्श से आए..पर्ल का एहसास!

हमारी ब्रांड के संदेश को और भी प्रभावी तरीके से प्रसारित करता है। पर्ल प्रिसिजन पहले ही टियर-फर्स्ट व सेकेंड शहरों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करवा चुकी है। रीब्रांडिंग के बाद स्पर्श पर्ल के ज़रिए कंपनी की कोशिश नए और उभरते हुए बाजारों में और भी मजबूती के साथ अपना विस्तार करना है। साथ ही कंपनी ने अपने एक नए लोगो का भी अनावरण किया है जो बेहद आधुनिक और आकर्षक है। इतना ही नहीं कंपनी बाज़ार में एक नई टैगलाइन स्पर्श पर्ल: स्पर्श से आए..पर्ल का एहसास! के साथ उतरी है जो इसके अत्याधुनिक इम्युनिटी सेनेटरी वेयर और बाथरूम एक्सेसरीज की बेजोड़ रेंज का प्रतिनिधित्व करता है।

# दिल्ली स्थित खेल परिसर में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने के लिए लॉरियस स्पोर्ट फॉर गुड सिटी सैकड़ों बच्चे के साथ शामिल हुआ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**स्पोर्ट** फॉर गुड सिटीज, एक समुदाय आधारित कार्यक्रम है। लॉरियस स्पोर्ट फॉर गुड, स्लम सॉकर, रिचमोंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सेक्विन और अन्य हितधारकों के नेतृत्व में एक समुदाय आधारित कार्यक्रम ने राष्ट्रमंडल खेलों में सीमापुरी, नई दिल्ली के वंचित बच्चों के साथ राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। भारत के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी रेंडी सिंह के साथ। यहां, बच्चों को अपने कोचों के साथ विभिन्न खेलों में भाग लेते हुए देखा गया कि कैसे खेल की शक्ति ने उनके समुदायों को बदलना शुरू कर दिया है।

2019 से, स्पोर्ट फॉर गुड सिटीज ने शहरों में वंचित समुदायों को वित्तीय सहायता प्रदान करके नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न नॉन प्रॉफिट, सरकारी और खेल निकायों में जमीनी स्तर पर गठबंधन बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने जमीनी स्तर पर समुदाय और युवा नेताओं से चर्चा करके और साथ लेकर इसका आरम्भ किया ताकि आर्थिक सहायता तक पहुंच रखने वाले लोगों को समुदाय से जोड़ा जा





सके, ताकि समुदाय की ज़रूरतों को बेहतर ढंग से समझ सके

मॉडल सिटी दिल्ली नीचे के दृष्टिकोण का उपयोग करती है और सभी हितधारकों के लिए समुदाय के बेहतर भविष्य के लिए आगे बढ़ने के लिए एक समावेशी वातावरण बनाती है, बच्चों और युवाओं को न केवल खेलने के लिए प्रोत्साहित करती है बल्कि खेल का उपयोग करके सामाजिक बाधाओं को तोड़कर समान अवसरों को बढ़ावा देती है। उपकरण और सभी बाधाओं की परवाह किए बिना परिवर्तन का प्रतिनिधि बनना। पिछले साल शुरू हुए कार्यक्रम ने अब तक 2077 से अधिक बच्चों और युवाओं को प्रभावित किया है जिसमे 90 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं, लाइसेंस प्राप्त और पेशेवर कोचों द्वारा 1100 से अधिक सामुदायिक खेल सत्र दिए हैं, 100 से अधिक युवाओं को अपस्किल किया गया है और समुदाय के भीतर रखा गया है। इसने जिजुत्सु में 25 लड़कियों को समुदाय में सुरक्षा दस्ते के रूप में प्रशिक्षण देने के साथ-साथ नेतृत्व कौशल पर 30 युवाओं को भी प्रशिक्षित किया है। उन्होंने घरेलू हिंसा, शिक्षा का अधिकार, बाल अधिकार, स्वच्छता, डिजिटल साक्षरता जैसे विभिन्न विषयों पर समुदाय में जागरूकता कार्यक्रम भी शुरू किए और मादक द्रव्यों के सेवन, स्वच्छता, महिलाओं के खिलाफ हिंसा, लैंगिक समानता आदि जैसे संवेदनशील मुद्दों पर जागरूकता रैलियों का आयोजन किया।

# संपत्ति कर देने में सरकारी और गैर सरकारी संस्थान फिसड्डी

**सोहना।** नगर परिषद को सरकारी विभाग समेत निजी शिक्षण संस्थान और सोसायटियां संपत्ति कर जमा कराने में रूचि नहीं ले रहे है। मात्र तीन संस्थानों ने 6 लाख रुपये का संपत्ति कर जमा कराया है। नगर परिषद द्वारा करीब एक माह पहले सरकारी विभागए निजी शिक्षण संस्थान और सोसायटियों को 55 लाख रुपये के संपत्ति कर के नोटिस वितरण किए थे। जिन्हें नोटिस के साथ-साथ संपत्ति कर को जल्द से जल्द जमा करने के निर्देश भी दिए थे, लेकिन अभी तक तीन सरकारी विभाग समेत चार संस्थानों द्वारा ही संपत्ति कर जमा कराया है।

जिसमें बिजली निगम का एसडीओ और एक्सईएन कार्यालय, केआर मंगलम यूनिवर्सिटी और बीएण्डआर विभाग द्वारा ही अपना-अपना संपत्ति कर जमा कराया है। जिसमें 3 लाख 23 हजार रुपये, एसडीओ बिजली निगम कार्यालय द्वारा 2 लाख 22 हजार रुपये और बिजली एक्सइएन कार्यालय द्वारा 50 हजार रुपये का संपत्ति कर जमा कराया है।

> **नोटिस** मिलने के बाद भी संपत्ति कर न जमा कराने वाले संस्थानों को दोबारा से रिमांड नोटिस दिए जाएंगे।
>
> **अतर सिंह**
> **कार्यकारी अधिकारी नप**



## एक माह पहले 55 लाख के नोटिस

**नगर** परिषद ने दस सरकारी विभाग समेत निजी शिक्षण संस्थान और सोसायटियों को मिलाकर 30 संपत्ति कर नोटिस दिए थे। जिनसे करीब 55 लाख रुपये का आयोजन परिषद को होनी है, लेकिन संपत्ति कर को जमा कराने में सरकारी और गैर सरकारी संस्था आगे नहीं आ रहे हैं। जब परिषद द्वारा 5 और निजी संस्थानों को लाखों रुपये का संपत्ति कर जमा कराने के नोटिस देने की कवायद शुरू दी है।

# स्वस्थ भारत के लिए एमवे की पहल, पावर ऑफ 5 प्रोग्राम को एक रचनात्मक मोड़

## भारत को स्वस्थ बनाने पर ध्यान देने के साथ समग्र पोषण और स्वच्छता के महत्व को दर्शाते हुए BaLA अवधारणा के साथ राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**राष्ट्रीय** पोषण सप्ताह के उपलक्ष्य में, एमवे इंडिया जोकि एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग सेगमेंट में देश की अग्रणी स्वास्थ्य और कल्याण कंपनियों में से एक है, ने बच्चों सहित समुदायों को बचपन में कुपोषण के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए एक रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाया। युवा मन को प्रज्वलित करते हुए, एमवे इंडिया ने नूंह, हरियाणा में बच्चों के लिए सीखने को सुगम बनाने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों/स्कूलों की दीवारों पर BaL



बिल्डिंग एज़ लर्निंग एड) पेंटिंग शुरू की। इसके अलावा, बचपन में कुपोषण के खिलाफ अपनी लड़ाई में, एमवे इंडिया ने अपने विश्व स्तर पर प्रशंसित समुदाय-आधारित पोषण कार्यक्रम, पावर ऑफ फाइव के विस्तार की घोषणा की, जिससे हजारों बच्चे लाभान्वित होंगे।

इस पहल पर अपने विचार रखते हुए अजय खन्ना , सीएमओ, एमवे इंडिया ने कहा, लोगों को बेहतर, स्वस्थ जीवन जीने में मदद करने के हमारे मूल स्वभाव के अनुरूप, एमवे में, हम मानते हैं कि उचित पोषण वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को एक स्वस्थ, मजबूत और टिकाऊ समाज की ओर ले जाता है। पोषण में अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए एमवे ने कुपोषण से लड़ने के लिए 2018 में अपना पोषण कार्यक्रम पावर ऑफ फाइव लॉन्च किया। कार्यक्रम के परिणाम उत्साहजनक रहे हैं, बच्चों में कुपोषण के जोखिम की स्थिति में 70त्न की उल्लेखनीय कमी आई है। इसने हमें अपने कार्यक्रम को नए भौगोलिक क्षेत्रों में फैलाने के लिए प्रेरित किया है, जिससे 2023 तक 80000 से अधिक बच्चों सहित 3.5 लाख से अधिक लोगों को लाभ होगा। इसके अलावा, पोषण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, इस राष्ट्रीय पोषण सप्ताह में, हमने पोषण के महत्व पर सत्र, BaLA अवधारणा जो भारत में हमारे कार्यक्रमों के लाभार्थियों के लिए दृश्य शिक्षा और स्वास्थ्य के माध्यम से बच्चों में जिज्ञासा को उत्तेजित करती है और व्यवहार में बदलाव लाती है, पर चित्रकला का आयोजन किया।

# दिव्यांगजनों के सपनों को नई उड़ान कर रहा साकार

कविता। फरीदाबाद

## दिव्यांगजनों को करवाए जा रहे ऑन लाइन और ऑफ लाइन कम्प्यूटर कोर्स



**दिव्यांगजनों** के लिए सरकार ने कई बेहतर योजनाएं लागू की है, लेकिन इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए दिव्यांगजनों को काफी धक्के खाने पड़ते हैं। उनकी परेशानियों को समाप्त करने के उद्देश्य से गत 2 मार्च 2022 में नई उड़ान ट्रस्ट ने कार्य शुरू किया। जिसमें आज दिव्यांगजनों को ऑनलाइन और ऑफ लाइन कम्प्यूटर कोर्स करवाये जा रहे हैं। वहीं प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नि: शुल्क एडवाई भी ट्रस्ट कर रहा है। वहीं लोगों को ट्रेफिक नियमों के प्रति और दिव्यांगजनों को सुविधाओं का सदुपयोग करने के लिए ट्रस्ट लगातार जागरुक कर रहा है। पिछले दिनों ट्रस्ट ने कारगिल राइड भी दिव्यांगजनों से करवाई थी।

वहीं रविवार को ट्रस्ट ने दिव्यांगजनों के लिए एक मैच का आयोजन मिर्जापुर स्थित खेल स्टेडियम में किया था। ट्रस्ट के सदस्यों का कहना है कि वह समाज में बदलाव लाना चाहते हैं। ताकि दिव्यांगजन तिरस्कार से ऊपर उठ कर खुद को सामान्य समझ सके।

**दिव्यांग हूं, इसलिए समझी परेशानी :** नई उड़ान ट्रस्ट के को-फाउंडर मैम्बर मोहम्मद असलम ने बताया कि मैं स्वयं दिव्यांग हूं, मेरा एक हाथ और दोनों पैर बचपन से काम नहीं करते, एक हाथ ने भी काफी समय बाद काम शुरू किया। मुझे पढ़ाई के दौरान काफी परेशानी हुई, कॉलेज गया, तो वहां रैम्प की सुविधाएं नहीं मिली।

बस का पास तो बन गया, लेकिन बसों में उतरने चढ़ने के अलावा ड्राइवरों द्वारा बसे न रोकने की समस्या से जुझना पड़ता था। दिव्यांगता के कारण नौकरी न मिली। पहले नोएडा के कॉल सेंटर में जॉब मिली। अब टाटा मोटर में फाईनेंस में असिस्टेंट मैनेजर रिकवरी की जॉब मिली है। जिस पर मैने सोचा कि दिव्यांगजनों को अपनी तरह न भटकने दूं, उनके लिए काम करूं, लेकिन पैसों की कमी थी। जिसे देखते हुए फाउंडर मोहम्मद रहीश सैफी और को-फाउंडर विक्रम नाथ के सहयोग से 'नई उड़ान ट्रस्ट' की शुरुआत की और लोगों की मदद कर रहे हैं। फिलहाल 200 से अधिक दिव्यांगजनों की मदद कर चुके हैं।

**कर रहे यह काम :** मोहम्मद असलम ने बताया कि 21 जुलाई को उन्होंने कम्प्यूटर क्लास शुरू की। जिसमें ऑनलाईन और ऑफलाईन पढ़ाई की जा रही है। जिसमें 24 दिव्यांग शामिल हैं। इसमें ऑनलाइन अन्य शहरों से भी लोग शामिल है। वहीं एनएच- 5 में दिव्यांगजनों के डक्यूमेंट, यूडीआईसी कार्ड भी सीएचसी सेंटर के द्वारा मुफ्त में बनवाने का काम किया जा रहा है। ट्रेफिक अवेयरनेस कर रहे है। स्पोर्ट्स को बढ़ावा दे रहे हैं। को-फाउंडर विक्रम नाथ भाला फैंकने में इंडिया लेबल पर गोल्ड और सिल्वर ले चुके है। जिस कारण वह ट्रस्ट में स्पोर्ट्स को बढ़ावा दे रहे है। रविवार को क्रिकेट मैच करवाया।

# कोरियर कंपनी की गाड़ी से 19 लाख का सामान चोरी करने पर चालक गिरफ्तार

### 6 आईपॉड, 4 जेबीएल स्पीकर व 23 मोबाइल फोन बरामद किए

### इनमें 13 आईफोन भी शामिल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने ब्लू डार्ट कोरियर कंपनी का 19 लाख रुपए का सामान चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी 24 अगस्त को सामान पहुंचाने विलासपुर गया था। लेकिन रास्ते में ही उसने 19 लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया है। पूछताछ के दौरान पुलिस ने चोरी हुआ सामान बरामद कर लिया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम रफीक है। जो मेवात जिले के खरखड़ी गांव का रहने वाला है।



चोरी के आरोप में गिरफ्तार रफीक।

आरोपी पिछले 10 साल से ब्लू डार्ट डीएचएल कोरियर कंपनी की गाड़ी चला रहा था, किंतु लालच में आकर आरोपी ने कोरियर कंपनी की गाड़ी से मोबाइल फोन, स्पीकर तथा आईपॉड निकाल लिए जिनकी कीमत करीब 19 लाख रुपये थी। पुलिस को दी अपनी शिकायत में गाड़ी के मालिक शिकायतकर्ता प्रवीण ने बताया कि आरोपी रफीक उसकी गाड़ी चलाता है। आरोपी 24 अगस्त को नीलम चौक के पास स्थित ब्लू डार्ट ऑफिस से गाड़ी में सामान भरकर बिलासपुर के लिए निकला था। परंतु जब वह बिलासपुर पहुंचा तो सामान कम पाया गया।

शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में आगे कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। जिसमें पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसके मन में लालच आ गया था और उसने गाड़ी में से सामान निकाल कर अपने पास रख लिया था। पुलिस द्वारा आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से जेबीएल के 4 स्पीकर, 6 आईपॉड, 23 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जिसमें से 13 आईफोन शामिल है। आरोपी ने बताया कि एक मोबाइल कहीं रास्ते में गिर गया। जिसके बारे में उसे पता नहीं है। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# ऑपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस ने 50 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक मुख्यालय के आदेशानुसार पूरे हरियाणा में ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया। जिसमें पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए सभी थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच टीमों ने अवैध नशा अधिनियम, जुआ, अवैध हथियार, अवैध शराब अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए 50 अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा पुलिस मुख्यालय पंचकूला की तरफ से आज पूरे हरियाणा में ऑपरेशन आक्रमण चलाने की आदेश दिए गए थे जिसके तहत पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने सभी क्राइम ब्रांच व थाना पुलिस प्रभारियों के साथ बैठक आयोजित करके इस ऑपरेशन के बारे में अहम दिशा निर्देश दिए थे। जिन्होंने डीसीपी, एसीपी व एसएचओ के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए उक्त आरोपियों को धरपकड़ की। आक्रमण अभियान का उद्देश्य अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजकर आमजन में सुरक्षा तथा पुलिस व कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास को सुदृढ़ करना है। गिरफ्तार किए गए 50 आरोपियों में एनडीपीएस एक्ट के 4, एक्साइज अधिनियम के 8, अवैध हथियार अधिनियम के 8, जुआ अधिनियम के 3, 5 पीओ/ बेल जंपर तथा 22 आरोपी भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किए गए जिसमें से 13 आरोपी जघन्य अपराधों में शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से 5 देसी कट्टे, 3 कारतूस, 3 चाकू, 3 मोबाइल फोन, 1.274 किलोग्राम गांजा, 6 इंजेक्शन, देसी शराब की 10 पेटी तथा 10000 रुपए नगद बरामद किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा चलाया गया ऑपरेशन आक्रमण काफी सफल रहा है।

# उमंग, उत्साह और जोश से मनाया शिक्षक दिवस



सेंट कोलंबस स्कूल में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित करते अतिथि रामकेश चपराना।

**फरीदाबाद।** सेंट कोलंबस विद्यालय के प्रांगण में शिक्षक दिवस विशेष उमंग, उत्साह व जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर में चीफ गेस्ट के रूप में 'रामकेश चपराना', चेयरमैन (जीवीपीएस) व गेस्ट ऑफ ऑनर 'विक्रम सिंह' रहे।

शिक्षक दिवस के पर अध्यक्ष ने शिक्षक वृंद को उनके कुशल कार्य प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया। सीनियर विंग की ओर से सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका का पुरस्कार 'रीना सैनी' एवं जूनियर विंग की ओर से 'राजकुमारी' को प्रदान किया गया। 100 प्रतिशत उपस्थिति के लिए 'चंचल' को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष ऋषि चौधरी ने भी राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला साथ ही महान विभूति शिक्षाविद् सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन् का स्मरण करके अपने अमूल्य वचनों द्वारा प्रात: कालीन सभा को संबोधित किया। इसके उपरांत शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विद्यार्थियों को उनका कार्यभार सौंपा गया विद्यालय के छात्र 'अभिज्ञान' ने अध्यक्ष महोदय व छात्रा 'भूमि छावड़ी' ने प्रधानाचार्या की भूमिका निभाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

# चॉकलेट की प्रतिमा संग मनाया इको-फ्रेंडली गणपति उत्सव

### मेलोडी ने 2015 में सेव गंगा प्रोजेक्ट के लिए प्रधान मंत्री मोदी को पॉकेट मनी से दिए थे एक लाख रुपये

### मेलोडी तब थी महज नौ वर्ष की



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हर साल** लोग गणेश उत्सव के अवसर पर बड़ी मूर्तियां खरीदते हैं और नदियों, तालाबों व समुद्र में विसर्जित करते हैं और पीछे छोड़ जाते हैं प्रदूषित पानी जिससे जलजीवों का जीवन संकट में पड़ जाता है। इस वर्ष गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर समाज के लिए एक प्रेरणात्मक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, हांगकांग में बसे भारतीय सबनानी परिवार ने अपनी बेटियों मेलोडी व लवीना के कहने पर इको फ्रेंडली गणेश उत्सव मनाने की पहल की। उन्होंने चॉकलेट से बनी गणेशजी की मूर्तियों को स्थापित किया। मेलोडी वही बच्ची है जिसने 2015 में सेव गंगा प्रोजेक्ट के लिए प्रधान मंत्री मोदी को अपनी पॉकेट मनी से 1 लाख रुपये दिए थे जब वह महज 9 वर्ष की थी।

यह इको-फ्रेंडली चॉकलेट से बनी गणेश जी की प्रतिमा पिघलती भी नहीं है और कई दिनों तक रहती है। चमकीले रंग के चॉकलेट गणेश जी सभी भक्तों को बेहद आकर्षक लगे। इस तरह उन्होंने बहुत ही स्वस्थ और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से गणपति पूजन किया। उन्होंने सफेद और डार्क चॉकलेट से बनी गणेश की एक मूर्ति लाई और तीन दिनों की स्थापना के बाद, विसर्जन किया। विसर्जन के समय मूर्तियों को दूध में प्रवाहित किया गया। फिर सभी भक्तों को दूध प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। राजू सबनानी का कहना है कि गणेश चतुर्थी जैसे त्योहार पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुंचाते हैं क्योंकि गैर-बायोडिग्रेडेबल सामग्री की मूर्तियां पर्यावरण में बहुत लंबे समय तक रहती हैं जिससे जल और वातावरण दूषित होता है। आगे उन्होंने कहा मेरा मानना है कि पर्यावरण को नुकसान से बचाने के लिए गणपति, पूजन में खाद्य मूर्तियों के उपयोग के बारे में अधिक से अधिक जागरुकता फैलाने की आवश्यकता है।

# सर्वोदय हॉस्पिटल ने की नॉर्थ इंडिया कांफ्रेंस की मेजबानी

**फरीदाबाद।** सर्वोदय हॉस्पिटल के सहयोग से न्यूक्लियर मेडिसिन क्षेत्र में हो रही महत्वपूर्ण खोजों एवं इलाज की तकनीकों पर सोसाइटी ऑफ़ न्यूक्लियर मेडिसिन नॉर्थ इंडिया की कॉफ्रेंस का आयोजन किया गया। कॉफ्रेंस में हरियाणा,दिल्ली राजस्थान, जम्मू, कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश ,उत्तराखंड एवं हिमाचल के बड़े मेडिकल संस्थानों के लगभग 250 डॉक्टर्स ने शिरकत की।


इस विशाल कांफ्रेंस के आयोजन का मुख्य ध्येय कैंसर के इलाज में न्यूक्लियर मेडिसिन के बढ़ते उपयोग, उसके फायदे एवं इस क्षेत्र में हुए नई खोज और ईलाज के आधुनिक तरीकों पर चर्चा करना था, जिससे उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में काम कर रहें डॉक्टर्स अपना ज्ञानवर्धन कर सकें और अपने मरीजों को आधुनिक और नवीनतम इलाज उपलब्ध करवाकर बेहतर स्वास्थ्य वापसी सुनिश्चित कर सकें। सर्वोदय हॉस्पिटल में न्यूक्लियर मेडिसिन के वरिष्ठ विशेषज्ञ एवं विभागाध्यक्ष डॉ. स्वागत दास ने बताया कि 'इस सम्मेलन ने कैंसर के इलाज में न्यूक्लियर मेडिसिन के बढ़ते दायरे को समझने में मदद की है।

# सबसे भव्य होगा मेक इंडिया नंबर वन महोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दिल्ली** के लोकप्रिय मुख्यमंत्री एवं भारत के आने वाले भावी प्रधानमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं पंजाब के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भगवत मान हरियाणा के हिसार में वीरवार 8 सितंबर को 11.00 बजे मेक इंडिया नंबर 1 की आधार शिला रखने आ रहे है। सोमवार को आम आदमी पार्टी जिला कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में कार्यक्रम के बारे में विचार विमर्श किये गये और कार्यकर्ताओं कि ड्यूटी भी लगाई गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि आज जिला कार्यालय पर बहुत अहम बैठक का आयोजन किया गया है कि मेक इंडिया कार्यक्रम हरियाणा को नई दिशा प्रदान करेगा। हरियाणा में सब कुछ होते हुए भी आज देश का युवा बाहर जाकर कमाने के लिए मजबूर है क्योंकि हरियाणा में भ्रष्टाचार बहुत बढ़ गया है और रोजगार न के बराबर है जहां आज हरियाणा रोजगार के मामले में नंबर 1 होना चाहिए था वहीं आज हरियाणा



फरीदाबाद गुड़गांव रोड स्थित आम आदमी पार्टी के कार्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेते पार्टी कार्यकर्ता।

भ्रष्टाचार में नं. 1 बन चुका है। भड़ाना ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जिस तरह से दिल्ली की आम जनता के लिए अलग तरह से नीतियां बनाई। उन्होंने स्वास्थ्य शिक्षा के साथ बिजली को फ्री देने की योजना बनाई जिससे लोगों में विश्वास पैदा हुआ। इसी विश्वास पर आम जनता सरकार बनाते है। हरियाणा प्रदेश में भाजपा जेजेपी गठबंधन ने प्रदेश को विनाश पर लाकर खड़ा कर दिया है, इससे यह साफ जाहिर होता है कि 2024 के आने वाले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी जीत हासिल करेगी और जितने भी भाजपा व कांग्रेस के नेता हैं इन्हें घर पर बैठना पड़ेगा। अब आम आदमी पार्टी जनता का पहला विकल्प बन गया है, इसमें सिर्फ साफ, स्वच्छ, ईमानदार छवि के लोग ही हैं जो दिल्ली में बेहतर शिक्षा स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाएं लोगों को प्रदान कर रहे हैं।

वही सुविधाएं हरियाणा में आप की सरकार आने पर दी जाएगीं। आपको बता दे कि मेक इंडिया कार्यक्रम के आधार शिला रखने से पहले तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी और फिर जनसभा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर भीम यादव, मंजू गुप्ता, राकेश बढ़ाना, प्रवेश मेहता, बृजेश नागर, मनीष शर्मा, सिकंदर शर्मा, नरेश शर्मा, कुलदीप चावला, हंसराज दायमा, सतीश चंदेला, किशन कांगड़ा, मनीष भाटिया, आदि उपस्थित रहे।

# वोटर आईडी आधार कार्ड से लिंक कराएं

**फरीदाबाद।** एसडीएम कम निर्वाचक पंजीयन अधिकारी परमजीत चहल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार मतदाता के प्रमाणीकरण के लिए मतदाताओं के पहचान पत्र को आधार कार्ड नंबर से जोड़ना जरूरी हो गया है।

भारत निर्वाचन के आयोग की हिदायतों के अनुसार यह कार्य गत 01 अगस्त से शुरू किया हुआ है। जिसमें सुपरवाइजर तथा बीएलओ द्वारा गत अगस्त माह में डोर टू डोर सर्वे भी किया गया है। एसडीएम परमजीत चहल इस कार्य की आज समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी तथा सुपरवाइजर भारत ने भारत निर्वाचन आयोग की द्वारा दी गई हिदायतों की पालना सुनिश्चित करें। एसडीएम परमजीत चहल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न विभागों के अधिकारी आपस में तालमेल करके मतदाताओं के प्रमाणीकरण के लिए उनके पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक करना सुनिश्चित करें।

# मंत्री ने शिक्षक दिवस पर लोगों को बधाई दी



लोगों की समस्याएं सुनते कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा।

**बल्लभगढ़।** कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज सोमवार को लोगों को शिक्षक दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा मनुष्य के जीवन का अनमोल उपहार होता है। शिक्षा हमेशा जीवन में मार्ग दर्शन का काम करती है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा स्थानीय सेक्टर-8 कार्यालय पर जनता की समस्याओं को सुन रहे थे।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने समस्याओं से सम्बंधित अधिकारियों को भी फोन करके समाधान करने के दिशा निर्देश दिए। वहीं गत सायं प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने सेक्टर-64 में करीब 20 लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले पार्क का पीधारोपण कर शिलान्यास किया। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा की बल्लभगढ़ के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी और सेक्टर वासियों को बल्लभगढ़ मोहना रोड पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए मोहना रोड के ऊपर एलिवेटेड पुल का निर्माण भी जल्द शुरू करवाया जाएगा। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि 2014 से पहले बल्लभगढ़ की हरी बिहार और आदर्श नगर जैसे इलाके में पैदल निकलना भी मुश्किल था।

# संक्षिप्त समाचार

## आकृति को मिला बेस्ट टीचर आवार्ड



**फरीदाबाद।** कुंदन कॉलोनी स्थित हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपर शर्मा रहे। इस मौके पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की। शिक्षक दिवस के मौके पर स्कूल के छात्र छात्राओं ने अपने गुरुजनों की भूमिका अदा की और दिन में बतौर शिक्षक कक्षा में जाकर छात्रों को पढ़ाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि टिपरचंद शर्मा अध्यापक बने छात्रों स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अलावा विद्यालय के सभी अध्यापकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बेस्ट टीचर का आवार्ड आकृति कौशिक को दिया।

## पार्क फ्लोर दो का नौवें दिन भी जारी रहा प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** बीपीटीपी के पार्क फ्लोर दो के निवासियों का नौवें दिन भी प्रोटेस्ट जारी रहा। लोगों ने बीपीटीपी के नेक्स्ट डोर ऑफिस में पार्क फ्लोर दो के निवासियों ने मार्च निकाला एवं लंबी लड़ाई के लिए वहां पर परमानेंट टेंट लगा दिया गया। प्रोटेस्ट में प्रोटेस्ट मार्च करीब 10 बजे पार्क फ्लोर-2 से स्टार्ट होकर बीपीटीपी नेक्स्ट डोर ऑफिस पर पहुंचे एवं वहां पर प्रोटेस्ट मार्च निकाला। वहां पर लंबी लड़ाई के लिए परमानेंट टेंट लगा दिया गया। जहां बारी-बारी से सभी नागरिक धरना प्रदर्शन करेंगे।

## नकली मसाला की फैक्ट्री का भंडाफोड़

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप कुमार की टीम ने नकली मैगी बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम ललित है। जो पलवल के बामणी खेड़ा गांव का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद के पल्ला एरिया में रह रहा था। फूड सप्लाई ऑफिस डॉ सचिन शर्मा अपनी टीम के साथ पहुंचे। फैक्ट्री पर रेड में प्लास्टिक के एक कट्टे में भरा खुला नकली मैगी मसाला तथा 5 कट्टों में भरे नकली मैगी मसाला के 19200 पैकेट तथा पैकिंग मशीन व मसाला के खाली रैपर बरामद किए गए हैं।

## जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जोगेश्वर ने जीता सोना



**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि 33वीं नार्थ जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन करण स्टेडियम करनाल में 2 से 4 सितम्बर तक किया गया। प्रतियोगिता का समापन एथलेटिक्स फैडेशन आफ इंडिया के महासचिव रविंदर चौधरी के द्वारा किया गया। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि जोगेश्वर ने मिड रिले में स्वर्ण पदक, परीशा मिश्रा ने मिड रिले में रजत पदक, जुनैद ने 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक, कपिल ने 1500 मीटर में कांस्य पदक और सुनील ने 800 मीटर में रजत पदक विजेता बनकर जिले का नाम रोशन किया। इस चैंपियनशिप में लद्दाख, जम्मू कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तराखंड, दिल्ली और उत्तरप्रदेश राज्य की टीम भी भाग लिया। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू, महासचिव राजकुमार मिटान ,उपाध्यक्ष राजीव खत्री, संयुक्त सचिव कुलदीप अहलावत ,जिला सचिव अर्जुन सिंह व जिला प्रधान विवेक कुमार ने आशीर्वाद प्रदान किया।

## प्रगति दिवस के रूप में मनाया गया शिक्षक दिवस



**फरीदाबाद।** श्री सनातन धर्म सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस के मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्कूल में शिक्षक दिवस को प्रगति दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के संयोजक अशोक अरोड़ा ने बताया कि शिक्षक दिवस के साथ-साथ स्कूल के भी 49 वर्ष पूरे हो चुके हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायिका सीमा त्रिखा, रीटा गोसाई जी ने शिरकत की। आज के कार्यक्रम को शिक्षिका रुचि भारद्वाज, दीक्षा नागपाल, प्रीति भाटिया, मीनू गुप्ता एवं शबाना ने संचालित किया। स्कूल की प्रिंसिपल सुषमा बिरमानी ने आयोजक टीम की हौसला अफजाई की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भरत अशोक अरोड़ा राकेश दीवान, राजीव कोचर, बंसी लाल अरोड़ा, पवन कुमार, माटा, गुलशन कुमार विशेष रुप से उपस्थित रहे।

## जेसी बोस विश्वविद्यालय में मनाया शिक्षक दिवस

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षकों की भूमिका को मान्यता देते हुए पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने की। कुलपति ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन एवं प्रसंगों का उल्लेख किया। कार्यक्रम के अंत में स्टाफ क्लब कमेटी के अध्यक्ष प्रो. तिलक राज ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी संकाय सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## 250 लोगों उठाया नेत्र जांच शिविर का लाभ

**फरीदाबाद।** संजय कालोनी स्थित एपी सी.सै. स्कूल के परिसर में मानव जनहित एकता परिषद के तत्वावधान में केवल प्रेम आंखों के अस्पताल द्वारा नेत्र जांच एवं हृदय चिकित्सा शिविर का आयोजन केएमसी हॉस्पिटल के सहयोग से किया। मुख्य अतिथि के रूप से एपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चेयरमैन जेपी अग्रवाल, डायरेक्टर अमन अग्रवाल मौजूद थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सीए अजीत पटवा, समाजसेवी सतीश चोपड़ा, अनशनकारी बाबा रामकेवल, दशरथ चौरसिया, अवधेश ओझा, संजीव मौर्यवंशी, डा. मनीष शर्मा आदि का आयोजक समाजसेवी सचिन तंवर व मनीष मिश्रा ने माला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर लगभग 250 लोगों ने नेत्र जांच शिविर का लाभ लिया।

## जननायक जनता पार्टी ने की कार्यकारिणी की घोषणा

**फरीदाबाद।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कृष्ण जाखड़, जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया, युवा जिला अध्यक्ष नलिन हुड्डा प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी, जिला प्रवक्ता अनिल खुटेला ने फरीदाबाद सेक्टर 16 स्थित सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। बताया कि आलाकमान से विचार विमर्श करने के बाद 40 पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियों सौंपी गई हैं। जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष मानिक मोहन शर्मा, जिला प्रवक्ता अनिल खुटेला एवं 8 उपाध्यक्ष, साहब सिंह विर्क, विजय चंदीला, ईश्वर सिंह, चरण सिंह डागर, राजकुमार तंवर, रविंद्र चंदेला, राजेश भारद्वाज, गगन सिसोदिया के अलावा प्रधान महासचिव हरपाल रावत, महासचिव हरिराम किराड़, नरेश भाटी, कुलदीप तंवर, 8 सचिव विक्की राम, ओमवीर तेवतिया, कृष्ण सूर्यवंशी, सीताराम, सनी खंडेलवाल, संजय गणशहरा, प्रेमपाल और विकास चंदीला के अलावा 9 सह सचिव की जिम्मेदारी दी।

## अध्यापकों को स्मृति चिंह किया भेट

**फरीदाबाद।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-55 फरीदाबाद में अध्यापक दिवस के उपलक्ष में भारत विकास परिषद की माधव शाखा के साथ मिलकर गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत ने की, जबकि अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद की शाखा के अध्यक्ष लोकेश गर्ग व मंजू यादव रहे। प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत के अतिरिक्त प्राध्यापक डॉ कुलदीप सिंह, बृजेश शर्मा दीपक वशिष्ठ, सोनिका सरोहा, रचना शर्मा तथा पंकज चावला को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# राहुल की प्रतिबद्धता
## संगठनात्मक कौशल जरूरी

**राहुल** गांधी की प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण है, पर उनको संगठनात्मक कौशल में महारात हासिल करना भी जरूरी है। रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भाषण का सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व उनकी आक्रामकता थी। हालांकि, उनकी पार्टी बिखर रही है और वरिष्ठ नेता भी बाहर जा रहे हैं, पर इस घटनाक्रम से व्यथित हुए बिना उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को यह समझाने का प्रयास किया कि कांग्रेस 2024 के संघर्ष में भारतीय जनता पार्टी को हरा सकती है। राहुल गांधी के भाषण में अनेक तत्व शामिल थे। उनका कहना था कि भाजपा देश भर में गुस्सा और घृणा फैला रही है, पूरे मीडिया पर भाजपा का नियंत्रण है क्योंकि वह मोटेतौर से 'दो बिजनेसमैनों' के स्वामित्व में है, मोदी केवल इन दो बिजनेसमैनों के लिए काम करते हैं जिनको पिछले आठ साल में अत्यधिक लाभ हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार संस्थानों को नुकसान पहुंचा रही है।

राहुल गांधी की प्रतिबद्धता बनी हुई है, अब उनको अपनी पार्टी को एकजुट रखने तथा भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के खिलाफ एक गठबंधन तैयार करने में अपने कौशल का प्रदर्शन करना है। उनके भाषण से देश की सबसे पुरानी पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ सकता है और यह कांग्रेस को पुनर्जीवित करने के लिए जरूरी हो सकता है, लेकिन यह अपने आप में काफी नहीं है। किसी ऐसी राजनीतिक पार्टी को पुनर्जीवित करने के लिए लिए आक्रामक भाषणों तथा उत्साही कार्यकर्ताओं के अलावा कुछ अन्य चीजों की भी जरूरत है जो पिछले काफी समय से एक के बाद दूसरी पराजय का सामना कर रही हो। विपक्ष के दृष्टिकोण से इस समय की आवश्यकता है कि विभिन्न भाजपा-विरोधी नेताओं के प्रयासों के बीच एकजुटता व निरंतरता



स्थापित की जाए। वर्तमान समय में यह स्थिति नजदीक आती नहीं दिखती है। इस पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि विपक्ष भाजपा-विरोधी मोर्चे के स्वरूप के बारे में भी स्पष्ट नहीं है, जबकि वह इसकी इच्छा करता है। क्या यह तीसरा मोर्चा होगा जिसमें सभी गैर-कांग्रेस पार्टियां शामिल होंगी? अथवा यह एक प्रकार का महागठबंधन होगा जिसमें यदि सभी नहीं तो कांग्रेस समेत अधिकांश गैर-भाजपा पार्टियां शामिल हों? इसका नेतृत्व या अगुवाई कौन करेगा? क्या सभी भाजपा-विरोधी पार्टियों को एकसाथ बांधने के लिए कोई साझा सिद्धान्त या कुछ सिद्धान्त होंगे? यदि ऐसा नहीं होता तो इस 'कामचलाऊ जुगाड़' का मतदाताओं पर क्या असर होगा? यदि कोई परस्पर जोड़ने वाला सूत्र होगा तो क्या? कोई भी इन सवालों के जवाब नहीं जानता है। मोदी-विरोधी नारे या एक पंक्ति वाले आकर्षक बयान एक सैद्धान्तिक गठबंधन का स्थान नहीं ले सकते हैं। इसके साथ ही राहुल गांधी की निरंतरता का मामला भी है। जहां मोदी व अन्य भाजपा नेता अपनी दृढ़ता व निरंतरता के लिए जाने जाते हैं, वहीं राहुल को अभी चुनाव विजेता के रूप में अपनी क्षमता सिद्ध करनी है। कुछ अन्य भाजपा-विरोधी नेता भी गंभीर नहीं लगते हैं। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव द्वारा श्रीकांत त्यागी का समर्थन इसका उदाहरण है जो एक कुख्यात गुंडा है और उसके दुष्कृत्य वाइरल हो चुके हैं। आखिर मतदाता उत्तर प्रदेश में ऐसी पार्टी को गंभीरता से कैसे ले सकते हैं? संक्षेप में कहा जाए तो राहुल गांधी तथा अन्य विपक्षी नेताओं को समझ लेना चाहिए कि उनको रैलियां आयोजित करने तथा स्मार्ट सोशल मीडिया टीमों के माध्यम से सक्रिय होने से आगे जाकर अभी बहुत काम करना बाकी है। उनको यह तथ्य अपनी नजरों से ओझल नहीं होने देना चाहिए कि उनको ऐसी पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ना है जिसकी चुनाव मशीनरी बहुत अच्छी तरह काम करने वाली है।

# सटीक संचार वाला सामुदायिक रेडियो

दुनिया भर में सामुदायिक रेडियो सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी उपकरण बन कर उभरा है। भारत को इसके लिए सटीक योजना बनानी होगी।





ब्रजेंद्र सिंह पंवार    नकुल कुमार तरुण



सामुदायिक रेडियो को संचार का सबसे सस्ता तथा सर्वाधिक प्रभावी जमीनी माध्यम माना जाता है। इनसे सरारों तथा स्थानीय अधिकारियों के बीच संप्रेषण की खाई पटती है तथा यह समाज के अंतिम व्यक्ति को साथ जोड़ने में सहायक सिद्ध होता है। सामुदायिक रेडियो सामाजिक परिवर्तन के एजेंट के रूप में अपनी प्रभावशीलता सिद्ध कर चुका है। यह बात खासकर कोविड-19 के समय सही सिद्ध हो चुकी है। सामुदायिक रेडियो ने एक मजबूत मंच प्रदान किया है जहां आम जनता पूरी स्वतंत्रता के साथ अपने विचारों का आदान-प्रदान कर सकती है। वे विकास के क्षेत्र में कार्यरत सभी आयामों को एकसाथ ला सकते हैं। इनके प्रयोग से गरीबी उन्मूलन, रोजगार सृजन व कृषि, पर्यावरण तथा संबंधित गतिविधियों में जनता की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जा सकती है। हालांकि, हर सामुदायिक रेडियो के सामने अनेक चुनौतियां भी होती हैं जिनको अनदेखा करना उचित नहीं होगा। ये चुनौतियां भौगोलिक क्षेत्र, शहरी-ग्रामीण विभाजन, प्राकृतिक आपदाओं, वित्तीय मुद्दों, खास आदिवासी कबीलों, भाषा तथा समुदायों की खास बोलियों को लेकर हो सकती हैं।

दुर्भाग्य से भारत में सामुदयिक रेडियो के विस्तार के समक्ष अनेक समस्यायें सामने आती हैं। इनमें संस्थागत, तकनीकी, ढांचागत व वित्तीय समर्थन प्रमुख हैं। कोविड-19 के दौरान एक एनजीओ द्वारा एक राष्ट्रीय व तीन क्षेत्रीय आनलाइन कार्यशालाओं का आयोजिन किया गया। इनका प्रमुख मुद्दा एक विस्तृत नीतिगत निर्देश की रूपरेखा तैयार करना था जिससे आपदा प्रबंधन में सामुदायिक रेडियो की भूमिका निर्धारित की जा सके। 12 अगस्त, 2022 को विभिन्न पक्षों की एक बैठक हुई जिसमें आपदा प्रबंधन अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधिकारी तथा सीआरए के लोगों ने भाग लिया। यह बैठक राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिकरण-एनडीएमए में हुई और इसकी अध्यक्षता एनडीएमए के सदस्य राजेंद्र सिंह ने की।

सभी प्रासांगिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के बाद निर्णय किया गया कि एक ऐसे नीतिगत दिशानिर्देश का प्रारूप तैयार किया जिससे आपदा प्रबंधन व आपदा के प्रभाव कम करने में सामुदायिक रेडियो को व्यापक रूप से शामिल किया जा सके। सीआरए ने नेशनल इंस्टीट्यूट आफ डिजास्टर मैनेजमेंट-एनआईडीएम के साथ सहयोग कर एक तीन दिना का आनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया। एनआई डीएम आपदा प्रबंधन के मामले में क्षमता निर्माण के लिए एक प्रमुख संस्थान हो। 23 से 25 अगस्त तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शीर्षक 'कम्युनीकेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर रिजीलियेंस इन रूरल एंड ट्राइबल कम्युनिटीज़ इन इंडिया', यानी भारत के ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों में संचार ढांचे की उपस्थिति और मजबूती था। इस बारे में चर्चा से उभरे विभिन्न बिंदुओं के आधार पर एक भावी संक्षिप्त नीतिगत प्रारूप तैयार किया जा सकता है।

चर्चा से सामने आया कि आपातकाल में आवश्यक है कि एक आपातकालीन वेवलेंग्थ हो तथा तकनीकी रूप से सक्षम व प्रशिक्षित ऐसे लोग हों जो उपकरणों व साफ्टवेयर का ठीक से संचालन कर सकें। आपदा की स्थिति में ट्रांसमीटर का स्थान लगातार बदलने की जरूरत पड़ सकती है। प्रासांगिक सूचना के आधार पर सामुदायिक रेडियो संचालकों को एक आपातकालीन ट्रांसमिटर व एंटिना उपलब्ध कराए जाने चाहिए जिनका प्रयोग आपातस्थितियों में सटीक तरीके से किया जा सके। आपातस्थितियों के दौरान ज्यादा से ज्यादा लोगों को संबोधित करने के लिए सामुदायिक रेडियो को अपने प्रसारण बिना किसी बाधा के दुहराने की अनुमति होनी चाहिए। इसके साथ ही सरकार को आपदा प्रबंधन में सामुदायिक रेडियो संचालन, रेडियो तकनीक व उत्पादन संबंधी प्रशिक्षण में सहायता करनी चाहिए। हैम रेडियो को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने वाला सर्वाधिक प्रभावी संप्रेषण नेटवर्क माना जाता है। यह उस समय भी काम करता है जब संचार के सभी साधन विभीषिकाओं व आपातस्थितियों के कारण विफल हो जाते हैं। इसे देखते हुए सभी सामुदायिक रेडियो संचालकों को हैम रेडियो लाइसेंस दिए जाने चाहिए। हैम रेडियो लाइसेंस प्राप्त लोगों को सामुदायिक रेडियो में स्थान भी दिया जा सकता है। इसके साथ ही आवश्यक ढांचागत संरचना भी उपलब्ध होनी चाहिए ताकि सामुदायिक व हैम रेडियो का हर स्थिति में संचालन सुनिश्चित हो सके।

प्रभावित जनसंख्या से संपर्क के लिए हैम रेडियो को राज्य-जिला आपातस्थिति कार्रवाई केन्द्रों में स्थान दिया जाना चाहिए। आपदा आने के पहले भी अनेक प्रसारकों के माध्यम से अलग-अलग लोगों, बल्कि समुदाय की सहायता की जा सकती है। उनके प्रसारणों से आपदा के पहले लोगों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना तथा आपदा को पूरी तरह समझने में सहायता मिल सकती है।

इसके साथ ही सामुदायिक रेडियो को आपस में जोड़ने के लिए एक आनलाइन प्लेटफार्म तैयार किया जाना चाहिए ताकि वे अपनी जानकारी व विशेषज्ञता का साझा कर सकें। आपदा आने के पहले ही लोगों को चेतावनी देने के लिए अनेक प्रकार के प्रशिक्षण मैनुअल व अन्य प्रशिक्षण सामग्री तथ्यार की जा सकती है। इसके साथ ही इस सामग्री के माध्यम से उनको आपातस्थिति के दौरान तथा विभीषिका आने के बाद वाली स्थितियों से निपटने के बारे में प्रशिक्षित व जागरूक किया जा सकता है।

आपदा प्रबंधन एजेंसियों व संस्थानों के पास पहले से उपलब्ध सूचना, शिक्षण व संप्रेषण-आईईसी सामग्री का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद कर सामुदायिक रेडियो संचालकों तथा आपदा प्रबंधन से जुड़े अन्य पक्षों में वितरण किया जाना चाहिए। इस सामग्री के आधार पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा सकता है। सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के संचालन व रखरखाव में पंचायती राज संस्थानों-पीआरआई, यूथ क्लबों, स्वयं सहायता समूहों-एसएचजी, आदि को शामिल किया जाना चाहिए। इनकी सहायता से विभिन्न समुदायों में रेडियो क्लबों की स्थापना भी की जा सकती है जिनका प्रयोग न केवल आपदा प्रबंधन, बल्कि सामाजिक जागरूकता के अन्य कामों में भी किया जा सकता है। क्लब के सदस्यों को आपदा प्रबंधन तथा रेडियो कार्यक्रम तैयार करने के बारे में प्रशिक्षण भी दिया जा सकता है।

सरकार को सामुदायिक रेडियो तथा हैम रेडियो के लिए उपकरण खरीदने में सब्सिडी देनी चाहिए। इसके साथ ही नए स्टेशनों की स्थापना तथा पुराने सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को लगातार संचालित करने के लिए भी सरकार की वित्तीय सहायता की जरूरत है। अपनी ओर से सामुदायिक रेडियो अपने संबंधित समुदायों के भीतर विभिन्न संगठनों, संस्थानों व स्वयंसेवकों की सहायता कर उनको सामाजिक परिवर्तन का एजेंट बना सकते हैं। इसके परिणामस्वरूप अंतत: उन समुदायों को सर्वांगीण सहायता मिलेगी जो बार-बार आपदाओं का सामना करते है। इससे समाज के सबसे गरीब तथा सर्वाधिक दुर्गम इलाकों में रहने वाले समुदायों को स्वयं को आपदाओं से निपटने के लिए मजबूत बनाने में सहायता मिलेगी।

संक्षेप में कहा जाए तो आपदा प्रबंधन तथा आपदा के कारण होने वाले नुकसानों से निपटने में सभी पक्षों के सहयोगी प्रयासों की आवश्यकता है। सामुदायिक रेडियो व हैम रेडियो इसमें वही उल्लेखनीय भूमिका निभा सकते हैं जो वे सारी दुनिया में निभा रहे हैं। ये संसाधन उस समय भी काम करते रहते हैं जब आपदा या आपातस्थिति के कारण अन्य सभी संचार व संप्रेषण माध्यम विफल हो जाते हैं।

# राष्ट्र निर्माता के रूप में शिक्षक



जेएस राजपूत

(लेखक, शिक्षा एवं सामाजिक सद्भाव हेतु कार्यरत हैं)

प्राचीन भारत ने अपनी वैश्विक स्थिति, स्वीकार्यता व विश्वसनीयता इस आधार पर प्राप्त की थी कि उसके विद्वान, दार्शनिक तथा अज्ञात की खोज करने वाले पूर्णत: सक्रिय थे। इसी लक्ष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने प्रकृति व ब्रह्मांड के वे गोपनीय तथ्य खोजे जिससे भारत का ज्ञान उसकी भौगोलिक सीमाओं को पार कर पूरी दुनिया में फैला। इसमें तक्षशिला, नालन्दा, विक्रमशिला व वल्लभी जैसे महान संस्थानों का योगदान था। उन्होंने जितनी खोज की, उतना ही उसके प्रति और आकर्षित हुए तथा उनकी यह खोज निरंतर जारी रही। इस खोज में ऐतिहासिक घटनाओं के कारण अनेक अवसरों पर बाधा आई, लेकिन सर्वाधिक नकारात्मक परिवेश में भी यह खोज जारी रही। इसे 'ज्ञान, प्रज्ञा व सत्य की खोज माना गया जिसमें हमेशा भारतीय विचार एवं दर्शन को उच्चतम मानव लक्ष्य के रूप में स्वीकार किया गया।' इसके परिणामस्वरूप प्राचीन भारत में शिक्षा का उद्देश्य अच्छा जीवन जीने के लिए आवश्यक ज्ञान व कौशल प्राप्त करने से अधिक माना गया जो अपनी पूर्ण पहचान व मुक्ति के प्रति लक्षित था।

दुर्भाग्य से उदारीकरण, निजीकरण व वैश्वीकरण के कारण भौतिक उपलब्धियां प्राप्त करने के ग्लैमर व चकाचौंध में इसे अंधेरी पृष्ठभूमि में धकेल दिया गया। भारत पर भी इसका प्रभाव पड़ा क्योंकि इस बात पर लगातार जोर दिया गया कि मानव जाति के समक्ष उपस्थित अधिकांश चुनौतियों का संबंध प्राकृतिक संसाधनों के अधिकाधिक दोहन की खोज से जुड़ा है। इस दृष्टिकोण में परिवर्तन आवश्यक है। भारत ने 2020 में तय किया कि 'प्राचीन व सनातन भारतीय ज्ञान व विचार की विरासत' भविष्य में शिक्षा नीति का निर्देशक तत्व होगा। इस प्रकार उसने स्वीकार किया कि भारत में शिक्षा की 'जड़ें संस्कृति में होनी चाहिए जो नए ज्ञान के प्रति प्रतिबद्ध हो।' इससे सबको जागरूक होने तथा यह समझने की प्रेरणा मिलेगी कि वर्तमान समय में जारी प्रकृति का भयानक विनाश अवश्य बंद होना चाहिए। सत्तारूढ़ लोगों को प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, पेयजल, जनसंख्या सरोकारों, मानवाधिकारों व अनेक अन्य वैश्विक मुद्दों से निपटना पड़ता है और वे जनता के समक्ष बड़ी-बड़ी योजनायें रखते हैं, लेकिन अंतत: इन सबका कोई खास नतीजा नहीं निकलता है।



इनका एक समाधान 'अपरिग्रह' है जिसे भारतीय प्राचीन काल से जानते हैं। महात्मा गांधी ने हमें याद दिलाया था कि 'दुनिया के पास सभी लोगों की आवश्यकतायें पूरी करने के लिए समुचित संसाधन हैं, पर वे किसी एक का लालच पूरा करने के लिए काफी नहीं हैं।' यह एक कठिन लक्ष्य है, पर इसे प्राप्त करने के सिवा कोई और रास्ता नहीं है। शिक्षक इसे प्राप्त कर सकते हैं। हर विषय में एक नया अध्याय लिखा जाना चाहिए तथा मानव ज्ञान के बहु-विषयी सरोकारों पर जोर दिया जाना चाहिए। इसके लिए शिक्षकों को समझना चाहिए कि वे भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। उनकी जिम्मेदारी है कि अपने पास आने वाले हर अज्ञानी व निरुत्साही छात्र को एक व्यक्तित्व में बदल दें। इससे भावी पीढ़ियों का निर्माण होगा तथा हम राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध नागरिक तैयार कर सकेंगे। इससे देश की जनता विश्व नागरिकों के रूप में अपनी भूमिका के प्रति भी पूरी तरह सचेतन हो जाएगी। असाधारण शिक्षक डा.एस. राधाकृष्णन बीसवीं शताब्दी के एक सर्वोत्तम बुद्धिजीवी भी थे। वे पूर्वी व पश्चिमी विचारों, दर्शन तथा मनुष्य की अवधारणा के बेजोड़ व्याख्याता भी थे। भारत हर साल पांच सितंबर को उनका जन्मदिन मनाता है। हम उनकी महानता व उनके अनेक योगदानों को याद करते हुए उनके दर्शन को शिक्षकों के लिए निर्देशक सिद्धान्त मानते हैं, पर इन सबको केवल पुस्तकालयों की आल्मारियों तक सीमित नहीं रखना चाहिए। उन्होंने उच्च शिक्षण संस्थानों की पैरवी करते हुए कहा था, 'विश्वविद्यालय का आदर्श मन या विचार को मुक्त करना है। इसका सबंध किसी विशेषाधिकार के संरक्षण या किसी विचार के प्रति दृढ़ता नहीं है। यह ऐसे विशेषाधिकार को चुनौती देता है जो बौद्धिक प्रभुत्व या आध्यात्मिक महानता से पैदा होते हैं। यह रूढ़िवादिता को चुनौती देता है क्योंकि हर व्यक्ति को अपनी प्रतिबद्धतायें विकसित करने का अधिकार है।' वर्तमान संदर्भ में देखें तो स्कूल उस समय तक नए विचारों के पोषक या उनके प्रसार का स्थल नहीं बन सकते हैं, जब तक स्कूल शिक्षक पूरी तरह लैस न हों और उनमें यह प्रतिबद्धता न हो कि हर बच्चे व हर छात्र को अपनी पसंद के क्षेत्र में पूरी तरह अभिव्यक्त करने का अवसर न मिले, फिर चाहे वह संगीत, खेल, गणित, पेंटिंग, कल्पना, रचनात्मकता, आदि कुछ भी क्यों न हो। यह शिक्षक शिक्षण संस्थानों-टीईआई की सबसे प्रमुख भूमिका है। स्कूलों व विश्वविद्यालयों में गुणवत्ता, विचारों, खोजों व कल्पनाओं को पोषित किया जाता है, पर यह काम कैसे किया जाए इसे अंतर्निहित करने व परीक्षण का काम टीईआई में होता है।

हमें प्राचीन भारत पर गर्व है क्योंकि तमाम आभासी विविधता के बावजूद इसने अपनी संस्कृति की सार्वभौमिकता स्थापित कर मानवजाति की मूल एकता स्थापित की। अकादमिक संस्थानों को अपने आप से एक सवाल पूछना चाहिए, क्या हम आत्मविश्वास, प्रतिबद्धता, दृढ़ता व लगन के ऐसे स्तर पर काम कर रहे हैं जिनसे हमें विश्वसनीयता प्राप्त होगी? क्या अकादमीशियनों के रूप में हमने स्वीकार किया है और इसके दास बन गए हैं कि 'शिक्षक कम मौलिक होते हैं, वे कम महत्वाकांक्षी होते हैं और वे पुराने रूपों के प्रति जुड़ाव अधिक अनुभव करते हैं।' डा.एस. राधाकृष्णन के प्रति सर्वथा उपयुक्त श्रद्धांजलि और वास्तव में शिक्षण, सीखने व ज्ञान की महान भारतीय खोज के प्रति प्रतिबद्धता यही होगी कि हम शिक्षकों का सम्मान करें तथा उनको भविष्य के निर्माता की तरह देखें। वे न केवल किसी व्यक्तिगत छात्र, बल्कि समाज, समुदाय और राष्ट्र का भविष्य भी बनाते हैं। इसे प्राप्त करने के लिए हमें विश्व स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान तथा आजीवन लर्निंग, अनलर्निंग व रि-लर्निंग की सुविधायें बनानी चाहिए।

## आप की बात

### उपेक्षित शिक्षक

**देश** में प्रत्येक वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिन पर मनाया जाता है। भारत देश में प्राचीनकाल से गुरुओं का सम्मान होता आया है। जिन्होंने समाज के उन लोगो को राह दिखाया जो जीवन से हताश हो गए। उनकी भौतिक उन्नति के साथ देवताओं से मिलने का रास्ता दिखाया। आज गर्व है भारत देश मे सर्वोच्च पदों पर शिक्षक बैठे और बैठ रहे हैं। लेकिन चिंता की बात है। देश में शिक्षकों की स्थिति कुछ राज्यों में बेहद खराब है। उप्र के वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों में अल्प वेतन पर अध्यापन करने वाले अध्यापकों द्वारा विगत 30 वर्षों से राज्य सरकार से मानदेय और सेवाशर्तों की मांग कर रहे हैं। विधान परिषद में इस मुद्दे को कई बार उठाया गया। धरना प्रदर्शन किया गया। सरकार द्वारा केवल कोरा आश्वासन दिया गया है। अल्प वेतन में पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रबन्धकों के तानाशाही रवैये का शिकार होना पड़ता है। सेवा नियमावली के अभाव में उन्हें किसी भी समय विद्यालय से निकल दिया जाता है। उन्नाव जिले के एक अध्यापक को जिसने 30 वर्षों तक शिक्षण किया प्रबंधक ने उसको निकाल दिया। सारी जिंदगी निजी विद्यालयों में अध्यापन करने वाला शिक्षक घर खाली हाथ आता है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### कमरतोड़ महंगाई

**बढ़ती** महंगाई से खासोआम परेशान हो गया है। सबसे ज्यादा असर मध्यमवर्ग पर पड़ा है। कोरोना कल से परेशान मध्यमवर्ग जैसे तैसे संभला है तो महंगाई ने उसकी कमर तोड़ रख दी। दाल, चावल, सब्जी और रोटी जैसे भोजन की थाली सजाने वाले परिवारों के लिए बीते कुछ महीने में हर चीज महंगी हो चुकी है। आटा, शक्कर, दाल, गेहूं, चावल, तेल समेत जीवनावश्यक वस्तुओं के दाम बेतहाशा बढ़ने से गृहिणियों का मासिक बजट गड़बड़ा गया है। बेतहाशा बढ़ती महंगाई ने आमजनों का चैन और सुकून छीन लिया है। गत दो वर्ष में आम आदमी गेहूं, चावल, दाल के मकड़जाल में उलझ कर रह गया है। चाहे किरना हो या खाद्यान्न, सभी के दाम आसमान पर हैं। तेजी से गरीब मध्यम वर्गीय परिवार के साथ अमीरों का भी कमर टूटती नजर आ रही है। 2 साल में चावल का दाम लगभग दोगुने से ज्यादा हो गए हैं, अन्य सभी वस्तुओं के दाम 40 से 50 फ़ीसदी तक बढ़ गए हैं। गृहिणियों का कहना है कि पहले जहां हर महा 6 से 8 हजार रुपए में घर खर्चा चल जाता था, वहीं अब 10 से 12 हजार रुपए भी कम पड़ रहे हैं। गृहिणियों के अनुसार वर्तमान में घर चलाने को वित्त मंत्री से ज्यादा माथापच्ची करनी पड़ रही है।

– **सदन जी,** पटना विश्वविद्यालय


### घातक है तकनीकी प्रगति भी

**देश** में जितनी भी तकनीक का इजाद हुआ है उसके संभावित खतरे भी उतने ही बढ़े हैं। देश में साइबर अपराधों का 5 साल में दुगना होना चिंताजनक बात तो है ही लेकिन इन अपराधों को रोकने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं होना उससे बड़ी चुनौती है। सायबर अपराध निरोधक कठोर नियम न होने के कारण यह अवैध कारोगार का रूप लेता जा रहा है। युवाओं द्वारा महज रोमांच के लिए इन अपराधों को अंजाम देना एक गंभीर पहलू है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों को देखें तो सन 2018 में देश में 21,796 साइबर-क्राइम हुए जिनमें 2020 में बढ़ोतरी लगभग दुगनी से अधिक हो गई। इस वर्ष आंकड़ा 50,035 हो गया। आंकड़ों का बढ़ना निरंतर चिंताजनक तो है ही लेकिन इनके नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिसकर्मियों के नहीं होने से अपराधियों के हौसले बुलंदी पर है। ऐसे में आने वाले भविष्य में क्या होगा इस पर गंभीर विचार जरूरी है। अगर इन पर नियंत्रण के सख्त तरीके अमल में नहीं लाए गए तो आम आदमी का का क्या होगा यह बड़ी चिंता की बात है।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**बलात्कार** कौन करता है? अधिकांश घटनाओं में रिश्तेदार या परिचित शामिल होते हैं।

– **अशोक गहलौत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री



**आप** वास्तव में किसिंग हैंड आयोजन में रानी के हाथ नहीं चूमते हैं, बल्कि उनको अपने होठों से हल्के से छूते हैं।

– **टोनी ब्लेयर**
पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री



**संवैधानिक** पद पर रहते हुए कोई अपनी बेटी को ठेका कैसे दे सकता है? दिल्ली एलजी ने केवीआईसी एक्ट का उल्लंघन किया है।

– **संजय सिंह**
*आप* के राज्यसभा सांसद

# डाटा सेंटर में निवेश के हब के रूप में उभर रहा यूपी

## मुख्यमंत्री ने अश्वमेध-एलारा इण्डिया डॉयलाग-2022 को वर्चुअल माध्यम से किया संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश अब डाटा सेंटरों में निवेश के हब के रूप में उभर रहा है। यह राज्य डिजिटल क्रान्ति का अग्रदूत है। देश में विकसित हो रही स्मार्ट व अमृत सिटीज़ की बड़ी संख्या उत्तर प्रदेश में है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में देश में सबसे बड़ा उपभोक्ता एवं श्रम बाजार है तथा प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों से सम्पन्न है।

योगी सोमवार को पांच कालीदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर अश्वमेघ-एलास इंडिया डायलाग-2022 में उत्तर प्रदेश मॉडल स्टेट फार, फ्यूटर इंडिया विषय पर वर्चुअल माध्यम से अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।



योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर का बनाने का संकल्प लिया है। उनके नेतृत्व में इस दिशा में नियोजित प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भारत यूनाइटेड किंगडम को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर की बनाने के लक्ष्य की पूर्ति में उत्तर प्रदेश की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय पटल पर एक सक्षम और समर्थ राज्य के रूप में उभर रहा है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के एक बड़े लक्ष्य को सामने रखकर अपनी कार्ययोजना को लागू किया है। उत्तर प्रदेश में लगभग 25 करोड़ लोग निवास करते हैं, जिसमें से 56 प्रतिशत आबादी कामकाजी आयु वर्ग की है। उन्होंने कहा कि विगत 5 वर्षों में उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ है। प्रदेश सरकार ने राज्य में कानून का शासन स्थापित किया है। प्रदेश सरकार ने 40 विभागों के 1400 से अधिक अनुपालन निरस्त कर दिए हैं, 26 से अधिक निरीक्षणों के लिए स्वप्रमाणन-तृतीय पक्ष सत्यापन की अनुमति दी गई है। उत्तर प्रदेश में भारत का सबसे बड़ा ऑनलाइन सिंगल विण्डो क्लीयरेंस सिस्टम.निवेश मित्र सफ लतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एक नीति-संचालित शासन के दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार सक्रिय रूप से विभिन्न नीतिगत निर्णयों के माध्यम से लैण्ड बैंक को अनलॉक करने के लिए कई सुधार लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अनेक सेक्टर्स को निवेश के लिए अनुकूल बनाकर विभिन्न क्षेत्रों का विकास किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी-आईटीईएस सेक्टर में भारत के लगभग 26 प्रतिशत मोबाइल निर्माता उत्तर प्रदेश में कार्यरत हैं तथा 200 से अधिक ईएसडीएम (इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एण्ड मैन्युफैक्चरिंग) कम्पनियां प्रदेश में स्थित हैं। राज्य सरकार सेमी कण्डक्टर निर्माण तथा फैब इकाइयों के लिए क्लस्टर विकसित कर रही है। डेटा सेंटर के क्षेत्र में एक साल के भीतर कई निवेश प्रस्ताव आए हैं तथा परियोजनाएं विकसित हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2018 में प्रदेश में पहली बार इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया था। इस समिट में 4'68 लाख करोड़ रुपए के 1045 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन निवेश प्रस्तावों को वास्तविक निवेश में बदलने के लिए समिट के बाद कई सक्रिय कदम उठाए गए हैं। जिसके परिणाम स्वरूप जुलाईए 2018 में सम्पन्न पहले ग्राउण्ड.ब्रेकिंग समारोह में प्रधानमंत्री ने 61792 करोड़ रुपए की 81 परियोजनाओं का शुभारम्भ किया। इसी प्रकार जुलाई 2019 में 67202 करोड़ रुपये की 290 परियोजनाओं तथा 3 जून 2022 को तीसरे ग्राउण्ड ब्रेकिंग समारोह में 80000 करोड़ रुपए की 1400 से अधिक परियोजनाओं का शुभारम्भ हुआ। इस प्रकार वर्ष 2017 से वर्ष 2022 तक उत्तर प्रदेश में कुल 3 लाख 44 हजार करोड़ रुपए से अधिक की निवेश परियोजनाओं का शुभारम्भ किया जा चुका है, जिससे कुल 15 लाख 52 हजार से अधिक रोजगार का सृजन हुआ। इस अवसर पर एलारा कैपिटल के अध्यक्ष राज भट्ट ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके सद्प्रयासों से प्रदेश में व्यवसायियों एवं निवेशकों के लिए सुरक्षा का वातावरण निर्मित हुआ है। यह वातावरण प्रदेश के समग्र विकास में अहम भूमिका का निर्वहन करेगा।

# मोदी के जन्मदिवस पर बीजेपी 17 से मनाएगी सेवा पखवाड़ा

## ● गांधी जयंती तक चलेंगे विभिन्न कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, क्षेत्रीय अध्यक्षों व जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारियों की सोमवार को वर्चुअल बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न सेवा कार्यो व कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया। पार्टी 7 व 8 सितम्बर को क्षेत्र स्तर पर, 11 व 12 सितम्बर को जिला स्तर पर और 14 व 15 सितम्बर को मंडल स्तर पर बैठकें आयोजित कर सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत होने वाले कार्यक्रमों के क्रियान्वयन को लेकर तैयारियों को अन्तिम रूप देगी।

बैठक में तय किया गया कि 17 सितम्बर से महात्मा गांधी जयन्ती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत पार्टी कार्यकर्ता नरेन्द्र मोदी व्यक्तिव एवं कृतित्व पर जिला स्तर पर प्रर्दशनी लगाएंगे। इसके साथ ही स्टाल लगाकर पार्टी कार्यकर्ता मोदी के व्यक्तित्व व प्रशासनिक कार्यकुशलता से जुड़े विषयों पर आधारित पुस्तकों को जनसामान्य तक पहुंचाएंगी। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता रक्तदान महादान के संकल्प के साथ रक्तदान शिविर लगाकर रक्तदान करेंगे। इसके साथ ही सेवा पखवाड़ा के तहत प्रत्येक जिले में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किये जाएगें तथा दिव्यांगो को कृतिम अंग तथा उपकरण वितरित किये जाएगें। कोविड की बूस्टर डोज लेने के लिए जनता को प्रेरित करने के लिए टीकाकरण केन्द्रों पर स्टाल लगाकर पार्टी जागरूकता करेगी तथा लोगों को टीकाकरण केन्द्रो तक पहुंचाने का कार्य करेंगी। सेवा पखवाड़े के तहत पार्टी सभी बूथों पर वृक्षारोपण अभियान चलाएगी तथा मण्डल स्तर पर दो दिन स्वच्छता अभियान भी चलाएगी। पार्टी जल ही जीवन के मंत्र के साथ जल संरक्षण व संवर्धन के लिए जागरूक करेगी। भारत की विविधता में एकता का उत्सव मनाकर पार्टी एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश लेकर समाज में जाएगी। इसके साथ ही आत्मनिर्भर भारत की सफलता की कहानी वोकल फॉर लोकल को भी समाज के हर वर्ग तक पार्टी लेकर जाएगी। सेवा पखवाड़ा के तहत पार्टी प्रत्येक जिले में प्रबुद्धजन एवं बुद्धिजीवी सम्मेलनों के माध्यम से प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व, विजन एवं उपलब्धियों पर व्यापक चर्चा करेगी। गांधी जयंती 2 अक्टूबर को पार्टी कार्यकर्ता स्वदेशी से स्वावलम्बी भारत के निर्माण तथा खादी, सादगी एवं स्वच्छता के लिए जागरूकता अभियान चलाएगी। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का 20 वर्षों का मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में सेवा और सुशासन को समर्पित कार्यकाल गरीबों के कल्याण एवं भारत को वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनाने पर केन्द्रित रहा है। पीएम के जन्मदिन 17 सितम्बर से पार्टी द्वारा शुरू किये जा रहे सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत बूथ स्तर तक सेवा व अन्य विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रम प्रभावी ढ़ग से सम्पन्न हों, इसके लिए जिला व मंडल स्तर पर योजना पूर्वक कार्य करना चाहिए। राधा मोहन सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के प्रति संकल्पित है।

## ब्रिटेन जैसी प्रति व्यक्ति आय होने पर ही दूर होंगी समस्या

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने भारत की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने पर अपनी प्रतिक्रिया दी। सोमवार को मायावती ने कहा कि भले ही भारत की अर्थव्यवस्था, ब्रिटेन को पीछे छोड़ चुकी हो लेकिन ये तब संतोष की बात होती जब देश के गरीब जीवन में आवश्यक सुधार होते। सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था, ब्रिटेन को पीछे छोड़कर, विश्व में पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है किन्तु यह संतोष की बात तब होती जब यहां के लगभग 140 करोड़ लोगों के गरीब जीवन में आवश्यक सुधार को प्रदर्शित करने वाले आंकड़े जैसे प्रतिव्यक्ति आय में भी तुलनीय वृद्धि हुई होती। मायावती ने आगे कहा कि ब्रिटेन के लोगों की प्रति व्यक्ति आय भारत के लोगों से करीब 20 गुणा ज्यादा है, जिसकी बराबरी पाने पर ही देश की गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा जैसी दुखद समस्याओं को दूर करने में मदद मिलेगी। देश की अधिकतर आबादी गरीबी व निम्न आय वर्ग में पिछड़ गई है। जिसकी सही चिन्ता बहुत जरूरी है।

# प्रसपा कमाल यूसुफ के निधन पर मनाएगी तीन दिन का शोक

## ● समाजवादी आंदोलन को गहरा झटका: शिवपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पूर्व** मंत्री कमाल यूसुफ मलिक के निधन पर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) ने तीन दिवसीय शोक घोषित किया है। कमाल यूसुफ मलिक की तस्वीर को माल्यार्पित करते हुए प्रसपा प्रमुख शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि कमाल साहब एक सच्चे समाजवादी और प्रगतिशील विचारों के पोषक थे। वे गंगा-यमुनी संस्कृति को जीने वाले देशभक्त मुसलमान थे। वे मौलाना आज़ाद और राम मनोहर लोहिया को अपना आदर्श तथा चौधरी चरण सिंह व लोकबंधु राजनारायण को अपना नेता मानते थे। प्रसपा के गठन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। पांच दशक के लंबे सार्वजनिक जीवन में उन पर कोई दाग नहीं लगा सका। वे जितनी अकीदत से कुरान पढ़ते थे उतने ही श्रद्धा भाव से गीता का वाचन करते थे। आपात काल के दौरान जेल की यातना सहने वाले कमाल मलिक जनसरोकारों से जुड़े नेता थे। कमाल साहब की मृत्यु से समाजवादी आंदोलन को गहरा झटका लगा है। प्रसपा मुख्य प्रवक्ता दीपक मिश्र ने कहा कि कमाल बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। हिंदी कविताओं व उर्दू शायरी पर उनकी जबरदस्त पकड़ थी इस अवसर पर पूर्व मंत्री संगीता यादव, हरिशंकर यादव, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष गयासुल हक, दिनेश यादव, राम बाबू रस्तोगी, आशुतोष त्रिपाठी, प्रो. अल्पना बाजपेई, शांति यादव, दौलत अली, राधा, मोनू पाठक, फारुख समेत कई पदाधिकारी व नेता मौजूद रहे।

# बस अड्डों को जल्द से जल्द पीपीपी माडल पर विकसित किया जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने प्रदेश के बस अड्डों को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने के लिए की गयी कार्यवाही की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि 75 जिलों के सभी बस स्टेशनों की रुपरेखा तैयार करके सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर जल्द से जल्द सुंदरीकरण तथा विकसित किया जाए।

उन्होंने कहा कि आने वाले सालों में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ेगीए इसलिए उसी को ध्यान में रखते हुए बस स्टेशनों पर चार्जिंग प्वाइंट्स बनाये जाए। इसके साथ ही बस स्टैंडों पर मानक के अनुसार रैंप बनाया जाएए जिससे यात्रियों को सामान लाने.जाने में असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि फेज-1 के अंतर्गत 16 जनपदों के 24 बस अड्डों गाजियाबाद में तीन, आगरा में तीन, प्रयागराज में दो, लखनऊ में तीन, अयोध्या में दो तथा मथुरा, कानपुर नगर, वाराणसी, मेरठ, अलीगढ़, गोरखपुरए, बुलंदशहर, हापुड़, बरेली, रायबरेली, मिर्जापुर में एक-एक को विकसित किया जा रहा है। फेज-2 में 24 जनपदों कासगंज, महोबा, बिजनौर, इटावा, फतेहपुर, श्रावस्ती, अमरोहा, उन्नाव, बलिया, मुरादाबाद, रामपुर, एटा, बलरामपुर, बस्ती, देवरिया, फिरोजाबाद, गोंडा, कन्नौज, पीलीभीत, अंबेडकरनगर, बदांयू, बागपत, मुजफ्फरनगर, संभल के 24 बस अड्डों का कायाकल्प किया जाएगा। इसके अतिरिक्त फेज-3 में 35 जिलों के 35 बस अड्डों को भी विकसित किये जाने का प्रस्ताव है। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार तिवारी तथा परिवहन, वित्त, आवास एवं शहरी विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

## सपा प्रतिनिधिमण्डल ने की प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सोमवार को प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से सपा प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस भेंट के दौरान सपा प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को बताया कि नगीना (सुरक्षित) विधान सभा क्षेत्र से सपा विधायक एवं पूर्व मंत्री मनोज कुमार पारस द्वारा अपनी विधान सभा क्षेत्र के मतदेय स्थलों के मतदाताओं को दूर स्थित मतदेय स्थलों से जोड़ने तथा मतदेय स्थलों का अव्यवहारिक सम्भाजन किये जाने की शिकायत बिजनौर के जिलाधिकारी से की गई है। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को उक्त शिकायत की स्थलीय जांच करवाकर मतदाताओं को निकट के मतदेय स्थल से जोड़ने तथा मतदेय स्थलो के सम्भाजन को व्यवहारिक रूप से कराने का आदेश देने का अनुरोध किया है।

## यूपीएससीआर में होंगी विश्व स्तरीय सुविधाएं, अंतरराष्ट्रीय कंपनी बनाएगी डीपीआर

# जिलों के लिए सुनियोजित विकास के तैयार होंगे रोडमैप

## ● गठित हो सकते हैं नए औद्योगिक क्षेत्र, औद्योगिक विकास को लगेंगे पंख

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की नेशनल कैपिटल रीजन एनसीआर के तर्ज पर उप्र स्टेट कैपिटल रीजन यूपीएससीआर बनाने की घोषणा के बाद कार्य योजना पर तेजी से कार्य शुरू कर दिया गया है। यूपीएससीआर के सभी जिलों के सुनियोजित और सुव्यवस्थित विकास के लिए विश्व स्तरीय सुविधाओं पर जोर दिया जा रहा है ताकि पूरे यूपीएससीआर का विकास हो और सभी जिलों में समान रूप से निवेश को बढ़ावा मिले। डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट डीपीआर बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय कंपनी का चयन किया जाएगा। सीएम योगी ने निकट भविष्य की जरूरतों को देखते हुए हाल ही में उच्च स्तरीय बैठक में यूपीएससीआर की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद यूपीएससीआर में विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पहली प्राथमिकता आधारभूत संरचनाओं के विकास पर है। इसीलिए डीपीआर के लिए ऐसी कंपनी के चयन की योजना है जिसने पहले इस तरह के प्रोजेक्ट की रचना की होए इसके लिए अंतरराष्ट्रीय टेंडर निकाला जाएगा।

फिलहाल फोकस यूपीएससीआर के सभी जिलों के समान रूप से विकास पर है। रोड कनेक्टिविटी बेहतर करने के लिए जिले इंटर कनेक्ट होंगे। इससे सभी शहरों से आवागमन आसान होगा। इसके अलावा इन्फ्रास्ट्रक्चर रोड और मेट्रो सेवाओं को भी विस्तार किया जाएगा। यूपीएससीआर के जिलों में सुनियोजित विकास के लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा। साथ ही निवेश को बढ़ावा देने के लिए नए औद्योगिक क्षेत्र भी गठित होंगे। इससे औद्योगिक विकास को पंख लगेंगे। सीएम योगी के एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य को पाने में यूपीएससीआर बड़ी भूमिका निभाएगा। इसके लिए सभी जिलों में समान रूप से निवेश को बढ़ावा दिया जाएगाए ताकि किसी एक शहर पर बोझ न पड़े बल्कि सर्वसमावेशी विकास हो। इसके लिए सरकार अलग से बजट आवंटित कर सकती है। यूपीएससीआर के लिए बनने वाली तीन कमेटियों में स्टेट लेवल हाई कमेटी निर्णय लेगी, जिस पर सीएम योगी अंतिम मुहर लगाएंगे जबकि दूसरी कमेटी कार्रवाई अमल में लाएगी। तीसरी कमेटी तीनों मंडलों लखनऊ, कानपुर और अयोध्या के कमिश्नर की अध्यक्षता में होगीए जो शहरी विकास को धरातल पर उतारेंगे।

# हर देशवासी के लिए न्याय की हुंकार होगी भारत जोड़ो पदयात्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** महासचिव और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा है कि आजाद भारत ने रूढ़ियों की बेड़ियों को तोड़कर जड़ता का बबूल नहीं बोया था, उसने विभिन्न धर्मों, खान-पान, पहनावे, भाषा-बोली के बहुलतावाद का बाग लगाया था। मगर पिछले 8 सालों से सत्ता के स्वार्थों के लिए भारत को हर स्तर पर तोड़ा जा रहा है और देश की संपत्ति व संसाधनों का रुख 'मुट्ठीभर अमीर मित्रों' की ओर मोड़ा जा रहा है। कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए सुरजेवाला ने कहा कि कमरतोड़ महंगाई ने हर घर का बजट बिगाड़ दिया है। अमीर और अमीर तथा नौकरी पेशा मध्यम वर्ग और गरीब और ज्यादा गरीब हो रहे हैं। अमीर और गरीब के बीच की खाई विकराल रूप ले चुकी है। आज फिर महात्मा गांधी के जन आंदोलन को दोबारा खड़ा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश के वर्तमान हालात को देखते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ा का एक नारा बुलंद किया है। जो प्रजातंत्र की गगनचुंबी ऊंचाइयों पर पहुंचेगा और तोड़ने की संस्कृति की तपती धूप में जोड़ने की मनोवृत्ति की शीतल छाया प्रदान करेगा। कश्मीर से कन्याकुमारी तक 7 सितंबर 2022 से 3570 किलोमीटर की 'भारत जोड़ो' पदयात्रा लगभग बारह प्रांत एवं दो केंद्र शासित प्रदेशों से गुजरेगी, जो हर भारतवासी के लिए न्याय की हुंकार होगी। सुरजेवाला ने इस दौरान आम जनमानस से जुड़े विभिन्न पहलुओं को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 45 वर्षों की भीषणतम बेरोजगारी देश में परोस दी गई है। आज भी देश में बेरोजगारी की दर 8.1 प्रतिशत को पार कर रही है। भारत की रीढ़ की हड्डी यानि सूक्ष्म-लघु व मध्यम श्रेणी के उद्योगों को तोड़ा गया। महामारी की विभीषिका में 84 प्रतिशत भारतीय घरों की आय कम हो गई, देनदारी बढ़ गई और दूसरी ओर 142 सबसे अमीर भारतीयों की आय 3000000 करोड़ बढ़ गई। गुजरात के मोदी जी के एक चहेते मित्र तो अब देखते-देखते दुनिया के तीसरे सबसे अमीर आदमी हो गए। उनकी आय तो 1000 करोड़ प्रतिदिन तक बढ़ी। सुरजेवाला ने कहा कि मोदी सरकार की सत्ता की सरपरस्ती में 535000 करोड़ के बैंक फ्रॉड हुए और नियोजित रूप से विजय माल्या, नीरव मोदी, मेहुल चोकसी, ललित मोदी और संदेसरा बंधु जैसे कई लोगों को देश से भगा दिया गया। यही नहीं मोदी सरकार के 8 साल में बैंकों का 1206616 करोड़ का कर्ज भी प्राईट ऑफ कर दिया। होटल को परमिट देने वाले अफसरों पर हो सख्त कार्रवाई राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला ने हजरतगंज इलाके के लेवाना सुइट्स होटल में लगी आग में मरने वालों के प्रति अपनी संवेदना और शोक प्रकट किया।

## जल्द शुरू होगी झलकारी बाई कोरी हथकरघा एवं पावरलूम विकास योजना

**लखनऊ।** हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग राकेश सचान ने निर्देश दिए कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ हथकरघा बुनकरों को प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाय। उन्होंने कहा कि योजनाओं लाभ आसानी से बुनकरों को मिले इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया जाय और प्रदेश के सभी हथकरघा एवं पावरलूम बुनकरों को पोर्टल पर पंजीकृत कराया जाय। उन्होंने कहा कि पावरलूम बुनकरों को विद्युत दर में छूट प्रतिपूर्ति हेतु शीघ्र ही नयी नीति लागू की जायेगी। उन्होंने इस नीति के प्रस्ताव की गहन समीक्षा और निर्देश दिये कि नीति को अंतिम रूप दिये जाने हेतु बुनकरों संगठनों के साथ बैठक कर उनको सभी बिन्दुओं से अवगत करा दिया जाय। बुनकरों से विचार विमर्श करके ही नई नीति लागू की जायेगी। यह बात मंत्री राकेश सचान ने खादी भवन में हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान कही।

## दीपोत्सव पर 18 लाख से अधिक दीयों से रोशन होगी प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या

# राम की पैड़ी में फिर बनेगा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड

## ● इस बार प्रदेश की हर ग्राम सभा से 10-10 दीये बनवाए जा रहे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में एक बार फिर भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में दीपोत्सव को भव्य बनाने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अयोध्या में त्रेतायुग को जीवंत करने के लिए इस बार दीपोत्सव में 14 लाख से ज्यादा दीयों को जलाने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए पर्यटन विभाग ने कमर कस ली है। इसके अलावा अयोध्या के प्रमुख 21 मंदिरों में 4.50 लाख दीये जलाए जाएंगे। पर्यटन विभाग ने सभी जिलों के डीएम को अपनी-अपनी ग्राम सभा से दस-दस दीये बनवाकर दीपदान करने को कहा है। ये सभी दीये सरयू तट पर राम की पैड़ी पर जलाए जाएंगे। विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम भी राम की पैड़ी पर उपस्थित रहेगी। प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हर साल दीपावली की पूर्व संध्या पर अयोध्या में भव्य दीपोत्सव मनाया जाता है। इस बार छठवें दीपोत्सव पर राम की पैडी में 14 लाख से ज्यादा दीयों को जलाकर गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कराया जाएगा। पिछली बार यहां 12 लाख से ज्यादा दीये जलाए गए थे। मुकेश मेश्राम ने बताया कि गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कराने के लिए प्रदेश के सभी जिलों के जिलाधिकारियों को प्रत्येक ग्राम सभा से 10-10 दीये बनवाने का निर्देश दिया गया है। इन दीयों को डॉ राममनोहर लोहिया अवध विवि फैजाबाद को सौंपा जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी दीयों को दीपदान के संयोजक चीफ प्रॉक्टर डॉ अजय प्रताप सिंह और पर्यटन विभाग के उप निदेशक राजेंद्र प्रसाद यादव को देंगे। दीपोत्सव पर 14 लाख से ज्यादा दीये राम की पैड़ी में जलाए जाएंगे जबकि अयोध्या के प्रमुख 21 मंदिरों में 4.50 लाख दीये जलाए जाएंगे। ये दीये गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राम जन्म भूमि पर 51 हजार, हनुमान गढ़ी पर 21 हजार दीये जलाए जाएंगे। इसी तरह कनक भवन, गुप्तार घाट, दशरथ समाधि, राम जानकी मंदिर साहबगंज, देवकाली मंदिर, भरत कुंड समेत प्रमुख मंदिरों में 21 हजार दीये जलाए जाएंगे। वहीं पूरे अयोध्या को रोशन करने के लिए सामाजिक संगठनों को भी दीये वितरित किए जाएंगे।

## सत्ता संरक्षण में भाजपाई नेता भी अपराधिक घटनाओं को दे रहे अंजाम

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हर तरफ हत्या, लूट, अपहरण और दुष्कर्म हो रहे हैं। महिलाओं का सड़क पर निकलना मुश्किल हो गया है। व्यापारियों को लगातार बेखौफ अपराधी निशाना बना रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि सत्ता संरक्षण में भाजपाई नेता भी खुलकर अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। खुद पुलिस कर्मियों के परिवार भी सुरक्षित नहीं। भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश की धरती रक्तरंजित हो चली है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज में व्यापारी सर्वाधिक असुरक्षित हैं। अपराधी कितने बेखौफहैं। भाजपा समर्थित खनन माफियाओं की दबंगई से जाहिर है। उन्हें पुलिस का खौफहैए न कानून का डर है। आगरा में माफिया बिना टोलटैक्स चुकाए हाईस्पीड में बैरियर तोड़ते हुए आधा दर्जन से ज्यादा ट्रैक्टर निकाल ले गए। मुख्यमंत्री इतनी घटनाएं होने पर भी कानून के राज का दावा करते नहीं थकते हैं।

## सरकार घायलों के समुचित इलाज का इंतजाम करे: अखिलेश

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने राजधानी के होटल लेवाना में हुए अग्निकाण्ड को दु:खद बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना जताई है तथा ईश्वर से मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। अग्निकाण्ड में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि सरकार घायलों के समुचित इलाज का इंतजाम करें।

## सपा प्रमुख ने व्यक्त किया शोक

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूर्व मंत्री कमाल यूसुफ मलिक के निधन पर गहरा शोक जताते हुए संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। कमाल यूसुफ मलिक सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक निर्वाचित हुए थे। वे समाजवादी सरकार में मंत्री भी रहे थे।

# यूपी में और बहुरेंगे बाजरे के दिन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बाजरे के दिन और बहुरने वाले हैं। हालांकि बाजरे के प्रति हेक्टेयर उपज, कुल उत्पादन और रकबे में लगातार वृद्धि हुई। इसके बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि अपने पौष्टिक गुणों के कारण चमत्कारिक अनाज कहे जाने वाले बाजरे की खेती को यथा संभव प्रोत्साहन दिया जाय। यही वजह है कि विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद अगले 100 दिन, 6 माह, दो साल और पांच साल के काम का लक्ष्य तय करने के लिए सेक्टरवार मंत्री परिषद के समक्ष प्रस्तुतिकरण लिया था। इसी क्रम में सामाजिक सेक्टर के प्रस्तुतिकरण के दौरान उन्होंने निर्देश दिया था कि न्यूट्रीबेस्ड फूड बाजरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर खरीद और वितरण की व्यवस्था की जाए। सीएम योगी के निर्देश पर अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 में बाजरा एवं ज्वार सहित लुप्तप्राय हो रही कोदो और सावा की फसल को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि विभाग ने कई योजनाएं तैयार की हैं। बाजरे की खेती के लिए किसानों को इसकी खूबियों के प्रति जागरूक करने की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष-2023 का मकसद भी यही है।

समारोह में शिक्षकों का हुआ सम्मान

# डीएम ने शिक्षकों के साथ प्रधानों को किया सम्मानित!

संवाददाता। सीतापुर

**शिक्षक दिवस** के अवसर पर उत्तर प्रदेश के राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित 10 शिक्षको को जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में सम्मानित किया। वहीं सीतापुर राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाध्यापिका को समारोह में जिलाधिकारी सम्मानित किया। जीआईसी के हॉल में आयोजित समारोह में राज्य पुरस्कार प्राप्त बीहट बीरम उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका निर्मला भार्गव को 25 हजार की चेक व स्मृति चिन्ह देकर जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सम्मानित किया। समारोह में सीडीओ अक्षत वर्मा, बीएसए अजीत कुमार, सहायक वित्त लेखाधिकारी सरोज कुमार भी मौजूद रहे। इस समारोह में उत्कृष्ट शिक्षकों व ग्राम प्रधानों को भी सम्मानित किया गया। जिसके तहत जनपद के उत्कृष्ट शिक्षक, स्वच्छ विद्यालय, कायाकल्प, नवोदय, विद्याज्ञान स्कूल में छात्र-छात्राओं का चयन कराने वाले शिक्षकों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत में स्वच्छता को लेकर 5 ग्राम प्रधानों को भी सम्मानित किया गया। इसी क्रम में प्लान इंडिया, डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के जिला प्रमुख रंजीत सिंह के द्वारा जनपद सीतापुर में संचालित किए जा रहे प्राथमिक विद्यालयों में स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम जागरूक किए जाने को लेकर उनको सम्मानित किया गया, साथ ही शामिल हुए समस्त प्रतिभागियों को डिटॉल सेनीटाइजर भी वितरित किया गया।






# ...जब जीआईसी का निरीक्षण करने लगे डीएम सीतापुर

संवाददाता। सीतापुर

**सोमवार को** जिलाधिकारी अनुज सिंह पहुंचे तो शिक्षक सम्मान सम्मारोह में थे, लेकिन कार्यक्रम समापन के बाद वह जीआईसी विद्यालय भी पहुंच गए जहां पर उन्होंने विद्यालय का औचक निरीक्षण कर डाला। विद्यालय में बनी छात्रों के लिए लाइब्रेरी का निरीक्षण किया जहां पर डीएम अनुज सिंह ने प्रधानाचार्य अनूप कुमार तिवारी को निर्देश देते हुए लाइब्रेरी को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मौजूद ईओ वैभव त्रिपाठी को भी डीएम ने निर्देश दिए और बिल्डिंग को सही कराने के लिए रूप रेखा बनाने की बात कही। डीएम ने निरीक्षण के दौरान क्लास के बाहर रखी एक किताब भरी अलमारी जो जर्जर अवस्था में थी, और किताबे गीली दिख रही जिसे प्रधानाचार्य को निर्देश देते हुए सही कराने व किताबों को सुखाने की बात कही। इसके बाद जिलाधिकारी अनुज सिंह कक्षा 10 में पढ़ रहे छात्रों से पूंछा कि क्या बनना चाहते हो और पढ़ाई के बारे में जानकारी की। डीएम ने जीआईसी को कायाकल्प योजना में जोड़कर कार्य करवाने की भी बात कही। इस दौरान सीडीओ अक्षत वर्मा, बीएसए अजीत कुमार, उपप्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह, रविप्रकाश सक्सेना, शादाब खान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**संडीला( हरदोई )।** एक युवक ने फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम अल्लीपुर टंडवा निवासी बेचेलाल का पुत्र प्रमोद घर से बिना बताए हुए कहीं चला गया। जब वो देर शाम तक वापस नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की गयी। रात में उसका शव ग्राम निवासी नारायन के आम के बाग में एक पेड़ से लटकता हुआ मिला। इस संबंध में मृतक के परिजन का कहना था कि वह मानसिक रूप से परेशान था और इसी कारण उसने आत्महत्या कर ली।

# इन शिक्षकों और प्रधानों को सम्मान से नवाजा गया

**शिक्षक दिवस** पर जनपद के उत्कृष्ट शिक्षक, नवोदय, विद्याज्ञान स्कूल में छात्र-छात्राओं का चयन कराने वाले शिक्षकों, स्वच्छ विद्यालय, कायाकल्प में बेहतर कार्य में महमूदाबद के कम्पोजिट विद्यालय देवी सरांय की शबाना सिद्दीकी, पहला उच्च प्राथमिक विद्यालय कोरार के सहायक अध्यापक रंजीत सिंह, सकरन कम्पोजिट विद्यालय दुगाना सहायक अध्यापक राजकुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय सांडा की प्रधानाध्यापिका अस्मिता सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय केदारपुर महमूदाबाद सहायक अध्यापक अनिल, सकरन कम्पोजिट विद्यालय कोमिलापुर के सहायक अध्यापक प्रीती देवी, कम्पोजिट विद्यालय सरैंया सदिकापुर महोली के जगजीत सिंह मोंगा, उच्च प्राथमिक विद्यालय पीरपुर परसेंडी की सहायक अध्यापिका शालिनी प्रजापति, उच्च प्राथमिक विद्यालय बेदौरा की सहायक अध्यापक अपर्णा शुक्ला, कम्पोजिट विद्यालय कीरतापुर सकरन के सहायक अध्यापक ओमकार पांडेय, नगर क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय इस्माइलपुर की शशि तिवारी, सिधौली कम्पोजिट विद्यालय जोधौरा की ज्योत्सना श्रीवास्तव, सिधौली प्राथमिक विद्यालय देवीपुर द्वितीय के अंकित शेखर शुक्ला, रामपुरमथुरा प्राथमिक विद्यालय रामनगर के सहायक अध्यापक राममनोरथ दीक्षित, पिसावां प्राथमिक विद्यालय जहांसापुर प्रथम सहायक अध्यापक तरूण श्रीवास्तव, हरगांव प्राथमिक विद्यालय राही की सहायक अध्यापक प्रभा राय, ऐलिया प्राथमिक विद्यालय कचनार की शिक्षामित्र सरस्वती देवी, हरगांव प्राथमिक विद्यालय बड़खेरवा सहायक अध्यापक रूपाली तिवारी, पिसावां प्राथमिक विद्यालय मूड़ाखुर्द प्रधानाध्यापक शगुफ्ता इकबाल, खैराबाद प्राथमिक विद्यालय मिश्रापुर की प्रधानाध्यापिका नीलम कुमारी, महोली उच्च प्राथमिक विद्यालय पाल्हापुर के पुनीत कुमार तिवारी, सिधौली उच्च प्राथमिक विद्यालय सैदापुर अनूप कुमार, नवोदय, विद्याज्ञान में छात्रों का दाखिला कराने वालों शिक्षकों में पहला उच्च प्राथमिक विद्यालय घैला सहायक अध्यापक हरद्वारीलाल, पिसावां कम्पोजिट विद्यालय प्रेमपुर सहायक अध्यापक अजय प्रताप सिंह, बिसवां प्राथमिक विद्यालय खरैला प्रधानाध्यापक अजरा जबी, मछरेहटा प्राथमिक विद्यालय पहाड़पुर सहायक अध्यापक दिलीप शुक्ला, बिसवां कम्पोजिट विद्यालय गोधनी सरैंया शिक्षामित्र कन्याकुमारी, बिसवां कैमहरा खुर्द सहायक अध्यापक सुरजीत कुमार, बेहटा प्राथमिक विद्यालय तेजवापुर श्रुति सिंह, बेहटा प्राथमिक विद्यालय ड्योढ़ीह सहायक अध्यापक नरेश कुमार, बेहटा प्राथमिक विद्यालय धनपुरिया इंचार्ज प्रधानाध्यापक नीरज कुमार, हरगांव प्राथमिक विद्यालय दोस्तपुर इंचार्ज प्रधानाध्यापक उत्तम कुमार, गोंदलामऊ प्राथमिक विद्यालय मोहिद्दीनपुर सहायक अध्यापक प्रज्ञा तिवारी। कायाकल्प में बेहटा प्राथमिक विद्यालय उमरियाकला प्रधानाध्यापक विजयनाथ चौरसिया, गोंदलामऊ उच्च प्राथमिक विद्यालय दहेलरा प्रधानाध्यापक दिव्यप्रकाश भारती, महमूदाबाद प्राथमिक विद्यालय बघाइन प्रधानाध्यापक अर्चना वर्मा, बिसवां उच्च प्राथमिक विद्यालय नकारा प्रधानाध्यापक संकेत वर्मा, मिश्रिख प्राथमिक विद्यालय इमलिया अमिताभ दुबे, रामपुर मथुरा प्राथमिक विद्यालय रामपुरमथुरा प्रधानाध्यापक गायत्री देवी, रेउसा उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरिया कम्पोजिट प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार, सिधौली प्राथमिक विद्यालय मल्लापुर प्रधानाध्यापक शिखा श्रीवास्तव, परसेंडी प्राथमिक विद्यालय प्रथम प्रधानाध्यापक शम्भूनाथ गहलोत, लहरपुर प्राथमिक विद्यालय न्यामूपुर प्रधानाध्यापक अमिता वर्मा, पहला कम्पोजिट रसूलपुर प्रधानाध्यापक राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, खैराबाद पूर्व माध्यमिक विद्यालय रहिमाबाद प्रधानाध्यापक सीमा बाजपेयी, पिसावां प्राथमिक विद्यालय गौरा प्रधानाध्यापक विपिन त्रिवेदी, महोली प्राथमिक विद्यालय कटिघरा प्रधानाध्यापक शैलेन्द्र कुमार, ऐलिया प्राथमिक विद्यालय बेलगवां प्रधानाध्यापक सुषमा सचान, सकरन उच्च प्राथमिक विद्यालय सांडा अस्मिता सिंह यादव, कसमंडा प्राथमिक विद्यालय खैरेंदेशनगर प्रधानाध्यापक चारू गुप्ता, हरगांव प्राथमिक विद्यालय पकरिया प्रधानाध्यापक एकलाख खां, नई बस्ती-1 प्रधानाध्यापक संतोषी गुप्ता। स्वच्छ विद्यालय के लिए बेहटा कस्तूरबा गांधी विद्यालय ज्ञानी देवी, बेहटा प्राथमिक विद्यालय उमरिया कला अजय कुमार मिश्रा, बेहटा प्राथमिक विद्यालय फूलपुर गोनिया मोहम्मद अजर्हद्दीन, महमूदाबाद प्राथमिक विद्यालय रजिया बेगम के साथ ही ग्राम प्रधान बिसवां की ग्राम पंचायत नकारा के जर्नादन प्रसाद, मछरेहटा गौरिया की सर्वेश कुमारी, सिधौली हफ्सैनगंज दयाशंकर, पिसावां लिल्ली गौरा नंदकिशोर, ऐलिया बेलगवां के जहीर खान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।





# शिक्षक दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**संडीला( हरदोई )।** क्षेत्र में शिक्षक दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिक्षकों को सम्मानित किया गया। स्थानीय आईआर इंटर कॉलेज में आयोजित शिक्षक दिवस में सेवा निवृत्त प्रवक्ता अब्दुल सबूर, मो0 अनीस खां के अलावा कॉलेज के शिक्षकों तथा शिक्षणेत्तर कर्मियों मो0 सोहेल खां, हाजी रमजान, अभिषेक अस्थाना, चन्द्रपाल, मो0 नबी, मो0 आसिफ गोविंद, शिव नारायन, आकाश को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पीएमबी के ब्रांच मैनेजर मनोज कुमार ने 5 सीलिंग फैन दिए। कॉलेज की प्रबंधक बेगम इशरत रसूल तथा प्रधानाचार्य डॉ0 ओमप्रकाश ने छात्र छात्राओं को आशीरवचन प्रदान किए। बीआरसी पर आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में प्राथमिक विद्यालय जामू की श्रीमती प्रियंका जायसवाल प्राथमिक विद्यालय सोहिलामऊ की सपना वर्मा, प्रा0वि0 के शिक्षक कृपा शंकर, प्रा0 वि0 गंगऊ के शिक्षक शिवनारायन, प्रा0 वि0 जलालपुर के शिक्षक दीपक त्रिपाठी, प्रा0 वि0 अकबरपुर के शिक्षक संतोष गौतम, उच्च प्राथमिक विद्यालय की संतोष कुमारी सिंह, प्रा0 वि0 आटामऊ की कु0 सौम्या मिश्रा , प्रा0 वि0 मुन्नूखेड़ा मो0 रईस अहमद तथा प्रा0 वि0 अशराफ टोला की नजमा शहीन को खण्ड शिक्षाधिकारी सीमा निगार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा एएआरपी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनंत कुमार, अमृत लाल, दिनेश मिश्रा, मनोज कुमार, नित्यानंद, शिवपाल, शचीन्द्र शुक्ला, उपेन्द्र वर्मा, विक्रांत कुमार आदि मौजूद रहे।


सम्मानित किए गए शिक्षणेत्र कर्मी

# गरीबों के लिए निरंतर कार्य कर रही सरकार: बद्री प्रसाद



**निघासन खीरी।** घर-घर जनसम्पर्क जय भाजपा तय भाजपा अभियान के अन्तर्गत नगर पंचायत चेयरमैन पद प्रत्याशी बद्री प्रसाद मौर्य ने नगर के कई वार्डों का दौरा कर घर घर जाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान करते हुए लोगों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार निरंतर गरीबों के हित के लिए कार्य कर रही है और किसानों के लिए अथक प्रयास में लगी है। सरकार का सपना है कि हर घर को स्वच्छ पानी और सभी को पक्का मकान और मुफ्त शिक्षा दवाई का सभी को लाभ मिले। बताया कि मुझे मौका मिलता है तो मैं निघासन नगर वासियों को विकास के पथ पर ले जाऊंगा। पूर्व में में प्रधान के रूप में निरंतर क्षेत्र वासियों का सेवा करता आ रहा हूं। यदि आप लोगों को भरपूर सहयोग मिला तो मैं भी आपका सेवक बनाकर कार्य करूंगा। वैसे भी आप लोगों की सेवा में तात्पर्य हूं। नगर पंचायत निघासन के शास्त्रीनगर वार्ड में घर घर जाकर आगामी नगर पंचायत चुनाव को लेकर जनसम्पर्क किया जिसमें जनता का पूर्ण समर्थन मिला। इस दौरान अविनाश दीक्षित व विपिन मौर्य समेत काफी लोग मौजूद रहे।

## विद्यालयों में रही शिक्षक दिवस की धूम

**मोहम्मदी-खीरी।** विद्यालयों में शिक्षक दिवस का आयोजन उत्साह से मनाया गया। विद्यालयों में हैप्पी टीचर्स डे की धूमधाम प्रात: से ही रही। कार्यक्रम के शुभारम्भ में सर्वप्रथम विद्यालयो में भूतपूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन व मां सरस्वती के चित्रों का अनावरण कर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवल किया गया। उत्साही बालक/बालिकाओं ने विद्यालयों के समस्त अध्यापक/ अध्यापिकाओं का तिलक वंदन किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने शिक्षक-शिक्षिकाओं के मध्य विभिन्न क्रिया-कलापों का आयोजन किया। प्रधानाचार्यो ने सभी विद्यार्थियों को अपने गुरूओं का सदैव सम्मान करने की प्रेरणा दी। विद्यालयों के प्रबंधकों ने छात्र/छात्राओं को अपने गुरूओं के प्रति सदैव श्रद्धा सुमन अर्पित करने तथा उनकी आज्ञा शिरोधार्य कर ही अपना अभीष्ट लक्ष्य प्राप्त करने का सम्यक बोध कराया। इस अवसर पर सभी अध्यापक व अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

# सदर विधायक के पिता का अंतिम संस्कार

● हजारों लोग हुए अंतिम यात्रा में शामिल

**ढखेरवा-खीरी।** लखीमपुर सदर विधायक योगेश वर्मा के दिवंगत पिता डा. बाल गोविंद वर्मा का 5 सितम्बर को दोपहर उनके पैतृक गांव ग्राम परौरी में अंतिम संस्कार करा दिया गया है। दिवंगत डा. बाल गोविंद वर्मा के छोटे पुत्र सिद्धेश वर्मा ने उन्हें मुखाग्नि दी है। 95 वर्षीय दिवंगत डा. वर्मा का कल रविवार दोपहर लखीमपुर स्थित उनके निजी अस्पताल में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार के लिए दोपहर बाद उनका शव पैतृक गांव परौरी लाया गया। जहां पर उनके अंतिम दर्शन के लिए बड़ी तादात में विधायक समर्थकों के साथ ही इलाकाई लोगों का हुजूम इकट्ठा हो गया। सोमवार दोपहर हुए अंतिम संस्कार में धौरहरा सांसद एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी, निघासन विधायक शशांक वर्मा, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, कॉपरेटिव बैंक के चेयरमैन विनीत मनार, अवध प्रांत के संगठन उपाध्यक्ष कमलेश मिश्र मोनू, सांसद प्रतिनिधि संजय सिंह, रमिया बेहड़ के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित वर्मा, सपा नेता हिमांशु पटेल के साथ ही वर्मा फिलिंग स्टेशन के डीलर अखिलेश वर्मा, प्रधान अखिलेश वर्मा, सुरेंद्र मोहन तथा अशोक वर्मा समेत हजारों की तादात में पार्टी कार्यकर्ता एवं इलाकाई ग्रामीण मौजूद रहे।



# आरसेटी में मना शिक्षक दिवस



**लखीमपुर-खीरी।** सोमवार को भंसड़िया स्थित इंड बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में उल्लास, उत्साह के साथ डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मोत्सव शिक्षक दिवस के रूप में मनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक राकेश कुमार ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। संस्थान निदेशक राकेश कुमार ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला तथा उनके गुणों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

● आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

उन्होंने कहा कि देश भर में शिक्षक दिवस दार्शनिक, लेखक और भारत के दूसरे राष्ट्रपति डा. एस राधाकृष्णन की याद में मनाया जाता है। उनका जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ था। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अनुकरणीय है। इस अवसर पर सिलाई, बीसी सखी बैच की महिलाएं व संस्थान का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# पेज एक का शेष

### भाजपा ने किया स्टिंग...

पात्रा, दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष आदेश गुप्ता और लोकसभा सदस्य मनोज तिवारी ने कथित शराब घोटाले के 13वें आरोपी सनी मारवाह के पिता कुलविंदर मारवाह के स्टिंग ऑपरेशन का वीडियो जारी किया।भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि स्टिंग ऑपरेशन से यह स्पष्ट हो गया है दिल्ली की सरकार ने प्रतिबंधित सूची में रखी गई कंपनियों को आमंत्रित किया और उन्हें ठेके दिए। गुप्ता ने कहा, केजरीवाल ने नई शराब नीति लाकर जनता के टैक्स के पैसों को बर्बाद किया है। घोटाला हुआ है, यह स्पष्ट हो चुका है, क्योंकि मारवाह ने सारी चीजें इस वीडियो में कबूल की है। पात्रा ने कहा, हमने अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया से नई आबकारी नीति को लेकर पांच सवाल पूछे थे। हालांकि, अभी तक उन सवालों के जवाब नहीं आए हैं। स्टिंग ऑपरेशन के जरिए हम उनकी पोल खोलने आए हैं। गुप्ता ने दावा किया कि इस स्टिंग ऑपरेशन से यह भी स्पष्ट हो गया है कि राजधानी दिल्ली में शराब की बिक्री में इजाफा तो हुआ, लेकिन इससे मिलने वाले राजस्व का भारी नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, केजरीवाल में थोड़ा भी शर्म है तो उन्हें सिसोदिया को बर्खास्त करना चाहिए। तिवारी ने कहा कि केजरीवाल सरकार से आबकारी नीति को लेकर भाजपा ने जितने सवाल किए हैं, उन सभी के जवाब स्टिंग ऑपरेशन ने दे दिए हैं। उन्होंने कहा, आज ये भी स्पष्ट हो गया कि जो राजस्व दिल्ली सरकार को आता था, वो क्यों शराब व्यापारियों को दिया जाता था, क्योंकि वो भ्रष्टाचार में घूमकर इनके पास जाना होता था।

### मजाक के सिवा कुछ नहीं...

आप ने भाजपा के स्टिंग ऑपरेशन को पूरी तरह अनुपयोगी, निराधार और घटिया बताते हुए कहा कि भाजपा कुछ भी पाने और अपनी नाक बचाने की जुगत में लगी है क्योंकि सीबीआई को सिसोदिया के खिलाफ कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है। आप के एक नेता ने आरोप लगाया कि वीडियो में जो व्यक्ति दिखाई दे रहे हैं और उनका बेटा जिसे सीबीआई द्वारा दर्ज मामले में आरोपी संख्या 13 बनाया गया है, दोनों भाजपा के लोग हैं। आप प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन में भाजपा के स्टिंग ऑपरेशन के दावे पर कहा, इसमें कुछ भी नहीं है। दरअसल दोहरा स्टिंग ऑपरेशन होना चाहिए। वीडियो में जो व्यक्ति सवाल पूछ रहा है वह उस व्यक्ति से अधिक जानकार लग रहा है जिसका इंटरव्यू लिया जा रहा है। उसका भी वीडियो बनना चाहिए था।

### भ्रष्टाचार के लिए जानी...

तौर पर दिखाया गया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री जेल में हैं, यद्यपि आप शासित पंजाब सरकार के स्वास्थ्य मंत्री भी जेल में हैं। आप कल्पना कीजिए कि जिस सरकार के मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में और वे शराब माफिया को बढ़ावा दे रहे हैं। आप इस मामले में कोई जवाब नहीं दे रही है। यह भ्रष्टाचारी सरकार है, यह पहचान है अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में बेवड़ी सरकार का। हिमाचल प्रदेश में मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आप सरकार भ्रष्टाचार के लिए जानी जाती है। जहां मनीष सिसोदिया इस बड़े घोटाले में शामिल हैं वहीं अरविंद केजरीवाल इस भ्रष्टाचार के किंग पिन हैं। इस मामले के 15 दिन बाद भी आप सरकार जवाब देने में असमर्थ है।

### अफसर की मौत पर...

करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी दिल्ली आबकारी घोटाले की जांच से किसी भी तरह से जुड़े नहीं थे। सीबीआई ने एक बयान में यह भी कहा कि आबकारी नीति मामले में किसी भी आरोपी को क्लीन चिट नहीं दी गई है। सीबीआई ने अपने अधिकारी जितेंद्र कुमार की मौत के संबंध में सिसोदिया के दावों को शरारती और भ्रामक बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि उनके बयान दिल्ली आबकारी नीति मामले में मौजूदा जांच से ध्यान हटाने का प्रयास हैं। बयान में कहा गया, सीबीआई सिसोदिया के इस शरारती और भ्रामक बयान का कड़ा खंडन करती है। यह स्पष्ट किया जाता है कि अधिकारी दिवंगत जितेंद्र कुमार इस मामले की जांच से किसी भी तरह से जुड़े नहीं थे। बयान में कहा गया, वह (कुमार) अभियोजन के प्रभारी उप कानूनी सलाहकार थे, इसके तहत वह उन अभियोजकों की निगरानी कर रहे थे, जो दिल्ली में पहले से ही आरोप-पत्र दाखिल हो चुके मुकदमों की सुनवाई में शामिल हो रहे हैं। सीबीआई ने कहा कि मौत के मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस के अनुसार अधिकारी ने अपने सुसाइड नोट में अपनी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया। सीबीआई के बयान पर ट्विटर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सिसोदिया ने जोर देकर कहा कि कुमार उनके केस से जुड़े थे और अपने आरोप को दोहराते हुए कहा कि अधिकारी ने इसलिए आत्महत्या कर ली क्योंकि उन पर झूठी कहानी बनाकर आप नेता को फंसाने का दबाव था।' एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा ' इस मामले की सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में न्यायिक जांच कराई जानी चाहिए। सिसोदिया ने कहा ' दो दिन पहले एक सीबीआई अधिकारी ने आत्महत्या कर ली। हमने पाया कि यह अधिकारी जितेंद्र कुमार थे। वे सीबीआई के भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के कानूनी सलाहकार थे। उनका काम कानूनी आधार चीजों को अनुमति देने और उन्हें खारिज करने का अधिकार था। वे मेरे खिलाफ एफआईआर की कानूनी वैधता को भी देख रहे थे।' सिसोदिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह केवल विधायकों की खरीद फरोख्त करके गैर-भाजपा राज्यों में सरकारों को अस्थिर करने के बारे में सोचते हैं। सीबीआई ने पिछले साल नवंबर में लाई गई दिल्ली आबकारी नीति तैयार करने और लागू करने में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पिछले महीने सिसोदिया के दिल्ली स्थित आवास पर छापा मारा था। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री से पूछना चाहता हूं कि अधिकारियों पर इतना दबाव क्यों डाला जा रहा है कि वे इतना बड़ा कदम उठाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। आप चाहें तो मुझे गिरफ्तार कर लें, लेकिन अपने अधिकारियों के परिवारों को बर्बाद न करें।

### एलजी ने आप नेताओं...

दुर्गेश पाठक, सौरभ भारद्वाज, संजय सिंह और जैस्मीन शाह सहित अन्य को भेजा गया है। इसमें उन्हें एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करने के लिए कहा गया है, जिसमें पार्टी के सभी सदस्यों और इससे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी व्यक्तियों को निर्देश दिया जाए कि वे झूठे, मानहानिकारक, दुर्भावनापूर्ण और निराधार बयान फैलाने और प्रसारित करने से दूर रहें। कानूनी नोटिस में आप नेताओं को नोटिस प्राप्ति के 48 घंटों के भीतर इसमें कही गई बातों का पालन करने के लिए कहा गया है। दुर्गेश पाठक ने पिछले हफ्ते विधानसभा में आरोप लगाया था कि केवीआईसी के अध्यक्ष के रूप में सक्सेना ने 2016 में अपने कर्मचारियों पर 1,400 करोड़ रुपए के पुराने नोटों को बदलने के लिए दबाव डाला था। इसके बाद से उपराज्यपाल और आप के बीच टकराव जारी है।

### विपक्षी एकजुटता के...

भाजपा से अलग होने के बाद नीतीश कुमार 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी दलों को एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं और विपक्षी नेताओं से उनकी मुलाकात को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। जनता दल (यूनाइटेड) के कई नेताओं ने हाल के दिनों में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से नीतीश को विपक्ष की तरफ से प्रधानमंत्री पद के लिए उपयुक्त चेहरा बताया है, हालांकि खुद नीतीश ने कहा है कि वह इस दौड़ में शामिल नहीं हैं।

### झारखंड में हेमंत सोरेन...

जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें नहीं हैं, वह (भाजपा) वहां लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित सरकारों को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है और इसी कारण विश्वास मत हासिल करने की जरूरत महसूस हुई।

### लखनऊ के होटल में लगी...

वहीं करीब चार घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद दो अन्य के शवों को फायर ब्रिगेड के जवानों ने बाहर निकाला। जिसके बाद हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गयी। इंस्पेक्टर हजरतगंज के अनुसार हादसे में जान गवाने वालों में गुडंबा के कल्याणपुर निवासी अमान गाजी, गणेशगंज के रहने वाले गुरनूर आनंद और साहिबा कौर सहित इंदिरानगर की रहने सारिका सिंह शामिल हैं। घटना के बाद पुलिस कमिश्नर लखनऊ मंडलायुक्त लखनऊ डीएम एलडीए वीसी समेत पुलिस-प्रशासन से जुड़े अन्य अफसरों ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। इस बीच डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी घटनास्थल पर पहुंचे और घटना के प्रति अफसोस जताते हुए अग्निकांड के दोषी अधिकारी व कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की बात कही।

### शिवसेना को घरेलू मैदान...

अब यह समय शिवसेना को गहरा घाव देने का है। गणपति उत्सव के दौरान शाह महाराष्ट्र की राजधानी के दो दिवसीय दौरे पर हैं। शाह ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले खेमे की मदद से शिवसेना को बीएमसी से बाहर करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, 'मैं आप सभी से पूछ रहा हूं। जब तक भाजपा मुंबई पर नियंत्रण नहीं कर लेती, आप महाराष्ट्र नहीं जीत सकते। असली शिवसेना हमारे साथ आई है और अब उद्धव (ठाकरे) को उनकी जगह दिखाने का समय आ गया है। शाह ने कहा कि वह शिवसेना (शिंदे गुट) और भाजपा गठबंधन के लिए बीएमसी की 227 सीट में से 150 सीट जीतने का लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'अब यह निश्चित है कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निकाय चुनाव जीतेगी।'

# मातृभाषा में मौलिक प्रतिभा का विकास हो सकता है अधिक प्रभावी: राष्ट्रपति

**भाषा।** नई दिल्ली




**राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मू ने सोमवार को कहा कि विज्ञान, साहित्य, सामाजिक शास्त्र में मौलिक प्रतिभा का विकास मातृभाषा से अधिक प्रभावी ढंग से हो सकता है तथा जब शिक्षक मातृभाषा में पढ़ाते हैं तो विद्यार्थी अधिक सहजता से अपनी प्रतिभा का विकास कर सकते हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज की ज्ञान अर्थव्यवस्था में विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार विकास के आधार हैं और इन क्षेत्रों में भारत की स्थिति को और मजबूत बनाने की आधारशिला स्कूलों में ही निर्मित होती है।

उन्होंने कहा, मैं मानती हूं कि विज्ञान, साहित्य, अथवा सामाजिक शास्त्र में मौलिक प्रतिभा का विकास मातृभाषा के माध्यम से अधिक प्रभावी हो सकता है। हमारी माताएं ही हमारे जीवन के आरंभ में हमें जीने की कला सिखाती हैं। मुर्मू ने कहा कि माता के बाद शिक्षक हमारे जीवन में शिक्षा को आगे बढ़ाते हैं, ऐसे में यदि शिक्षक भी मातृभाषा में पढ़ाते हैं तो विद्यार्थी सहजता के साथ अपनी प्रतिभा का विकास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन्हीं कारणों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्कूली शिक्षा एवं उच्च शिक्षा के लिए भारतीय भाषाओं के प्रयोग पर जोर दिए गया है। राष्ट्रपति ने अपने स्कूली शिक्षकों के योगदान के याद किया जिनकी वजह से वह कॉलेज जाने वाली अपने गांव की पहली लड़की बनी थीं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की स्कूली शिक्षा दुनिया की सबसे बड़ी शिक्षा प्रणालियों में से एक है। राष्ट्रपति ने 46 चुनिंदा शिक्षकों को स्कूली शिक्षा में उनके विशिष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया। मुर्मू ने कहा कि अपने देश में जब वाद-विवाद-संवाद की संस्कृति को महत्व दिया जाता था तब यहां आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त, वराहमिहिर, भास्कराचार्य, चरक, सुश्रुत जैसे गणितज्ञ, वैज्ञानिक, चिकित्सक सामने आए और आधुनिक विश्व के वैज्ञानिक उनकी ऋणि हैं। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे विद्यार्थियों में प्रश्न पूछने, शंका करने की आदत को प्रोत्सहित करें। राष्ट्रपति ने कहा कि अधिक से अधिक प्रश्नों का उत्तर देने तथा शंकाओं का समाधान करने से शिक्षकों के ज्ञान में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि भारत की स्कूली शिक्षा व्यवस्था, दुनिया की सबसे बड़ी शिक्षा प्रणालियों में शामिल है जहां 15 लाख से अधिक स्कूल हैं। उन्होंने कहा कि देश में 97 लाख शिक्षकों द्वारा 26 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जा रही है। मुर्मू ने अच्छी शिक्षा प्रदान करने को स्कूली स्तर पर असली चुनौती करार देते हुए कहा कि प्रारंभिक स्तर पर अनेक छात्रों को बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान प्राप्त करने में कठिनाई होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे में शिक्षा नीति में वर्ष 2025 तक प्राथमिक स्कूली स्तर पर सभी छात्रों को मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रदान करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस राष्ट्रीय प्रयास में देश के सभी शिक्षकों की मुख्य भूमिका होगी क्योंकि शिक्षक ही हमारी शिक्षा प्रणाली की प्राण शक्ति हैं। ज्ञात हो कि शिक्षा मंत्रालय देश के उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए हर वर्ष पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर विज्ञान भवन में एक समारोह का आयोजन करता है। इन शिक्षकों को पारदर्शी और तीन स्तरीय ऑनलाइन चयन प्रक्रिया के जरिए चुना जाता है। इस वर्ष हिमाचल प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र और तेलंगाना के तीन-तीन शिक्षकों को पुरस्कार दिया गया है। इन चारों राज्यों से जिन शिक्षकों को पुरस्कार दिया गया है, उनमें हिमाचल प्रदेश से युद्धवीर, वीरेंद्र कुमार और अमित कुमार, पंजाब से हरप्रीत सिंह, अरुण कुमार गर्ग और वंदना शाही, महाराष्ट्र से शशिकांत संभाजीराव कुल्ठे, सोमनाथ वमन वाल्के तथा कविता सांघवी और तेलंगाना से कंदला रमैया, टी एन श्रीधर तथा सुनीता राव शामिल हैं। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार देने का उद्देश्य देश में शिक्षकों के विशिष्ट योगदान को रेखांकित करना और उन शिक्षकों को सम्मानित करना है, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता के दम पर न केवल स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया बल्कि अपने छात्रों का जीवन भी समृद्ध बनाया है। उत्तराखंड से प्रदीप नेगी और कौस्तुभ चंद्र जोशी, राजस्थान से सुनीता और दुर्गा राम मुवाल, मध्य प्रदेश से नीरज सक्सेना और ओम प्रकाश पाटीदार, बिहार से सौरभ सुमन और निशि कुमारी, कर्नाटक से जी. पोनसंकरी और उमेश टीपी, सिक्किम से माला जिग्दाल दोरजी तथा सिद्धार्थ योनजोन को पुरस्कृत किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित अन्य शिक्षकों में अंजू दहिया (हरियाणा), रजनी शर्मा (दिल्ली), सीमा रानी (चंडीगढ़), मारिया मुरेना मिरांडा (गोवा), उमेश भारतभाई वाला (गुजरात), ममता अहार (छत्तीसगढ़), ईश्वर चंद्र नायक (ओडिशा), बुद्धदेव दत्त (पश्चिम बंगाल), मिमी योशी (नगालैंड), नोंगमैथम गौतम सिंह (मणिपुर), रंजन कुमार बिस्वास (अंडमान और निकोबार) शामिल हैं।

## संजय राउत की न्यायिक हिरासत अवधि 14 दिन और बढ़ाई गई

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने सोमवार को मुंबई की एक चॉल के पुनर्विकास में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के मामले में शिवसेना सांसद संजय राउत की न्यायिक हिरासत की अवधि 14 दिन के लिए और बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राउत (60) को उपनगर गोरेगांव में पात्रा चॉल के पुनर्विकास में कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत एक अगस्त को गिरफ्तार किया था। उन्हें सोमवार को उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर विशेष पीएमएलए न्यायाधीश एमजी देशपांडे की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने राउत की न्यायिक हिरासत की अवधि 14 दिनों के लिए और बढ़ा दी। शिवसेना अध्यक्ष और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के करीबी सहयोगी राउत ने सभी आरोपों से इनकार किया है और अपने खिलाफ ईडी के मामले को फर्जी बताया है।

# श्री बालाजी हॉस्पिटल में डिलीवरी होने पर फीस के रूप में भगवान गणेश को चढ़ाने होंगे एक किलो मोदक

**● यदि कोई प्रेग्नेंट महिला डिलीवरी के लिए अपना नाम रजिस्ट्रेशन करवाती है तो उसकी डिलवरी डेट के लिए भी वे इस पहल का लाभ ले सकती है**

**पायनियर समाचार सेवा।** रायपुर

**बुधवार से** पूरे देश में गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। 11 दिन तक चलने वाले इस महापर्व पर राजधानी रायपुर के मोवा स्थित श्रीबालाजी हॉस्पिटल ने एक अनोखी पहल शुरू की है। जिसके तहत अस्पताल में डिलीवरी होने पर अस्पताल बतौर फीस प्रसाद में भगवान गणेश को 1 किलो मोदक प्रसाद के रूप में लेगा। श्री बालाजी अस्पताल के डॉयरेक्टर डॉ देवेंद्र नायक ने बताया कि अस्पताल में पहले से बेटी के जन्म होने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाता है लेकिन अब इस गणेश उत्सव में अस्पताल ने ये पहल शुरू करने का फैसला किया है। जिसमें डिलीवरी के दौरान लड़का हो या लड़की दोनों के लिए अस्पताल प्रबंधन बतौर फीस भगवान गणेश को प्रसाद के रूप में सबसे प्रिय 1 किलो मोदक लेगा। हालांकि इसमें लड़की होने पर दवाईयों का भी शुल्क अस्पताल प्रबंधन नहीं लेता है।

**डेट बुक करने पर भी मरीजों को मिलेगा इस पहल का लाभ:** अस्पताल प्रबंधन के लिए फैसले के मुताबिक इन 11 दिनों में जिन लोगों की डिलवरी डेट है उन्हें तो ये लाभ मिलेगा हीए इसके साथ ही यदि कोई प्रेग्नेंट महिला डिलीवरी के लिए अपना नाम रजिस्ट्रेशन करवाती है तो उसकी डिलवरी डेट के लिए भी वे इस पहल का लाभ ले सकती है।

**आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पताल में बंद हो गया है डिलीवरी का पैकेज:** निजी अस्पतालों में अब तक डिलीवरी के लिए अब तक आयुष्मान कार्ड का इस्तेमाल किया जा सकता था। लेकिन अब ये केवल शासकीय अस्पतालों के लिए रिजर्व है। यही कारण है कि लोगों को इससे परेशानी हो रही हैए लेकिन अब श्री बालाजी हॉस्पिटल की इस अनोखी पहल का लाभ प्रदेश समेत पड़ोसी राज्य के लोग भी ले सकते है।

**यदि ऑपरेशन से डिलीवरी हुई तो:** अब सवाल ये है कि क्या डिलीवरी ऑपरेशन से हुई तो भी अस्पताल प्रबंधन प्रसाद के रूप में 1 किलो मोदक लेगाए या ऑपरेशन का चार्ज अतिरिक्त लिया जाएगाघ् तो जवाब है नहींण् यदि डिलीवरी ऑपरेशन से भी होती है तो अस्पताल फीस के रूप में भगवान गणेश को प्रसाद के रूप में 1 किलो मोदक के अतिरिक्त कोई भी शुल्क नहीं लेगा। । हालांकि इसमें लड़की होने पर दवाईयों का भी शुल्क अस्पताल प्रबंधन नहीं लेता है।


मुंबई में गणेश चतुर्थी पर प्रतिमा का विसर्जन करते भक्त

## जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर आतंकवादी का शव पाकिस्तान को सौंपा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सेना के एक अस्पताल में दो दिन पहले दिल का दौरा पड़ने से मरे एक आतंकवादी का शव सोमवार को पाकिस्तान को सौप दिया गया। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कोटली के सब्जकोट गांव के रहने वाले तबाकर हुसैन (32) को पिछले महीने सीमापार से इस तरफ घुसपैठ की कोशिश के दौरान गोली लग गई थी और उसकी सर्जरी हुई थी। सेना के एक अधिकारी ने कहा, भारतीय सेना ने पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर चाकन दा बाग सीमापार बिंदु पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में हुसैन का शव पाकिस्तान को सौंपा। उन्होंने कहा कि हाल के समय में यह संभवतः पहली घटना है जिसमें पाकिस्तान ने एक आतंकवादी के शव को स्वीकार किया है।

## क्विक न्यूज

### ईसाई लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाने की कोशिशें बढ़ीं : पादरी का पत्र

**कन्नूर (केरल)।** रोमन कैथलिक चर्च के थालास्सेरी आर्चडायसिस के एक पादरी के पत्र में दावा किया गया है कि ईसाई परिवारों की लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाने की धार्मिक उग्रवादी संगठनों की कथित कोशिशें बढ़ गई है। आर्चबिशप मार जोसफ पम्प्लानी के पत्र को रविवार को थालास्सेरी आर्चडायसिस के गिरजाघरों में पढ़ा गया। गिरजाघर के सूत्रों ने यह जानकारी दी। हालांकि, पत्र में किसी विशेष उग्रवादी समूह का नाम नही लिया गया।इसमें कहा गया कि बच्चों को इस तरह के जाल में फंसने से बचाने के लिए जागरूकता की जरूरत है। पत्र के अनुसार इसके लिए थालास्सेरी आर्चडायसिस के तहत एक धार्मिक जागरूकता केंद्र खोला गया है।

### हम पूरी तरह एकजुट, हमारे यहां लोग मन की बात खुलकर करते हैं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि वह पूरी तरह से एकजुट है और उसके नेता (पार्टी में) अपने मन की बात खुलकर करते है क्योंकि वह एक लोकतांत्रिक पार्टी है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश की यह टिप्पणी उस वक्त की आई है जब भारतीय जनता पार्टी और हाल ही में कांग्रेस छोड़ने वाले गुलाम नबी आजाद ने कहा है कि देश के सबसे पुराने दल को भारत जोड़ो यात्रा से पहले कांग्रेस को जोड़ना चाहिए। रमेश ने संवाददाताओं से कहा, पार्टी मजबूत है...कांग्रेस जुड़ी हुई है। कांग्रेस में जो असंतुष्ट है वो बयान देते रहते हैं। मै समझता हूं कि आज पार्टी एकजुट है। हर एक कार्यकर्ता लगा हुआ है। उनका कहना था, कांग्रेस एक बहुत बड़ा परिवार है। कांग्रेस एक लोकतांत्रिक पार्टी है। लोग अपने मन की बात खुलकर करते हैं। कोई खत लिखता है, कोई साक्षात्कार देता है। यह लोकतंत्र को दर्शाता है। रमेश ने आजाद का नाम लिए बगैर कहा, हमारे यहां कोई तानाशाही नही है। हम किसी को चुप नही करते हैं। हम लोगों को मनाते है। कुछ लोग मनाने के बावजूद चले जाते है, गालियां देकर। उनके बारे में कुछ नही कहना चाहता। पहले ही कह दिया है। उन्होंने कहा, यह कहना गलत है कि हमारी प्राथमिकता कांग्रेस जोड़ने की होनी चाहिए। हमारे लिए प्राथमिकता भारत जोड़ने की है।

### झारखंड विस में पत्रकारों और सुरक्षाकर्मियों के बीच धक्का-मुक्की

**रांची।** झारखंड विधानसभा परिसर में सोमवार को विशेष सत्र से पहले पत्रकारों और सुरक्षाकर्मियों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। पत्रकारों को विधानसभा हॉल के द्वार पर रोक लिया गया और जब उन्होंने जबरन घुसने की कोशिश की तो सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बाहर कर दिया। कुछ पत्रकारों और कैमरामैन ने कहा कि आवश्यक पास होने के बाद भी उन्हें विधानसभा में घुसने नही दिया गया। विधानसभा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वैध पास रखने वाले लोगों को सदन में प्रवेश करने में दिक्कत नही आई। उन्होंने कहा, हमने पिछले सत्र के पास वाले पत्रकारों को अनुमति दी। पास में प्रवेश के नियमों का स्पष्ट उल्लेख है। झारखंड विधानसभा की ओर से सोमवार को आयोजित विशेष सत्र के लिए पत्रकारों को कोई पास जारी नही किया गया था जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विश्वास मत रखा था। दूसरी तरफ पत्रकारों ने कहा कि पास को लेकर विधानसभा से कोई नोटिस जारी नही किया गया था।

### झारखंड सरकार जांच में बाधा डाल रही है: एनसीपीसीआर प्रमुख

**रांची।** झारखंड में दो नाबालिग लड़कियों की मौत के मामले की जांच के लिए टीम के साथ दुमका पहुंचे राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के प्रमुख प्रियांक कानूनगो ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार जांच में व्यवधान पैदा करने की कोशिश कर रही है। कानूनगो ने कहा कि उन्होंने सरकार को इस यात्रा के बारे में जानकारी दे दी थी ,लेकिन जांच में मदद के लिए जरूरी इंतजाम नही किए गए। दुमका में एक व्यक्ति ने एक आदिवासी लड़की (14) का कथित तौर पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण किया। लड़की का शव शुक्रवार को एक पेड़ पर लटकता पाया गया था। लड़की की मां ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। इससे कुछ दिन पहले 23 अगस्त को 16 वर्षीय लड़की को एक युवक ने आग के हवाले कर दिया था। घटना के पांच दिन बाद लड़की की मौत हो गई। इस मामले में अब तक दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कानूनगो ने कहा, मै दो मामलों की जांच के लिए दुमका आया हूं। राज्य सरकार को इस यात्रा के बारे में काफी पहले ही बता दिया गया था। एनसीपीसीआर की टीम उस लड़की के माता पिता से मुलाकात करना चाहती थी, जिसकी दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। जिलाधिकारी ने सहमति दे दी थी....गांव आने पर उसके माता पिता का पता नही चला। उन्होंने बताया कि पूछताछ करने पर पड़ोसियों ने एनसीपीसीआर की टीम को बताया कि कोई उन्हे कार में ले गया है।

# अपनी पार्टी के नाम को अंतिम रूप देने से पहले विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों से मिल रहे आजाद

**भाषा।** जम्मू

**जम्मू कश्मीर** के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद अपनी पार्टी के नाम को अंतिम रूप देने से पहले विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात कर रहे हैं। आजाद के एक करीबी सहयोगी ने बताया कि सोमवार को उन्होंने कई प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की। इन प्रतिनिधिमंडलों में राजौरी और पुंछ जिलों के अलावा चिनाब घाटी के डोडा, भलेसा, खारा, बट्यास, चिल्ली, गंडोह, किश्तवाड़ और बनियाल के लोग शामिल थे। आजाद ने गांधी नगर इलाके में स्थित अपने आवास पर प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की। आजाद ने रविवार को दिल्ली से लौटने के बाद अपनी पहली जनसभा को संबोधित किया था। उनहोंने अपने संबोधन में कहा था कि वह चार दिन जम्मू में रुकेंगे और डोडा, किश्तवाड़ तथा कश्मीर जाने से पहले क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों के प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात करेंगे।



आजाद के सहयोगी ने कहा, संवाद की प्रक्रिया सुबह शुरू हुई और विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने आजाद से मुलाकात की और उन्हें अपना समर्थन दिया। संवाद प्रक्रिया बुधवार तक जारी रहेगी। आजाद (73) ने 26 अगस्त को कांग्रेस के साथ अपने पांच दशक लंबे संबंधों को समाप्त करते हुए पार्टी छोड़ दी थी। आजाद ने कांग्रेस छोड़ने के बाद रविवार को अपनी पहली रैली में अपनी पार्टी के एजेंडे पर रोशनी डाली जिसमें जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कराना, राज्य के नागरिकों के भूमि और रोजगार के अधिकारों की सुरक्षा तथा कश्मीरी पंडितों की वापसी और पुनर्वास शामिल हैं। जम्मू के पास सैनिक कॉलोनी में सभा को संबोधित करते हुए आजाद ने कहा था कि वह जम्मू कश्मीर की जनता और नेताओं से परामर्श करने के बाद अपनी नई पार्टी का नाम घोषित करेंगे।

# राकांपा ने एमएलसी नामित करने से जुड़ी एमवीए की सूची वापस करने को लेकर शिंदे सरकार पर साधा निशाना

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने सोमवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार ने राज्यपाल कोटे के तहत विधान परिषद सदस्य(एमएलसी) के रूप में नामित करने के लिए महा विकास आघाड़ी की ओर से की गई 12 नामों की सिफारिश को वापस लेने का फैसला सत्ताधारी खेमे में और अधिक नेताओं को लुभाने के लिए की है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार ने दो साल पहले विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) के रूप में नामांकन के लिए 12 नामों की सिफारिश की थी, लेकिन राज्यपाल बी एस कोश्यारी ने कभी उस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी। उन 12 नामों में कांग्रेस छोड़कर शिवसेना में शामिल हुईं अभिनेत्री उर्मिला मांतोडकर का नाम भी शामिल था। एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि शिंदे सरकार ने एमवीए की सिफारिश को वापस लेने के लिए राज्यपाल को पत्र लिखा जिसके बाद कोश्यारी ने नई सरकार के फैसले को स्वीकार कर लिया। शिंदे सरकार ने राज्यपाल से कहा कि उन्हें जल्द ही नामांकन की नई सूची से अवगत कराया जाएगा। राकांपा के मुख्य प्रवक्ता महेश तापसे ने सोमवार को कहा, "शिंदे सरकार की संवैधानिक वैधता सवालों के घेरे में है और इस पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का इंतजार है।

# पाकिस्तान के खिलाफ कैच छोड़ने पर ट्रोलिंग का शिकार अर्शदीप का पंजाब के नेताओं ने किया बचाव

**भाषा।** चंडीगढ़

**राज्यसभा सांसद** हरभजन सिंह समेत पंजाब के कई नेताओं ने सोमवार को तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का बचाव किया जो दुबई में एशिया कप के दौरान भारत - पाकिस्तान मैच में एक कैच छोड़ने के कारण सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का शिकार हो रहे हैं। पाकिस्तान ने रविवार को वह मैच पांच विकेट से जीता। आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह, पंजाब के खेलमंत्री गुरमीत सिंह मीत और भाजपा नेता मनजिंदर सिरसा ने भी 23 वर्ष के इस क्रिकेटर का बचाव किया है। पूर्व क्रिकेटर और आप सांसद हरभजन ने ट्वीट किया , युवा अर्शदीप सिंह की आलोचना बंद करो। कोई जान बूझकर कैच नहीं छोड़ता। हमें अपनी टीम पर गर्व है। पाकिस्तान बेहतर खेला। इस मंच पर अपने ही खिलाड़ियों के बारे में घटिया बातें करने वालों पर शर्म आती है। अर्शदीप खरा सोना है।

चड्ढा ने कहा , अर्शदीप इतना प्रतिभाशाली है कि आने वाले समय में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेगा। नफरत उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। पंजाब के मुख्यमंत्री गुरमीत सिंह ने कहा , खेल में हार जीत होती ही है। अर्शदीप ने इतने कम समय में नाम बनाया है और पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन किया। एक कैच छोड़ने पर उसकी इस तरह से आलोचना गलत है। अर्शदीप देश का भविष्य और युवाओं की प्रेरणा है। खेलों में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने अर्शदीप की मां बलजीत कौर से फोन पर बात की और कहा कि पंजाब और पूरा देश उनके साथ है। पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर ने कहा , खेल में यह सब (कैच छूटना) होता रहता है। हमें अपने खिलाड़ियों का समर्थन करना चाहिए। अर्शदीप को निराश होने की जरूरत नहीं है। उसके सामने लंबा और सुनहरा कैरियर है। भाजपा नेता मनजिंदर सिरसा ने अर्शदीप को खालिस्तानी बोलने वालों को करारा जवाब देते हुए कहा, अर्शदीप सिंह होनहार खिलाड़ी है।

# साइरस और मेरी बहुत सी आदतें मिलती थीं: सुप्रिया सुले

**भाषा।** मुंबई

**राष्ट्रवादी कांग्रेस** पार्टी (राकांपा) की नेता सुप्रिया सुले ने सोमवार को कहा कि उन्हें टाटा सन्स के पूर्व अध्यक्ष साइरस मिस्त्री के निधन से बहुत दुख हुआ है। उन्होंने साइरस को अपना जुड़वा करार दिया। सुले ने पीटीआई-भाषा से कहा, मेरे पति सदानंद और बेटी रेवती को 12 सितंबर को लंदन में साइरस से मुलाकात करनी थी लेकिन नियति की कोई और ही योजना थी। लोकसभा सदस्य ने बताया कि उनकी मिस्त्री के साथ दोस्ती 30 साल पुरानी थी और वह हमेशा सुर्खियों से दूर रहते थे और महाराष्ट्रियन खाना उन्हें पसंद था।

सुले ने कहा, उन्हें ठेचा पसंद था जो महाराष्ट्र का शाकाहारी व्यंजन है और इसे हरी या लाल मिर्च, नमक, लहसुन, घीतेल और लौंग को एक साथ कूट कर बनाया जाता है। उन्हें झींगा करी भी पसंद थी। शायद उनमें महाराष्ट्रियन आत्मा थी। राकांपा नेता ने कहा, वह बहुत सादे और बहुत ही विनम्र मनुष्य थे। उन्होंने कहा, हम जुड़वां की तरह थे, क्योंकि हमारी बहुत सी आदतें आपस में मिलती थी। हम खाना खाते समय हमेश फोन पर बात करते थे। साइरस की यह आदत उनकी पत्नी रोहिका को पसंद नहीं थी और वह हमेशा कहती थी कि खाते समय बात करना सही नहीं होता है। सुले ने कहा, पुणे जाना और सिर्फ सादा भोजन करना, उन्हें पसंद था। वे माथेरान और महाबलेश्वर में उतने ही सहज थे जितने स्विटजरलैंड और पेरिस में थे। राकांपा नेता ने कहा कि मिस्त्री अपने स्कूल के दोस्तों के साथ अच्छी तरह से मिलते थे, उनके स्कूल के मित्र उनके सबसे अच्छे दोस्त थे। सुले ने कहा, उन्हें फोटो खिंचवाना, फ्लैश लाइट आदि को नापसंद थे। वह समय के पाबंद थे तथा वक्त और लोगों को महत्व देते थे। उनके पास नेतृत्व और प्रबंधन के सभी अच्छे गुण थे। वह बहुत सी किताबें पढ़ते थे और वह बहुत सम्मानजनक और मृदु भाषी थे।

# गुजरात में राहुल ने कृषि ऋण माफी, 500 रुपए में एलपीजी सिलेंडर का वादा किया

**भाषा।** अहमदाबाद

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने गुजरात में अपनी पार्टी के सत्ता में आने पर राज्य के प्रत्एक किसान का तीन लाख रुपए तक का कर्ज माफ करने, एलपीजी (रसोई गैस) सिलेंडर मौजूदा कीमत 1,000 रुपए के बजाय 500 रुपए में उपलब्ध कराने और किसानों को मुफ्त बिजली देने का वादा किया। अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट पर परिवर्तन संकल्प रैली में कांग्रेस के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राहुल ने आम उपभोक्ताओं को भी 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का वादा किया। राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाला है।

उन्होंने रोजगार के 10 लाख नए अवसर सृजित करने, अंग्रेजी माध्यम के 3,000 स्कूलों का निर्माण, लड़कियों के लिए मुफ्त शिक्षा और दूध उत्पादकों को 5 रुपए प्रति लीटर सब्सिडी देने का वादा किया। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल को देश के किसानों की आवाज बताते हुए गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर उनकी विरासत का अपमान करने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा कि सत्ता में आने पर कांग्रेस गुजरात में रोजगार के अवसर पैदा करने पर ध्यान देगी और 10 लाख युवाओं को रोजगार देगी। राहुल ने सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधते हुए दावा किया कि पार्टी ने गुजरात में सरदार वल्लभभाई पटेल की विश्व की सबसे उंची प्रतिमा का निर्माण किया, लेकिन उसने उन लोगों के खिलाफ काम किया, जिनके लिए पटेल जिए और मरे। इससे पहले, अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी (आप) ने भी कई रियायतों की घोषणा की थी और गुजरात में सत्ता में आने पर मुफ्त सुविधाओं का वादा किया था।

राहुल ने कहा, यहां की भाजपा नीत सरकार बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ करेगी, लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि उन्होंने किसानों का कर्ज माफ किया है? मैं गुजरात में सत्ता में आने के बाद प्रत्एक किसान का तीन लाख रुपए तक का कर्ज माफ करने का वादा करता हूं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, पंजाब और कर्नाटक की तरह किसानों का कर्ज माफ करेगी। उन्होंने कहा, हम जहां भी सत्ता में आए, हमने कहा कि हमारा पहला काम वह करना होगा जो सरदार पटेल करते। और यहां भी, हम (किसानों के) 3 लाख रुपए का कर्ज माफ करेंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, हम अंग्रेजी माध्यम के 3,000



स्कूल खोलेंगे और लड़कियों को मुफ्त शिक्षा देंगे। भाजपा नीत सरकार ने हजारों स्कूलों को बंद कर दिया। उन्होंने सरदार पटेल की प्रतिमा बनवाई और वहीं दूसरी ओर हजारों स्कूलों को बंद कर दिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि वह बेरोजगारी और महंगाई को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, सच्चाई यह है कि दो से तीन अरबपति रोजगार नहीं दे सकते। रोजगार छोटे व्यवसायों और किसानों द्वारा प्रदान किया जाता है। जब तक किसानों और छोटे तथा मझोले व्यापारियों की सरकार नहीं होगी, तब तक इस राज्य में रोजगार के अवसर सृजित नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, कांग्रेस का ध्यान युवाओं को रोजगार मुहैया कराने पर होगा और हमारी सरकार 10 लाख युवाओं को रोजगार देगी। राहुल ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा, सरदार पटेल किसके लिए और क्यों लड़े? आपने उनकी प्रतिमा बनवाई, लेकिन वह सिर्फ एक इंसान नहीं थे, वह गुजरात और भारत के किसानों की आवाज थे। राहुल ने कहा कि तीन कृषि कानून किसानों के अधिकारों को छीनने के लिए थे। नरेंद्र मोदी नीत सरकार ने इन कानूनों को बाद में निरस्त कर दिया। कांग्रेस नेता ने कहा, देश भर के किसान सड़कों पर उतर आए, और भाजपा कहती है कि वह किसानों के अधिकारों के लिए लड़ती है। एक तरफ उन्होंने सरदार पटेल की सबसे उंची प्रतिमा बनवाई, और दूसरी तरफ उन्होंने उन सभी पर हमला किया, जिनके लिए सरदार पटेल ने लड़ाई लड़ी थी। प्रतिमा का मतलब क्या है? राहुल ने आरोप लगाया कि गुजरात में भाजपा ने सभी संस्थानों पर कब्जा कर लिया है और यहां लड़ाई दो राजनीतिक दलों के बीच नहीं है, बल्कि हर उस संस्था के साथ है, जिस पर सत्तारूढ़ दल का कब्जा है। उन्होंने कहा, लेकिन गुजरात में, जिन संस्थाओं की सरदार पटेल ने नींव रखी थी, चाहे वह पुलिस, मीडिया, न्यायपालिका या विधानसभा हो, भाजपा ने इन सभी संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है। इसका मतलब है कि यहां आपकी लड़ाई एक राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं बल्कि गुजरात राज्य की हर संस्था के खिलाफ है। उन्होंने विरोध प्रदर्शन के लिए अनुमति लेने की गुजरात सरकार की नीति को लेकर भी हमला किया और कहा कि यह भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। राहुल ने कहा, आपको उन लोगों से अनुमति लेनी होगी जिनके खिलाफ आपको विरोध करना है।...क्या सरदार पटेल ने विरोध के लिए अंग्रेजों की अनुमति मांगी थी? सरदार पटेल कहते कि उस सरकार को उखाड़ फेंको जो गुजरात के लोगों से विरोध के लिए अनुमति लेने को कहती है। यही सच है। उन्होंने कहा, आप एक राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं, बल्कि एक विचारधारा से लड़ रहे हैं जिसके खिलाफ सरदार पटेल लड़े थे। उन्होंने हाल में गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए जाने को लेकर भी सरकार पर हमला किया और दावा किया कि गुजरात मॉडल तीन-चार उद्योगपतियों के शासन का है। उन्होंने कहा, सरकार इन उद्योगपतियों को दो मिनट के भीतर जितनी जमीन वे चाहें, दे देगी। लेकिन जब गरीब और आदिवासी हाथ जोड़कर जमीन के एक छोटे से टुकड़े के लिए अनुरोध करते हैं, तो उन्हें यह कभी नहीं मिलता है।

# नेपाली राष्ट्रपति ने थल सेना प्रमुख को जनरल की मानद उपाधि से सम्मानित किया

**भाषा।** काठमांडू

**नेपाल** की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने सोमवार को भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे को नेपाली सेना के जनरल की मानद उपाधि से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने अपने आधिकारिक निवास शीतल निवास में एक विशेष समारोह में जनरल पांडे को मानद उपाधि से सम्मानित किया। नेपाल और भारत के थल सेना प्रमुखों द्वारा एक-दूसरे के देश की यात्राएं करने और एक-दूसरे देश के थल सेना प्रमुखों को मानद जनरल की उपाधि प्रदान करने की लंबी परंपरा रही है। यह परंपरा 1950 में शुरू हुई थी। जनरल पांडे रविवार को पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां पहुंचे। अपनी इस यात्रा के दौरान वह देश के शीर्ष नागरिक और सैन्य नेतृत्व के साथ विस्तृत बातचीत करेंगे और दोनों पड़ोसी देशों के बीच के रक्षा संबंधों को मजबूत बनाने पर जोर देंगे। जनरल मनोज पांडे को सोमवार को सेना मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। नेपाली सेना ने एक ट्वीट में कहा, "भारत के थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने नेपाली थल सेनाध्यक्ष जनरल प्रभु राम शर्मा को विभिन्न गैर-घातक सैन्य साजोसामान सौंपे" नेपाली सेना मुख्यालय के सूत्रों के अनुसार भारत ने चार घोड़े, 10 एमपीवी (बारूदी सुरंग से सुरक्षित वाहन) और कुछ चिकित्सा उपकरणों सहित गैर-घातक साजोसामान सौंपे। यह सहायता 22.38 करोड़ नेपाली रुपए (17,51,821 अमेरिकी डॉलर) के बराबर है। सूत्रों ने बताया कि यह भारतीय सेना द्वारा दी गई विशेष सब्सिडी है, जिसमें 60 प्रतिशत अनुदान सहायता शामिल है।नेपाली सेना ने एक अन्य ट्वीट में कहा, "भारत के थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने सेना पैवेलियन में शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी" जनरल पांडे मंगलवार को नेपाली प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और अन्य वरिष्ठ सैन्य और नागरिक अधिकारियों के साथ मुलाकात करेंगे। उनकी इस यात्रा के दौरान अग्निपथ योजना के तहत नेपाल से गोरखाओं को भारतीय सेना में शामिल करने के मुद्दे पर भी चर्चा होने की संभावना है। वह आठ सितंबर को काठमांडू से नई दिल्ली रवाना होंगे।जनरल पांडे के साथ भारतीय थल सेना के आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष अर्चना पांडे भी आई हैं।


काठमांडू में नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी भारतीय थल सेना अध्यक्ष को जनरल की मानद उपाधि प्रदान करते हुए

## इजराइल ने वेस्ट बैंक में आने वाले विदेशियों के लिए नए नियमों की घोषणा की

**यरुशलम।** इजराइली सेना की एक इकाई ने फलस्तीन के वेस्ट बैंक आने के इच्छुक दूसरे देश के लोगों के लिए नियमों तथा पाबंदियों की एक सूची जारी की है। फलस्तीन के असैन्य मामलों के प्रभारी निकाय सीओजीएटी ने कई उन विवादास्पद पाबंदियों को वापस लिया है जो पिछले वर्ष प्रकाशित नियमों के मसौदों में सामने आई थीं। इनमें एक नियम यह भी था कि स्थानीय फलस्तीनी नागरिक के साथ प्रेम संबंध होने पर इसकी सूचना इजराइली अधिकारियों को देनी होगी। नब्बे पन्नों वाले इन इस्तावेजों में नाममात्र को बदलाव किया गया है। अमेरिकी राजदूत टॉम निड्स ने इन नियमों पर चिंता जताई है। इजराइली मानवाधिकार संगठन की कार्यकारी निदेशक जेसिका मॉनटेल कहती हैं, इजराइली सेना फलस्तीनी समाज को बाहरी दुनिया से अलग थलग करने के लिए नई पाबंदियां पेश कर रही है। मॉनटेल ने इन नियमों को अदालत में चुनौती दी है।उन्होंने कहा, आलोचनाएं होने पर उन्होंने कई आपत्तिजनक बातों को हटा दिया है, लेकिन इसकी मूलभूत प्रकृति आक्रामक और हानिकारक है।

**सार्वजनिक सूचना**
मेरी मुव्किल **भारती पत्नी** स्व. लाल मोहन निवासी **RZ D-62, निहाल विहार, दिल्ली-41** ने अपने पुत्र **करण** और उनकी पत्नी **अष्टमी** से उनके दुर्व्यवहार के कारण अपने सभी संबंध तोड़ लिए हैं। यदि कोई उनके साथ किसी भी तरह का व्यवहार करता है या किसी भी मामले में संबंध रखता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा ! मेरे मुव्किल इसके लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगी।
Ramesh Chander (Adv),Ch-68,Western Wing,Tis Hazari

Public Notice
This is to inform general public that Mrs. Sabanti Roy has acquired the Built-up Property nearing no. B-11, having area measuring 35 sq. yds., out of Khasra no. b1556/280, situated in the area of Village Karkardooma, in the abadi of East Arjun Nagar, Illaqa Shahdara, Delhi-110032 by way of Gift deed dated 09.04.2019 Doc nos. 2528. Now, Mrs. Sabanti Roy is mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform the general public that Bank of Baroda, Ansari Road Branch intends to accept the under mentioned property standing in the name of Shri Kishan Lal Sharma and Ms. Sashi Sharma as a security for a loan/ credit facility requested by one of its customers. In case anyone has got any right/ title/interest/claims over the under mentioned property, they are advised to approach the bank within 10 days alongwith necessary proof to substantiate their claim. If no response is received within 10 days it is presumed that the property is free of any charge/ claim/ encumbrance and Bank shall proceed with the mortgage. **Details of the property**: Flat No. B-26, Second Floor build on plot no. 87, situated in the layout plan of Nav Kunj CGHSL, known as Nav Kunj Apartment, I.P.Extension, Patparganj, Delhi-110092 Branch Details: Ansari Road Branch, Bank of Baroda, Plot No.2 10, Ansari Road, Daryaganj, Delhi 110002 Details of Advocate: **Anshu Priyanka, Advocate, Chamber No. Y-8, Civil Wing, Tis Hazari Courts, Delhi 110054.**

**PUBLIC NOTICE**
My client Nohar Lal S/o Late Ramniwas R/o F-348, Dakshin Puri, New Delhi-110062 have disowned and dismantle then daughter-in-law Aishwaryaa D/o Ghanshyaam, because his son Rahul Kumar expired on 17/04/2022 at Max Hospital. My client wants to cut all relation due to their harassment solved of there in loss of his son due to their misbehave assault. My client shall not be liable for any omission or commission of their aforesaid person if any one deals with them he/she they shall be doing so another own risks and responsibility.
Sd/-
PURUSOTTAM KUMAR CHOUBEY
LL.M
ADVOCATE, DELHI HIGH COURT

# चीन में भूकंप के कारण 21 लोगों की मौत

● चीन के सिचुआन प्रांत में 6.8 तीव्रता का भूकंप

**भाषा।** बीजिंग

**चीन** के दक्षिण पश्चिमी सिचुआन प्रांत की लुडिंग काउंटी में सोमवार को 6.8 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया, जिसमें कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। यह प्रांत पहले ही कोविड-19 के बढ़ते मामलों और अभूतपूर्व सूखे की समस्या से जूझ रहा है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र के हवाले से बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 25 मिनट पर आया और भूकंप का केंद्र 29.59 डिग्री उत्तरी अक्षांश तथा 102.08 डिग्री पूर्वी देशांतर पर, जमीन से 16 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भूकंप का केंद्र लुडिंग काउंटी से 39 किलोमीटर दूर स्थित था और भूकंप के केंद्र के पांच किलोमीटर के दायरे में कई गांव आते हैं। भूकंप के झटके सिचुआन प्रांत की राजधानी चेंगदु में भी महसूस किए गए, जो भूकंप के केंद्र से 226 किलोमीटर दूर स्थित है। चीन के सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई तस्वीरों और वीडियो में चेंगदु में इमारतों को हिलते हुए देखा जा सकता है। अभी किसी इमारत को नुकसान पहुंचने की जानकारी नहीं है। सिचुआन प्रांत तिब्बत के पड़ोस में स्थित है और भूकंप के लिहाज से संवेदनशील है। इस प्रांत में 2008 में 8.2 की तीव्रता वाला विनाशकारी भूकंप आया था, जिसमें करीब 69,000 लोगों की मौत हो गई थी। प्रांत में 2013 में सात की तीव्रता के भूकंप में 200 लोगों की जान चली गई थी। चेंगदु में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के कारण लॉकडाउन लगा हुआ है। निवासियों को घरों में रहने के लिए कहा गया है और हर घर से केवल एक व्यक्ति को प्रतिदिन आवश्यक सामान खरीदने के लिए बाहर निकलने की अनुमति है।

## साल के अंत तक सोमालिया में पड़ सकता है अकाल

**मोगादिशु (सोमालिया)।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि सोमालिया में अकाल दरवाजे पर खड़ा है और इस बात के ठोस संकेत हैं कि इस साल के अंत तक यह देश में दस्तक दे देगा। देश में सूखे के कारण हजारों लोगों की मौत हो गई है और यूक्रेन युद्ध के प्रभाव के चलते हालात और मुश्किल हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख मार्टिन ग्रिफिथ ने पत्रकारों से कहा कि सोमालिया यात्रा के दौरान उन्होंने भूख के कारण बच्चों को रोते हुए देखा, जिसके बाद वह बीते कुछ दिन से बहुत दुखी हैं। सोमालिया में जलवायु परिवर्तन के कारण पैदा हुए सूखे के चलते बीते एक दशक में कम से कम 10 लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इथोपिया और केन्या भी इससे व्यापक रूप से प्रभावित हुए हैं। अकाल के दौरान भोजन की अत्यधिक कमी हो जाती है और भुखमरी के कारण होने वाली मृत्यु की दर बढ़ जाती है। सोमालिया में साल 2011 में भी अकाल की घोषणा की गई थी।

## तालिबान के आरोप से द्विपक्षीय संबंध प्रभावित होंगे: पाकिस्तान

**भाषा।** इस्लामाबाद

**तालिबान** के इस दावे पर कि पाकिस्तान अफगानिस्तान के खिलाफ अमेरिका को अपनी धरती से ड्रोन संचालित करने की अनुमति दे रहा है, इस्लामाबाद ने काबुल के शासकों से कहा है कि इस तरह के आरोप द्विपक्षीय संबंधों के लिए हानिकारक होंगे।मध्य काबुल में 31 जुलाई को एक अमेरिकी ड्रोन से किए गए मिसाइल हमले में अलकायदा का नेता अयमान अल-जवाहिरी मारा गया था। इसके एक महीने बाद, अफगानिस्तान के अंतरिम रक्षा मंत्री मुल्ला मुहम्मद याकूब ने पिछले हफ्ते आरोप लगाया था कि पाकिस्तान युद्धग्रस्त देश के खिलाफ अपनी धरती से अमेरिका को ड्रोन संचालित करने की अनुमति दे रहा है। उसने कहा था, "हमारी जानकारी के अनुसार, ड्रोन पाकिस्तान से अफगानिस्तान में प्रवेश कर रहे हैं। वे पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र का उपयोग करते हैं। हम पाकिस्तान से कहते हैं कि हमारे खिलाफ अपने हवाई क्षेत्र का उपयोग न होने दें" आधिकारिक सूत्रों का हवाला देते हुए द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने रविवार को एक रिपोर्ट में कहा कि पाकिस्तान याकूब के आरोपों से निराश है और यह पिछले अफगान प्रशासन जैसी मानसिकता को ही दर्शाता है जो खुद की असफलताओं का ठीकरा इस्लामाबाद पर फोड़ने का काम करता था। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान को वरिष्ठ अफगान तालिबान नेता से इस तरह के सार्वजनिक बयान की उम्मीद नहीं थी और वह भी इस तथ्य के बावजूद कि तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से इस्लामाबाद ने अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार के लिए बहुत कुछ किया है। इसमें कहा गया कि काबुल के वास्तविक शासकों को निजी तौर पर स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया है कि इस तरह के आरोप द्विपक्षीय संबंधों के लिए हानिकारक होंगे।

## रूसी गोलाबारी में यूक्रेन के चार नागरिकों की मौत

**कीव।** यूक्रेन के कई इलाकों में बीते 24 घंटों के दौरान रूस द्वारा की गई गोलाबारी में कम से कम चार नागरिकों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र में तीन लोगों की जान चली गई, जबकि चार अन्य घायल हुए हैं। दोनेत्स्क के एक बड़े हिस्से पर रूस के सहयोगी अलगाववादियों ने कब्जा कर रखा है। राष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से बताया गया कि खारकीव क्षेत्र में रिहाइशी इमारत पर रॉकेट गिरने से तीन लोग घायल हो गए। यूक्रेन पर रूस के हमले को छह महीने बीत चुके हैं और रूसी गोलों की जद में स्कूल, कैफे और स्टोर समेत दर्जनों रिहाइशी इमारतें आ चुकी हैं। वाशिंगटन स्थित इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वार ने कहा कि यूक्रेनी बलों द्वारा एक जवाबी हमला देश के दक्षिण और पूर्व में स्पष्ट रूप से प्रगति पर है। संस्थान ने रविवार को कहा, जवाबी हमले की गति दिन-प्रतिदिन नाटकीय रूप से बदलती जाएगी, क्योंकि यूक्रेनी सेना रूसियों की आवश्यक आपूर्ति को रोकने, उनकी कमान और नियंत्रण को बाधित करने तथा उनके मनोबल को कमजोर करने के लिए काम कर रही है, जबकी जमीन पर जवाबी हमले भी जारी हैं। उसने भविष्यवाणी की कि रूसी सेना आगे बढ़ने वाले यूक्रेनी सैनिकों और उनके द्वारा मुक्त कराए इलाकों के खिलाफ तोपखाने और हवाई हमले शुरू करेगी।

**NOTICE**
**TWENTY FIRST CENTURY MEDICARE LIMITED**
**Plot No. 22, LSC, Madangir, New Delhi-110062**
**CIN-U24239DL1985PLC022113, E-Mail: mpd.humanity@gmail.com**

NOTICE is hereby given that the 37th Annual General Meeting (AGM) of the Company will be held on Friday, 30th, September, 2022 at 10.00 A.M. at Plot No.22, L.S.C. Madangir, New Delhi110062, to transact the business, as set out in the Notice of AGM. The Company has completed dispatch of the Annual Report for financial year 2021-22 to Members through permitted mode by Monday, September 5th, 2022.

In compliance with Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended from time to time, Members are provided with the facility to cast their votes on all resolutions set forth in the Notice of the AGM using electronic voting system provided by Central Depository Services (India) Limited(CDSL) from a place other than the venue of the AGM ('remote e-voting') and the business may be transacted through such voting. The voting rights of Members shall be in proportion to the equity shares held by them in the paid-up equity share capital of the Company as on Friday, September 23rd, 2022('cut-off date').

The facility for voting, either through electronic voting system or polling paper shall also be made available at the AGM. The Members who have cast their vote by remote e-voting may attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again.

The e-voting period commences on September 27th, 2022, Tuesday at 09:00 a.m. and ends on September 29th, 2022, Thursday at 05.00 p.m. During this period, Members may cast their vote electronically. The e-voting module shall be disabled by CDSL thereafter.

A person who has acquired shares and become a Member of the Company after the dispatch of notice of AGM and holding shares as of cut-off date, may obtain the login ID and password by sending a request at helpdesk.evoting@cdslindia.com. However, if the person is already registered with CDSL for remote e-voting then the existing user ID and password can be used for casting vote.

For details relating to remote e-voting, please refer to the Notice of the AGM. In case of any queries relating to voting by electronic means, please refer to the Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting user manual for Shareholders available at www.evotingindia.com or contact at toll free no.1800225533 or send a request at helpdesk.evoting@cdslindia.com. In case of any grievances connected with facility for voting by electronic means, please contact Mr. Rakesh Dalvi, Manager (CDSL), Central Depository Services (India) Limited, A Wing, 25th Floor, Marathon Futurex, Mafatlal Mill Compounds, N M Joshi Marg, Lower Parel (East), Mumbai - 400013 or send an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or call on 022-23058542/43.

The Notice of AGM is also available on the website of the CDSL at www.evoting.cdsl.com and at the website of Skyline Financial Services Private Limited, the Registrar and Share Transfer Agent at www.skylinerta.com.

**For Twenty First Century Medicare Limited**
**Rajni Sharma**
**DIRECTOR**
**DIN: 00144238**

**DATE: 05-09-2022**
**Place: New Delhi**

## भारतीय सेवा क्षेत्र अगस्त में बेहतर स्थिति में

**नई दिल्ली।** भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में सुधार जारी है तथा अगस्त 2022 के दौरान नए कारोबार में मजबूत बढ़त, मांग में सुधार और रोजगार सृजन के चलते स्थिति बेहतर हुई है। एक मासिक सर्वेक्षण ने सोमवार को यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक अगस्त में बढ़कर 57.2 हो गया। यह सूचकांक जुलाई में चार महीने के निचले स्तर 55.5 पर था। इस दौरान कारोबारी गतिविधियों में तेज उछाल देखा गया तथा रोगजार के मोर्चे पर 14 वर्षों में सबसे तेज वृद्धि हुई। समीक्षाधीन माह में लगातार 13वें महीने सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में सुधार हुआ। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर के अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार है, जबकि 50 से कम अंक संकुचन को दर्शाता है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की संयुक्त निदेशक पोल्याना डी लीमा ने कहा, नए कारोबार में बढ़त के चलते गतिविधियों में तेजी आई और कोविड महामारी से संबंधित प्रतिबंधों को हटाने और विपणन प्रयासों से कंपनियों को लगातार लाभ हो रहा है। रोजगार के मोर्चे पर, मजबूत बिक्री और बेहतर वृद्धि अनुमानों के चलते सेवा क्षेत्र में भर्ती में पर्याप्त बढ़ोतरी हुई। सर्वेक्षण में कहा गया कि 14 वर्षों में रोजगार सृजन की दर सबसे मजबूत हो गई है।

## परामर्श के बाद वसूला जा रहा है पेट्रोलियम उत्पादों पर अप्रत्याशित लाभ कर : सीतारमण

**भाषा।** मुंबई

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों और कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर अचानक नहीं, बल्कि उद्योग के साथ नियमित परामर्श के साथ वसूला जा रहा है। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) को अचानक लगाया गया कर कहना ठीक नहीं है, क्योंकि इसका निर्धारण उद्योग के साथ परामर्श के साथ किया जाता है।

वित्त मंत्री ने एलारा कैपिटल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कहा, उद्योग को पूरी तरह भरोसे में लेने के बाद ही इस विचार को लागू किया गया। सीतारमण ने कहा, जब हमने इस बारे में सुझाव दिया, तो हमने उद्योग जगत से कहा था कि हर 15 दिनों में कर की दर की समीक्षा की जाएगी और हम ऐसा कर रहे हैं। वैश्विक सूचकांक में बांड को शामिल करने पर उन्होंने कहा कि महामारी के बाद से कई चीजें बदल गई हैं। कोषों की आवक के मामले में खासतौर से ऐसा है। सीतारमण ने कहा कि फंड की आवक उम्मीद के मुताबिक नहीं रही है। निश्चित रूप से इसकी बड़ी वजह महामारी है। उन्होंने कहा, हालांकि, मैं जल्द ही इस पर एक तार्किक निष्कर्ष की उम्मीद करती हूं।

यह पूछने पर कि क्या सरकार कर-जीडीपी अनुपात बढ़ाने की योजना बना रही है, उन्होंने कहा कि कर आधार को बड़ा करना एक ऐसा मुद्दा है, जिसके लिए बहुत अधिक परामर्श और विश्लेषण की जरूरत है। वित्त मंत्री ने कहा, लेकिन हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ऐसा अधिक उचित ढंग से तथा तकनीक की मदद से किया जाए। उन्होंने कहा, भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के लिए बहुत सी चीजों को फिर से आकार देना होगा। इस लक्ष्य को पाने के लिए डिजिटलीकरण, शिक्षा और बुनियादी ढांचा सबसे महत्वपूर्ण साधन हैं।

# रिलांयस की आमदनी हो सकती है दोगुनी

**भाषा।** नई दिल्ली

**रिलायंस** इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) को अपने चौथे निवेश चक्र के तहत अगले तीन वर्षों में 50 अरब डॉलर खर्च करने से अपनी आमदनी को दोगुना करने में मदद मिल सकती है। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मॉर्गन स्टेनली ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि रिलायंस के इस सदी के चौथे निवेश चक्र में उसका लाभ 2027 तक दोगुना होने की संभावना है। हालांकि, कंपनी के पिछले निवेश चक्रों से यह कई मायनों में अलग होगा और इसमें ऊर्जा संबंधी गतिरोध भी आ सकते हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अगले तीन वर्षों में अपने रसायन, 5जी सेवा, खुदरा कारोबार और नवीन ऊर्जा कारोबार पर यह राशि खर्च करने की योजना बनाई है। नब्बे के दशक के अंत और नई सदी के शुरुआती वर्षों में रिलायंस ने अपने पहले निवेश चक्र में पेट्रोरसायन कारोबार पर खास ध्यान दिया था। इसके चार साल बाद शुरू हुए दूसरे निवेश चक्र में तेलशोधन और तेल एवं गैस क्षेत्रों के विकास पर जोर रहा। तीसरा निवेश चक्र पूरी तरह से दूरसंचार सेवा पर केंद्रित था। मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले निवेश चक्रों ने शेयरधारक मूल्य सृजन में 60-70 अरब डॉलर का योगदान दिया है क्योंकि इस दौरान कंपनी ने अपने आय स्वरूप को अगले दशक के लिए नया आकार देने के लिए आक्रामक कदम उठाए हैं। रिपोर्ट कहती है कि रिलायंस अगले निवेश चक्र के लिए बेहतर स्थिति में है जिसमें तीन वर्षों के भीतर 50 अरब डॉलर और वर्ष 2027 तक 75 अरब डॉलर खर्च करने का प्रावधान होगा। इस भारी निवेश का एक-तिहाई हिस्सा ऊर्जा एवं नवीन ऊर्जा कारोबार के पास जाएगा जबकि दूरसंचार और खुदरा कारोबार को बाकी राशि मिलेगी।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कार्यालय संख्या 201-बी, द्वितीय तल, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर बी 3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, थाने,महाराष्ट्र-400604

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गोपीनाथ नायक/आरती नायक/ डी-सी-3, श्री हरि पार्क, निकट पोतदार स्कूल, श्री कृष्ण नगर, शाहनूरवाडी, महाराष्ट्र, औरंगाबाद-431005/ एलबीएयूआर00002375917 एवं एलबीडीईएल00001727736 | मकान नंबर 135, ब्लॉक-डी, सेक्टर-बीटा-1, आबंटन सं. बी01-9519, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201306 | 29-07-2022 रू. 17,86,142/- | 31-01-2021 |

सूचना की वैकल्पिक तामील के लिए उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।
तिथि : 06 सितम्बर, 2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : नोएडा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# सेंसेक्स फिर 59,000 अंक के पार, निफ्टी 126 अंक मजबूत

**भाषा।** मुंबई



**घरेलू** शेयर बाजारों में सोमवार को मजबूती रही और बीएसई सेंसेक्स 442 अंक से अधिक चढ़कर एक बार फिर 59,000 अंक के स्तर के पार निकल गया। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच धातु, बैंक और पूंजीगत शेयरों में तेजी से बाजार लाभ रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 442.65 अंक यानी 0.75 प्रतिशत मजबूत होकर 59,245.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 504.92 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 126.35 अंक यानी 0.72 प्रतिशत चढ़कर 17,665.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबारियों के अनुसार सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा और आईटीसी शेयरों में अच्छी लिवाली तथा रुपए की विनिमय दर में तेजी से बाजार धारणा को मजबूती मिली। सेंसेक्स के शेयरों में सन फार्मा सबसे अधिक 1.81 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा, आईटीसी, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। इसके उलट एचयूएल, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, विप्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट और नेस्ले नुकसान में रहे। इनमें 1.51 प्रतिशत तक की गिरावट रही। मेहता इक्विटीज लि. के शोध विश्लेषक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तपसे ने कहा, सप्ताह की शुरुआत तेजी से होना थोड़ा अचंभित करने वाला है। तेजड़ियों ने वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख, ओपेक (तेल निर्यातक देशों के संगठन) की बैठक से पहले तेल के दाम में तेजी तथा सबसे महत्वपूर्ण अमेरिकी डॉलर सूचकांक के करीब एक दशक के उच्च स्तर 110.0 पर पहुंचने को तरजीह नहीं दी। उन्होंने कहा, बाजार अमेरिकी फेडरल रिजर्व (केंद्रीय बैंक) से सितंबर महीने में ब्याज दर में केवल 0.50 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। मंगलवार को निफ्टी का मुख्य अवरोध स्तर 17,757 है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में, जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार में शुक्रवार को गिरावट थी।

कोटक सिक्योरिटीज लि. के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, घरेलू शेयर बाजार ने एशिया के अन्य बाजारों में गिरावट तथा यूरोप में कमजोर रुख को नजरअंदाज किया। इसका कारण निवेशकों की धातु, बैंक और पूंजीगत शेयरों में लिवाली है। हालांकि, सतर्क रुख बना हुआ है क्योंकि वैश्विक नरमी के अंदेशे में बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.81 प्रतिशत की गिरावट के साथ 95.63 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे मजबूत होकर 79.79 (अस्थाई) पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 8.79 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Mohd. Naseem S/o. Abdul Rasheed, Resident of D-98/1, Shaheen Bagh, Abul Fazal Enclave-II, Jamia Nagar, New Delhi-110025 have declared that my name by mistake mentioned in my daughter's school records as Naseem Khan instead of Mohd. Naseem and my daughter's correct name is Insha Khan instead of Insha.
PD(90158)A

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी

[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]
अचल आस्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई-नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है।
एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह-कर्जदारों/गारंटरों का नाम ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति(यों) का विवरण, ज्ञात ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी (कर्जदार) श्रीमती शोभा देवी (सह-कर्जदार) QZNOD00005016405 | सम्पत्ति सं. सी-8ए, द्वितीय तल, रियर साइड, छत का अधिकार नहीं, ब्लॉक सी, खसरा नंबर 333, ग्राम बिंदापुर, सुभाष पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली-110059, एरिया : 360 वर्ग फीट | रू. 18,60,072/- (31 अगस्त, 2022 को) | रू. 15,40,000/- / रू. 1,54,000/- | 20 सितम्बर, 2022 को मध्या. 12.00 बजे से अप. 02.00 बजे तक | 13 अक्टूबर, 2022 को पूर्वा. 11.00 से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेन्सी मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (यूआरएल लिंक - **www.disposalhub.co**) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 12 अक्टूबर, 2022 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (कालम ई देखें) सहित अपनी ऑफर एक सीलबंद लिफाफे में, जिसके ऊपर सेवा में आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005 "सम्पत्ति के क्रय हेतु ऑफर" शीर्षांकित किया गया हो 12 अक्टूबर, 2022 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी चाहिए। मार्केटिंग एजेन्सी को नीलामी के समुचित संचालन हेतु नीलामकर्ता के भी रूप में अनुबंधित किया गया है। धरोहर राशि जमा डीडी/पीओ किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड" के पक्ष में दिल्ली में देय होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर 8657476284 पर सम्पर्क करें।
निविदाएं जो बैंक/ई-नीलामी विक्रेता पदाधिकारी द्वारा सम्यक् प्राप्त की गई हैं तथा पूर्ण विवरण के साथ कट-ऑफ समय से पूर्व पंजीकृत हैं, नीलामी हेतु विचारित की जाएंगी।
प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की वेबसाइट देखें : **www.icicibank.com/n4p4s**

तिथि : 06 सितम्बर, 2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# मनुष्य बनने की शिक्षा देने वाला ही वास्तविक गुरु:भैयाजी जोशी

## पदम्श्री डॉ. टीके लहरी और डॉ. मनोरंजन साहू सहित छह शिक्षकों को सम्मानित किया गया



**पायनियरसमाचार सेवा** ।वाराणसी

**वर्तमान** में शिक्षक केवल मार्ग बताने वाला बन गया है जबकि मनुष्य बनने की शिक्षा देने वाला ही वास्तविक गुरु होता है। वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में लोग इंजिनियर, डॉक्टर, वकील, शिक्षक बनना चाहते हैं पर मनुष्य बनना आवश्यक है। उक्त विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य भैय्याजी जोशी ने व्यक्त किया। वे सोमवार को नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन (एन.एम.ओ.) द्वारा आयोजित भारत भूषण पं.महामना मदन मोहन मालवीय स्वास्थ्य सेवा यात्रा - 2022 के समापन समारोह एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा व्यवस्था में मनुष्य बनने के विचारों का बीजारोपण करने की परिकल्पना को लेकर महामना ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की। भारत में शिक्षक दिवस के पहले से ही गुरु पूर्णिमा का आयोजन होता रहा है, शिक्षक और गुरु दोनों शब्दों के मध्य के अर्थों के अंतर को समाप्त करना आवश्यक है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आगे कहा कि एन.एम.ओ. द्वारा आचार्य वंदन की जो परम्परा प्रारम्भ हुई है वह प्रशंसनीय है, एन.एम.ओ. से जुड़ा प्रत्येक छात्र सेवा भाव लेकर चलता है। समय-समय पर आपदाओं में चिकित्सा हेतु जाना यह एक विषय है परन्तु महत्वपूर्ण यह है कि केवल चिकित्सा सेवा के लिए यात्रा की जाए। इस प्रकार के संस्कारो को छात्र जीवन में ही देना आवश्यक है। चरक शपथ की चर्चा करते हुए कहा कि छात्रों द्वारा चरक शपथ का स्मरण भी आवश्यक है। एन.एम.ओ.के मन्त्र का अर्थ समझाते हुए मुख्य अतिथि ने कहा महाभारत के द्रोण पर्व में उल्लिखित इस श्लोक के द्वारा महाराजा रन्तिदेव ने कामना की है कि न तो मुझे राज्य चाहिए, न तो स्वर्ग, मेरे पास आये हुए व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान हो। मेरे सामने बैठा हुआ मरीज ही मेरा ईश्वर है यही भाव चिकित्सक से अच्छा काम करवाता है। विवेकानन्द जी ने मानव सेवा को ईश्वर सेवा माना है, मानव की सभी पीड़ा, दु:ख-दर्द को मिटाने वाला वर्ग चिकित्सक है। वर्तमान में अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होना एक चुनौती है, आज भी अच्छी चिकित्सा सुविधा मात्र 20 प्रतिशत लोगों को ही उपलब्ध है। बहुत बड़ी जनसँख्या धर्मदा चिकित्सा व्यवस्था पर आश्रित है, यद्यपि वर्तमान में शासकीय चिकित्सा व्यवस्था उन्नत हुई है पर जनसँख्या और भौगोलिक विस्तार को देखें तो आज भी सुविधा न्यून है। दलाई लामा के शब्दों में स्वास्थ्य की सुविधाएँ बढ़ी हैं पर स्वास्थ्य का स्तर नीचे जा रहा है। इस विचार को बदलने में एन.एम.ओ. द्वारा संचालित धनवन्तरी यात्रा, कश्यप यात्रा, भारत भूषण पं.महामना मदन मोहन मालवीय स्वास्थ्य सेवा यात्रा इत्यादि सहायक सिद्ध हुए हैं। कार्यक्रम के आरम्भा में मंचासीन अतिथि भैय्या जी, एन.एम.ओ. के अखिल भारतीय महासचिव डॉ.विश्वम्भर, प्रान्त अध्यक्ष डॉ.सुभाष द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं महामना मालवीय, सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं भगवान् धनवन्तरी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एन.एम.ओ. के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.कमलाकर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ.सत्येन्द्र एवं सञ्चालन डॉ.दीपक ने किया। इनका हुआ सम्मान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पद्मश्री डॉ.टी.के.लहरी को एवं धनवंतरी सम्मान से डॉ.मनोरंजन साहू को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में 6 शिक्षको में डॉ.एस.पी.मिश्रा, डॉ.संदीप, डॉ.बी.डी., डॉ.एस.के.राय, डॉ मुरलीधर पालीवाल और डॉ.नवीन को समानित किया गया।

## जैपुरिया बाबतपुर में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**वाराणसी।** सेठ एम. आर. जैपुरिया स्कुल्स बनारस के बाबतपुर कैम्पस में शिक्षक दिवस के अवसर पर विशाल समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर आयोजित रंगारंग समारोह में छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में गीत, कविता व नृत्य प्रस्तुत किया व शिक्षकों ने भी बच्चों के लिए अपने गीत व संदेश के माध्यम से सुनहरे भविष्य की कामना की।विद्यालय के चेयरमैन दीपक कुमार बजाज ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षक न केवल वर्तमान को संवारते है बल्कि भविष्य का निर्माण भी करते है। हम सबके जीवन में शिक्षा व शिक्षकों का बड़ा महत्व है। इनके स्नेह, आर्शीवाद और मार्गदर्शन हमारे जीवन को ऊंचाईयां प्रदान करता है।अपने संदेश में विद्यालय की प्रधानाचार्या सुधा सिंह ने कहा कि जीवन की हर कला और हर विद्या को सीखाने में शिक्षकों का बड़ा योगदान होता है। शिक्षकों की जिम्मेदारी विषयों को पढ़ाना और कलाओं को सीखाना तो है ही साथ में बच्चों को जीवन की चुनौतियों और संघर्ष के लिए तैयार करना भी है। कक्षा 10 की छात्रा आरुषि ने अपनी कविता 'गुरु ज्ञान की दीप की ज्योति' के माध्यम से सभागार में उपस्थित शिक्षकों का अभिनंदन किया।कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2021-22 में उत्कृष्ट योगदान के लिए शिक्षकों श्वेता सिंह, प्रज्ञा गुप्ता, आकांक्षा श्रीवास्तव, संध्या सिंह, डालिया बोस, शुभम श्रीवास्तव, अंशु प्रकाश मौर्या, विजय कुमार विश्वकर्मा, रिषी नारायण सिंह, निहारिका यादव को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्राओं अदा श्रीवास्तव व महिमा पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार बजाज, अधिशासी निदेशक श्याम सुंदर बजाज, निदेशक अनिल के. जाजोदिया, आयुष्मान बजाज व शैक्षणिक प्रबंधक नरेन्द्र पाण्डेय व अभिभावक उपस्थित रहे।

### शाहजहांपुर में जरी-जरदोजी के कारीगर संकट में

# कम मेहनताना और सीमित बाजार से हो गए बदहाल

**काम की व्यापकता के कारण राज्य सरकार ने इसे एक जिला एक उत्पाद श्रेणी में स्थान दिया है**

**उधर, प्रशासन का दावा है कि सरकार इस उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है**

**भाषा।** शाहजहांपुर

**शाहजहांपुर** जिले में जरी-जरदोजी के हुनरमंद कारीगर कभी देश में शाही परिवारों की पोशाक तैयार करते थे, लेकिन अब वे कम मजदूरी और सीमित बाजार की समस्या से जूझ रहे हैं। हालांकि, प्रशासन का दावा है कि सरकार इस उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है।शाहजहांपुर जिले में हजारों कारीगरों, विशेषकर महिलाओं द्वारा कढ़ाई के एक पारंपरिक रूप जरी-जरदोजी का काम किया जाता है। जरी-जरदोजी के काम की व्यापकता के कारण राज्य सरकार ने इसे एक जिला एक उत्पाद श्रेणी में स्थान दिया है। अल्लाहगंज क्षेत्र के रहने वाले इब्ने हसन ने बताया कि वह ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चा माल देकर मजदूरी पर साड़ी, लहंगा आदि पर जरी का काम करवाते हैं। उन्होंने कहा, सबसे बड़ी समस्या यह है कि तैयार उत्पादों को बेचने के लिए दिल्ली, मुंबई भेजना पड़ता है। अगर जिले में ही तैयार माल को बेचने की व्यवस्था हो तो यह उद्योग बहुत आगे बढ़ सकता है। मीरानपुर कटरा के रहने वाले जरी कारीगर मुसद्दीक अली ने बताया कि उनकी पत्नी समेत पांच कारीगर उनके यहां जरी का काम करते हैं, लेकिन उन्हें उचित मेहनताना भी नहीं मिल पाता है। अली ने कहा कि कारीगरों को सरकार की ओर से कोई सुविधा नहीं मिलती, इसीलिए जो महिलाएं घरों में खाली रहती हैं, वही इस काम को कर रही हैं। शहर में जरी-जरदोजी का व्यवसाय करने वाली जेवनाज पहले मुंबई में एक निजी बैंक में सहायक प्रबंधक के तौर पर काम करती थीं, लेकिन कोरोनाकाल में उन्हें शाहजहांपुर आना पड़ा और यहां जिला उद्योग केंद्र की मदद से सात लाख रुपए ऋण लेकर उन्होंने जरी-जरदोजी का काम शुरू किया। जेवनाज ने बताया कि वह अपना उत्पाद कारीगरों से बनवाती हैं और एमेजॉन पर बेचती हैं। उनके साथ चार कारीगरों के अलावा लगभग एक दर्जन एजेंट काम कर रहे हैं, जो कच्चा माल लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कारीगरों को बांटते हैं और तैयार माल उनसे लेकर जेवनाज को देते हैं। मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने पीटीआई-भाषा से कहा, सरकार इस उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है। कारीगरों को उनके काम का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर तैयार किया जा रहा है। सिंह के मुताबिक, दिसंबर 2021 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाहजहांपुर आए थे, तब तत्कालीन जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने उन्हें वंदना राठौड़ द्वारा निर्मित एक शॉल भेंट की थी और प्रधानमंत्री ने उस शॉल की खूबसूरती की काफी तारीफ की थी। उन्होंने कहा, कारीगर इस सेंटर से कच्चा माल ले सकेंगे और उनके उत्पादों की खरीद भी इस केंद्र पर होगी। यहां नए कारीगरों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य बिचौलियों को खत्म करना है। जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त अनुराग यादव ने बताया कि शाहजहांपुर में लगभग 12 हजार से अधिक कारीगर जरी-जरदोजी का काम कर रहे हैं और पात्र लोगों को वह 11 करोड़ रुपए का ऋण भी उपलब्ध करा चुके हैं। इसके अलावा लोगों को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ 700 कारीगरों को टूलकिट भी वितरित की जा चुकी है। उद्योग केंद्र के सहायक महाप्रबंधक अरुण कुमार पांडे ने कहा कि लोगों को लगातार प्रशिक्षित किया जा रहा है और कारीगरों को आर्टीजन कार्ड भी दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक सात लोगों को यह कार्ड जारी किए गए हैं। मालूम हो कि आर्टीजन कार्ड धारक देशभर में लगने वाली प्रदर्शनियों में अपना स्टॉल लगा सकते हैं और विदेश में लगने वाली प्रदर्शनियों में भी हिस्सा ले सकते हैं।



## सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, एक की हालत गंभीर

**गोंडा।** गोंडा जिले में सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य जख्मी हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि रविवार की देर रात वजीरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत किशुनदासपुर मनकापुर मार्ग पर एक मोटर साइकिल को ट्रक ने टक्कर मार दी। परिणाम स्वरूप बाइक सवार दो व्यक्ति की मौत हो गई जबकि अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। स्थानीय थाने की पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे में मारे एक व्यक्ति की पहचान जिला बलरामपुर में अशरफपुर के निवासी राम सूरत (28) के रूप में हुई है तथा अन्य व्यक्ति की शिनाख्त नहीं की जा सकी है। थाना प्रभारी चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। मृतक की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है।

## आर्थिक तंगी के कारण ट्रक चालक की दो पत्नियों ने आत्महत्या की

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के कोतवाली इलाके में रविवार को एक ट्रक चालक की दो पत्नियों ने जहर खा कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। चालक जावेद (45) के अनुसार, उसकी दोनों पत्नियों ने आर्थिक तंगी के कारण यह कदम उठाया क्योंकि चार महीने पहले उसके ट्रक को यातायात अधिकारियों ने जब्त कर लिया था। पुलिस ने बताया कि अफसाना (35) और हिना (26) ने कोतवाली थाना क्षेत्र के मिमलाना रोड इलाके में स्थित अपने आवास पर जहर खा लिया। पुलिस अधीक्षक (नगर) अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि दोनों महिलाओं को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है। जावेद ने पुलिस को बताया कि चार महीने पहले यातायात विभाग के अधिकारियों ने वाहन के पूरे कागजात नहीं रहने के कारण उसका ट्रक जब्त कर लिया था।

## बच्ची के साथ दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**पीलीभीत।** थाना बरखेड़ा क्षेत्र के एक गांव में 11 वर्षीय बच्ची के साथ पड़ोसी द्वारा कथित तौर पर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पीलीभीत के पुलिस अधीक्षक (एसपी) दिनेश कुमार प्रभु ने पत्रकारों को बताया कि थाना बरखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत एक बच्ची के साथ पड़ोसी द्वारा दुष्कर्म करने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी पड़ोसी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सुभासपा उपाध्यक्ष महेंद्र राजभर ने अन्य सदस्यों के साथ पार्टी से इस्तीफा दिया

**मऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी को झटका देते हुए इसके संस्थापक सदस्य और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र राजभर ने सोमवार को दो दर्जन से अधिक सदस्यों के साथ पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

इस दौरान उन्होंने सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि वह पार्टी के अभियान से भटक चुके हैं और अपने व्यक्तिगत अभियान के तहत धन बटोरने के चक्कर में लगे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वह मऊ विधायक अब्बास अंसारी को संरक्षण दे रहे हैं, जिन्हें आपराधिक मामलों में भगोड़ा घोषित किया जा चुका है। मऊ जनपद मुख्यालय स्थित एक होटल प्लाजा में पत्रकारों से बातचीत में महेंद्र राजभर ने कहा कि सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर एनकेन प्रकारेण केवल धन बटोरने के चक्कर में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि 20 वर्ष पूर्व 27 अक्टूबर 2002 को हम सबकी उपस्थिति में पार्टी की स्थापना की गई थी और उस समय पार्टी का मिशन गरीब, दलित, मजदूर व वंचित समाज का उत्थान रखा गया था। महेंद्र राजभर ने संवाददाताओं से कहा, ओम प्रकाश राजभर केवल पैसा एकत्र करने में लगे हुए हैं। हमने 20 साल पहले वर्ष 2002 में गरीबों, दलितों, वंचितों के लिए काम करने के मिशन के साथ पार्टी की स्थापना की थी। लेकिन अब वह पैसे के लिए पार्टी का इस्तेमाल कर रहे हैं। राजभर ने कहा कि उनके इन कामों से आहत होकर प्रदेश महासचिव अर्जुन चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अवधेश राजभर सहित दो दर्जन से अधिक साथियों ने सुभासपा की सदस्यता छोड़ने का निर्णय लिया है। ओमप्रकाश राजभर पर आरोप लगाते हुए महेंद्र राजभर ने कहा कि मऊ सदर विधायक अब्बास अंसारी को पूरे देश की पुलिस तलाश रही है, लेकिन उनके ओमप्रकाश राजभर के घर में छिपे होने की आशंका है। वर्ष 2017 विधानसभा चुनाव में मऊ सदर से सुभासपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र राजभर को भाजपा-सुभासपा गठबंधन का प्रत्याशी बनाया गया था, जो बाहुबली मुख्तार अंसारी के खिलाफ चुनाव लड़े थे।

# कांग्रेस, भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से जोड़ेगी मुकम्मल भारतीयता को

**पायनियर समाचार सेवा** ।वाराणसी

**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत वाराणसी के सिगरा स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा शुरू किए जा रहे बहुप्रतीक्षित 'भारत जोड़ो यात्रा' के बारे में पत्रकार साथियों को विस्तार से जानकारी दी।इससे पहले उन्होंने वाराणसी में बाबा श्री काशी विश्वनाथजी का विधिवत दर्शन - पूजन करने के साथ ही साथ वाराणसी में आयोजित एक पत्रकारवार्ता को भी सम्बोधित किया। जिसमे उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा शुरू किए जा रहे बहुप्रतीक्षित 'भारत जोड़ो यात्रा' के बारे में कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने केंद्र की



मोदी सरकार की विभिन्न मोर्चों पर न सिर्फ विफ्ल होने की बल्कि भारत के भविष्य के साथ किये जा रहे भयानक खिलवाड़ के लिए मोदी सरकार की बखिया उधेड़ते हुए कहा कि - कमर तोड़ महंगाई को नियंत्रित करने में मोदी सरकार पूरी तरह विफ्ल है। महंगाई की इस मार ने बेरोज़गारी और घटती आय के बीच में जीना दूभर कर दिया है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने कल, 4 सितंबर 2022 को दिल्ली में 'महंगाई पर हल्ला बोल' की एतिहासिक रैली कर सरकार से मांग की कि महंगाई पर लगाम लगाकर देश की जनता को राहत देने के लिए तत्काल कार्रवाई करें।

7 सितंबर को शुरू हो रही 'भारत जोड़ो यात्रा' के साथ हम इस दिशा में अगला कदम उठाने जा रहे हैं। इस यात्रा में भारत के सामने मौजूद गंभीर विषयों पर देशवासियों के साथ सीधा संवाद किया जाएगा। हम 150 दिनों में कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3,500 किमी. का रास्ता तय करेंगे और देश भर में लाखों लोगों के मन की बात सुनेंगे।

**भारत जोड़ो यात्रा' ज़रूरी है**

आज के समय में इस यात्रा की बेहद आवश्यकता है। 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने सभी भारतीयों को समृद्धि का सपना दिखाया था। पर ठीक इसके विपरीत, पिछले 8 सालों में महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक तनाव और ध्वस्त होती संस्थाओं का एक भयानक मंजर इस देश को दिखाया।भारत जोड़ो यात्रा तीन प्रमुख समस्याओं पर केन्द्रित है।

## डीएम ने बच्चों को दी सीख, नेक रास्ते पर चलो और खूब पढ़ो-लिखो



**बाँदा।** शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी बांदा श्अनुराग पटेल द्वारा गोद लिये ग्राम डिगवाही के प्राथमिक विद्यालय जाकर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुये उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा नेक रास्ते पर चलकर मन लगाकर पढ़ाई करने की सीख दी गयी। विद्यालय में उन व्यक्तियोंध्पूर्व छात्रों को भी सम्मानित किया गयाए जो डिगवाहीं के प्राथमिक विद्यालय से शिक्षा प्राप्त आज नौकरीध्व्यवसाय आदि में लगे हुये है। उक्त के अतिरिक्त विद्यालय के शिक्षकों को भी जिलाधिकारी बांदा द्वारा सम्मानित किया गया। छात्रों को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारीए बांदा श्री अनुराग पटेल द्वारा बताया गया कि सर्वपल्ली राधाकृष्णनन् के जन्म दिवस को हम शिक्षक दिवस के रूप में मनाते चले आ रहे है। चूँकि सर्वपल्ली राधाकृष्णनन् लगभग 40 वर्ष शिक्षक रहने के उपरान्त देश के प्रथम उप राष्ट्रपति एवं दूसरे महामहिम राष्ट्रपति के पद पर सुशोभित हुये। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारीए बांदा द्वारा सभी बच्चों को मिष्ठान यथा लड्डू आदि वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारीए बांदा के साथ प्रशिक्षु आई0ए0एस0 अधिकारी श्री जगत सॉई राल्लपल्ली एवं प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर सुश्री श्वेता साहू उपस्थित रही। उपर्युक्त कार्यक्रम में पश्चात श्री जगत सॉई राल्लपल्लीए प्रशिक्षु आई0ए0एस0 एवं सुश्री श्वेता साहूए प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर द्वारा जिलाधिकारीए बांदा के दूसरे गोद लिये ग्राम कतरावल में प्राथमिक विद्यालय जाकर बच्चों को मिष्ठान स्वरूप चाकलेट वितरित की गयी तथा शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

# धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



**गाजीप्रुर।** जनपद में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर कंपोजिट स्कूल सुहवलएरेवतीपुर पर शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेम उपाध्याय ने बताया की प्रतिवर्ष हम लोग डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर श्री कविंद्र जी ;एणआरणपीण्द्ध को माल्यार्पणए अंग वस्त्रए डायरी और कलमए शैलेंद्र नाथ रायए प्रेम कुमार उपाध्यायए अवनीश रायए महेंद्र सिंहए द्वारा क्रमश: देकर सम्मानित किया गया। अवनीश चंद्र राय ने बताया विद्या विनय को जन्म देती है। विद्यालय के अध्यापक राजेश दुबे ने बताया की जिस प्रकार वृक्ष फ्ल से लगने पर झुक जाते हैं इस प्रकार ज्ञान से परिपूर्ण होने पर व्यक्ति विनम्र हो जाता है। बच्चे अपने माता पिता को सर्वप्रथम अपना हीरो एवं हीरोइन मानते हैं। तत्पश्चात वह विद्यालय आते हैं और अपने अध्यापकों को ही अपना आदर्श मानते हैं और उसका अनुकरण करते हैं। अध्यापक का आचरण इस प्रकार का होना चाहिए की बच्चे उसका अनुसरण कर सकें एतभी एक स्वस्थ समाज की निर्माण हो सकता है। अगर देश से नशा खत्म करना है तोआध्यापक को स्वयं को सुरतीए तंबाकूए गुटका इत्यादि सब चीजों से दूर रहना चाहिए।

## शिक्षक दिवस के अवसर पर नि:शुल्क फिल्म प्रदर्शन

**गाजीपुर।** जनपद के लोकप्रिय मल्टीप्लेक्स छविगृह एन0वाई0 सिनेमाज सुहासिनी में शिक्षक दिवस के अवसर पर समाज में सुदृढ़ व शिक्षित बनाने में अग्रिणी भूमिका निभाने वाले सेंट मैरीए जी माउंट लीटेराए सरस्वती विद्या मंदिरए एवं आर्यन पब्लिक स्कूल सहित अन्य शिक्षण संस्थान के शिक्षकों के सम्मान में कार्तिके 2 फिल्म का नि:शुल्क प्रदर्शन किया जायेगा। फिल्म प्रदर्शन के पूर्व शिक्षकगणों का गुलाब दे कर स्वागत किया गया। फिल्म के दौरान सभी अतिथिगड़ को शीतल पेय व अल्पाहार दिया गया। कोविड वैश्विक महामारी



के बाद यह पहल की गयी। सुहासिनी सिनेमा के स्वामी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि एनवाई सिनेमाज़ समाज के हर वर्ग हर फ़ेस्टिवल को उत्साह से मनाती रहती है व इस तरह के आयोजन करती रहती है। वर्ष 2018 से ही एनवाई ग्रुप के ब्मव व वचतंपजपवद जमंउ निरंतर प्रयासरत रहते है कि महिला दिवस आदि अवसरों पर महिलाओं का सम्मान व चिकित्सा शिविर का आयोजन होता रहे। विगत दो वर्षो में कोविड वैश्विक महामारी के दौरान इन सारी गतिविधियों को रोक दिया गया था। एक बार पुन: एनवाई सिनेमाज़ ने समाज के सम्मानित शिक्षक व शिक्षिकाओं के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सिनेमा प्रबन्धक लवकुश शुक्ला ने बताया कि आज के आयोजन से उनकी पूरी टीम गर्व की अनुभूति कर रही है।

## शिक्षकों की समाज निर्माण में भूमिका अविस्मरणीयः प्राचार्य

**गाजीपुर।** हर साल 5 सितंबर को भारत के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर पीजी कालेज में नवनियुक्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पंकज सिंह यादव असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र संजय कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहासए आनंद कुमार सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति शास्त्रए यशवंत मौर्य असिस्टेंट प्रोफेसर मनोविज्ञानएडा अशोक कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर कृषि संकायए उत्कर्ष सिंह अस्सिटेंट प्रोफेसर भूगोलएडा शशि शेखरएडा संजय कुमार श्रीवास्तव अस्सिटेंट प्रोफेसर कामर्स विभाग कालेज के संगोष्ठी कक्ष में शिक्षकों के सम्मान समारोह की अध्यक्षता चीफ प्राक्टर डीके सिंह ने किया।



**श्रीलंका के खिलाफ करो या मरो मुकाबला आज**

# भारत को गेंदबाजी संतुलन की जरूरत

**भाषा।** दुबई

**भारतीय** टीम जब मंगलवार को एशिया कप के करो या मरो के सुपर फोर मुकाबले में श्रीलंका के सामने होगी तो उसे अपने गेंदबाजों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की जरूरत होगी जबकि उसे ज्यादा प्रयोग से भी बचना होगा। चोटिल रविंद्र जडेजा, हर्षल पटेल और जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत के पास गेंदबाजी विभाग में खिलाने के लिए ज्यादा विकल्प नहीं हैं।

भारत रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ पांच गेंदबाजी विकल्प के साथ खेला था और यह फैसला टीम के पक्ष में नहीं रहा क्योंकि भुवनेश्वर कुमार का दिन अच्छा नहीं रहा। पाकिस्तान के खिलाफ शुरूआती मैच में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले हार्दिक पंड्या मंहगे साबित हुए और ऐसा ही युजवेंद्र चहल के साथ भी हुआ जो टूर्नामेंट में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिख रहे हैं। पांच गेंदबाजों की थ्योरी में हार्दिक के चार ओवर काफी अहम हो जाते हैं। अक्षर पटेल को टीम में संतुलन प्रदान करने के लिए अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है जिन्हें जडेजा की जगह बुलाया गया है। आवेश खान पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले अस्वस्थ थे, वह तीसरे विशेषज्ञ तेज गेंदबाज के तौर पर टीम में वापसी कर सकते हैं। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने जोर दिया था कि भारत विश्व कप से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ अंतिम एकादश के साथ खेलने की कोशिश करेगा लेकिन रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम का प्रयोग करना जारी है। टीम में ऋषभ पंत बनाम दिनेश कार्तिक बहस जारी है जिससे टीम प्रबंधन ने तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज की जगह दीपक हुड्डा को खिलाया। वहीं कार्तिक को हालांकि पहले दो मैचों में बमुश्किल से बल्लेबाजी का मौका मिला। इस समय गेंदबाजी संसाधन भले ही काफी नहीं हों लेकिन भारत को अपने मध्यक्रम के बारे में फैसला करने की जरूरत है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच से सकारात्मक चीज यह रही कि शीर्ष क्रम ने शानदार प्रदर्शन किया। रोहित, केएल राहुल और विराट कोहली सभी तीनों ने काफी आक्रामकता दिखाई और भारत को तेज शुरूआत कराई। कोहली के आलोचक एशिया कप में उनके लगातार दूसरे अर्धशतक के बाद आखिर अब चुप हो सकते हैं। वह भले ही अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हों लेकिन रविवार को उन्होंने संकेत दिया कि वह इस ओर बढ़ रहे हैं। श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले में कोहली और दोनों सलामी बल्लेबाजों से पहली ही गेंद से तेज तर्रार बल्लेबाजी की उम्मीद लगी होगी। बांग्लादेश और अफगानिस्तान के खिलाफ दो करीबी जीत दर्ज करने के बाद श्रीलंका ने शुरूआती मैच में करारी शिकस्त के बावजूद अपना अभियान पटरी पर लौटा लिया है। तीसरे नंबर के बल्लेबाज चरित असालंका को छोड़कर श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने प्रभाव डाला है जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ कप्तान दासुन शनाका और कुसाल मेंडिस तथा अफगानिस्तान के खिलाफ धनुष्का गुणतिलक और भानुका राजपक्षे शामिल हैं। कोच क्रिस सिल्वरवुड की टीम अब राहत की सांस ले सकती है कि वह किसी भी हालात में जीत हासिल कर सकती है। इसलिए भारत को श्रीलंका से सतर्क रहना होगा क्योंकि एक और हार उसे फाइनल की दौड़ से बाहर कर सकती है। शनाका ने अफगानिस्तान के खिलाफ शानदार ओवर के बाद कहा था, ड्रेसिंग रूम में यही जज्बा बना हुआ है। हमें लगता है कि हम बतौर टीम इस तरह के विकेट पर किसी भी लक्ष्य का पीछा कर सकते हैं। लक्ष्य का पीछा करते हुए हमें स्पष्ट पता होता कि विकेट किस तरह बर्ताव करेगा।



### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत**

रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दीपक हुड्डा, हार्दिक पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, रवि बिश्नोई, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, दिनेश कार्तिक, आवेश खान, अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन।

**श्रीलंका**

दासुन शनाका (कप्तान), धनुष्का गुणतिलका, पाथुम निसांका, कुसाल मेंडिस, चरित असलंका, भानुका राजपक्षे, आशेन बंडारा, धनंजय डि सिल्वा, वानिन्दु हसरंगा, महेश तीक्ष्णा , जेफ्रे वांडरसे, प्रवीण जयविक्रमा, चमिका करुणारत्ने, दिलशान पाथिराना, नुवानिंदु फर्नांडो और दिनेश चांदीमल।

# पाकिस्तान के खिलाफ मैच में 36 साल पहले चेतन शर्मा थे और अब अर्शदीप सिंह हैं....

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय** गेंदबाज अर्शदीप सिंह पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के सुपर फोर मुकाबले में महत्वपूर्ण कैच लपकने से चूक गए लेकिन 36 साल पहले कुछ ऐसा ही वाकया चेतन शर्मा के साथ हुआ था जब उनकी गेंद यॉर्कर के बजाय फुलटॉस होकर छक्के के लिए चली गई थी। चेतन ने तब जावेद मियांदाद को यॉर्कर डालने का प्रयास किया था जिन्हें तब शारजाह का महाराजा कहा जाता था लेकिन यह फुल टॉस हो गई। दूरदर्शन के उन दिनों में इसमें सिर्फ सामान्य कवरेज होती थी और अब ही ऐसा है कि शारजाह स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग मैच देख पाते हैं। हमें पता है कि यह छोटा मैदान है जहां छक्के आराम से लगाए जा सकते हैं। 1986 में आस्ट्रालेशिया कप फाइनल में चेतन के लिए एक गेंद काफी खराब रही जिसमें वह लेंथ से चूक गए। और अब 2022 में आसिफ अली ने हवा में शॉट खेला और अर्शदीप ने कैच छोड़ दिया जबकि वैसे वह 11 में 10 बार इसे पकड़ लेते। टीम के सभी साथी काफी निराश हो गए। इन दोनों मैचों के बीच 36 साल का अंतर रहा लेकिन दर्शक इंसान की सरल सी गलती को भी स्वीकार नहीं कर पाते और तब चेतन इससे काफी भयभीत हो गए थे। बस उम्मीद कर सकते हैं कि रविवार को कैच छूटने से हुई चूक इस 23 साल के खिलाड़ी के दिमाग में गहरा असर नहीं करे क्योंकि अगर सब ठीक रहता है तो उसका आगामी वर्षों में विश्व क्रिकेट में टी20 के अंतिम ओवरों के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज में से एक बनना तय है। भारतीय जनता ने तब चेतन को नहीं बख्शा था जबकि वह लार्ड्स टेस्ट में पांच विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाजों में से एक थे और वनडे विश्व कप में पहली हैट्रिक लेने वाले गेंदबाज थे। लेकिन लोगों को बस वही एक गेंद याद है। रविवार की रात सोशल मीडिया पर अर्शदीप के कैच छूटने पर जो प्रतिक्रिया थी, उसे भी हल्के में नहीं लिया जा सकता और इसमें दिखाई गई घृणा को बयां नहीं किया जा सकता। यहां तक कि उन्हें खालिस्तानी करार कर दिया गया। कुछ खेल प्रेमियों ने तो उनके विकीपीडिया पेज को हैक करके संपादित कर दिया और इसमें आपत्तिजनक शब्द खालिस्तानी उनके नाम में जोड़ दिया। हैकर ने अर्शदीप का नाम मेजर अर्शदीप सिंह लांगड़ा और फिर मेजर अर्शदीप सिंह बाजवा कर दिया। लेकिन फिर इन्हें सही करके विकीपीडिया पेज को मूल रूप में कर दिया गया और जहां तक भारत सरकार का संबंध है तो इस पर संज्ञान लिया गया। भारत के कौशल विकास और उद्यमिता और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने इस मामले का संज्ञान लिया और ट्वीट किया, भारत में परिचालन कर रहे किसी भी मध्यस्थ को इस तरह की गलत सूचना देने और नुकसान पहुंचाने के लिए जानबूझकर किए गए प्रयासों की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह हमारी सरकार की सुरक्षित और विश्वस्त इंटरनेट की उम्मीदों का उल्लंघन करता है। लोग भूल गए कि कैच छूटने के कुछ ही मिनट बाद अर्शदीप अंतिम ओवर डालने आए और उन्होंने शानदार जज्बा दिखाकर उसी आसिफ को पगबाधा आउट किया। वे भूल गए कि टी20 मैच में अंतिम ओवर में केवल सात रन का ही बचाव करना था जिन्हें बनाना काफी आसान था। वे भूल गए कि हार्दिक पंड्या, युजवेंद्र चहल और भुवनेश्वर कुमार के लिए भी दिन अच्छा नहीं रहा था।

## रोमा की सीरि ए में पहली हार

**मिलान।** रोमा के खिलाड़ियों की दो गलतियों का फायदा उठाते हुए उडिनीस ने सीरि ए फुटबाल में उस पर 4-0 से अप्रत्याशित जीत दर्ज की। जोस मोरिन्हो की टीम की यह इस सत्र की पहली हार है। पिछले चार दौर में उसने एक गोल भी नही गंवाया था। ोमा के डिफेंडर रिक कार्सडोर्प और गोलकीपर रूइ पैट्रीसियो की गलती से विरोधी टीम ने पहले दो गोल दाग दिए। उडिनीस की यह लगातार तीसरी जीत है और अब वह रोमा के साथ चौथे स्थान पर है। वही एक अन्य मैच में क्रेमोनीस ने सासुओलो से गोलरहित ड्रॉ खेला। हेल्लास वेरोना ने सैंपडोरिया को 2-1 से हराया। बोलोगना ने स्पेजिया से 2-2 से ड्रॉ खेला।

## शुभंकर डेनमार्क में संयुक्त 52वें स्थान पर

**फोर्सो (डेनमार्क)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने यूरोपीय टूर पर मेड इन हिम्मरलैंड टूर्नामेंट में आखिरी दौर में दो अंडर 69 का स्कोर करके संयुक्त 52वां स्थान हासिल किया। पहले तीन दिन 68, 70, 71 स्कोर करने वाले शुभंकर का स्कोर छह अंडर रहा। भारतीय मूल के अमेरिकी अमन गुप्ता संयुक्त 66वें स्थान पर रहे। इंग्लैंड के ओलिवर विल्सन ने स्कॉटलैंड के इवेन फर्ग्युसन को हराकर खिताब अपने नाम किया।

## जेके ओपन गोल्फ में हनी बैसोया करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

**नई दिल्ली।** गत चैम्पियन हनी बैसोया और ओलंपियन उदयन माने जम्मू तवी गोल्फ कोर्स पर सात से 10 सितंबर तक होने वाले दूसरे जे एंड के ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। बैसोया और माने के अलावा इसमें राशिद खान, खालिन जोशी, युवराज सिंह संधू, मनु गंडास और करणदीप कोचर भी नजर आएंगे। विदेशी खिलाड़ियों में श्रीलंका के मिथुन परेरा और एन त्यागराजा और बांग्लादेश के जमाल हुसैन प्रमुख हैं। टूर्नामेंट में 126 खिलाड़ी भाग लेंगे जिनमें दस विदेशी है। जम्मू तवी गोल्फ कोर्स 18 होल का कोर्स है जिसे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डिजाइनर कर्नल के डी बग्गा ने डिजाइन किया है।

## अर्जुन मैनी जीटी वर्ल्ड चैलेंज यूरोप में दूसरे स्थान पर रहे

**होकेनहेम (जर्मनी)।** मर्सीडीज-एएमजी के भारतीय ड्राइवर अर्जुन मैनी ने सोमवार को यहां फेनेटेक जीटी वर्ल्ड चैलेंज यूरोप रेस में दूसरा स्थान हासिल किया। बेंगलुरू के रहने वाले अर्जुन, ह्यूबर्ट हॉप्ट और फ्लोरियन स्कोल्ज ने तीन घंटे की गोल्ड स्तर की रोमांचक रेस में टीम एचआरटी को दूसरा स्थान दिलाया। रेस के दौरान कई बार सुरक्षा कार ट्रैक पर उतरी और एक समय अर्जुन की पांचवे नंबर की कार छठे स्थान पर खिसक गई थी। अर्जुन ने अंतिम एक घंटे के लिए चुनौती पेश की जो आम तौर पर गोल्ड स्तर का ड्राइवर करता है। यह भारतीय ड्राइवर टीम को दूसरे स्थान पर ले आया। पांच नंबर की कार ने दूसरी बार पोडियम पर जगह बनाई है और अभी चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर चल रही है।

# जेमिमा रोड्रिग्ज आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित

**भाषा।** दुबई



**भारत** की स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिगेज को अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। महिला वर्ग में नामित खिलाड़ियों में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी और ताहलिया मैकग्रा भी शामिल हैं। जेमिमा ने भारत को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह पांच मैच में 146 रन बनाकर टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में पांचवें स्थान पर थी। उन्होंने बारबडोस के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले में भारत की ओर से 46 गेंद में सर्वाधिक नाबाद 56 रन बनाकर टीम को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। दूसरी तरफ बेथ मूनी राष्ट्रमंडल खेलों की सबसे सफल बल्लेबाज रहीं। उन्होंने आस्ट्रेलिया के अंतिम ग्रुप ए मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 49 गेंद में 70 रन बनाए और फिर सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 29 गेंद में 36 रन की पारी खेली। ताहलिया ने अपने आलराउंड प्रदर्शन से प्रभावित किया। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार शामिल महिला क्रिकेट में आस्ट्रेलिया को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह पांच मैच में आठ विकेट के साथ टूर्नामेंट की संयुक्त रूप से दूसरी सबसे सफल गेंदबाज रहीं। पुरुष वर्ग में इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स, जिंबाब्वे के सिकंदर रजा और न्यूजीलैंड के मिशेल सेंटनर को नामित किया गया।

## रिजवान के पैर का होगा एमआरआई स्कैन

**दुबई।** पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को यहां एशिया कप में भारत के खिलाफ सुपर फोर चरण मुकाबले में मिली पांच विकेट की जीत के दौरान दाहिने पैर में खिंचाव आ गया था जिसके कारण सोमवार को उनका एहतियाती एमआरआई स्कैन कराया जाएगा। पाकिस्तानी मीडिया की खबरों के अनुसार रिजवान भारत की पारी के दौरान मोहम्मद हसनैन की गेंद को रोकने के प्रयास में चोटिल हो गए थे जब उनका पैर जोर से जमीन पर पड़ा था। खबरों के अनुसार 30 साल के बल्लेबाज को रविवार को पाकिस्तान की अंतिम ओवर में मिली जीत के बाद अस्पताल ले जाया गया था। चोट के बावजूद रिजवान पारी का आगाज करने मैदान पर उतरे और उन्होंने 51 गेंद में 71 रन की मैच विजई पारी खेली जिससे पाकिस्तान ने पांच विकेट रहते भारत के सात विकेट पर 181 रन के लक्ष्य को हासिल कर लिया। रिजवान ने तीसरे विकेट के लिए 73 रन की भागीदारी निभाई जिससे पाकिस्तान ने ग्रुप लीग चरण में भारत से मिली हार का बदला चुकता किया।

# कोको गॉ पहली बार अमेरिकी ओपन क्वार्टर फाइनल में

**अंतिम आठ में पहुंचने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनीं**

**भाषा।** न्यूयॉर्क



**अमेरिका** की 18 वर्ष की कोको गॉ ने चीन की झांग शुआइ को 7-5, 7-5 से हराकर पहली बार अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। फ्रेंच ओपन उपविजेता कोको गॉ मेलानी ओडिन के बाद अमेरिकी ओपन अंतिम आठ में पहुंचने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बन गई। ओडिन 2009 में 17 वर्ष की उम्र में यहां तक पहुंची थी।

पुरूष वर्ग में 23वीं वरीयता प्राप्त निक किर्गियोस ने गत चैम्पियन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव को 7-6, 3-6, 6-3, 6-2 से हराया। अब उनका सामना 27वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव से होगा जबकि दूसरे क्वार्टर फाइनल में फ्रेंच ओपन उपविजेता कैस्पर रूड की टक्कर विम्बलडन उपविजेता मातेओ बेरेतिनी से होगी। अमेरिकी ओपन के बाद मेदवेदेव की शीर्ष रैंकिंग भी चली जाएगी। रफेल नडाल, कार्लोस अलकारेज या रूड में से कोई उनकी जगह लेगा। कोको गॉ का सामना अब 17वीं रैंकिंग वाली फ्रांस की कैरोलिन गार्शिया से होगा जिसने 29वीं रैंकिंग वाली एलिसन रिस्के अमृतराज को 6-4, 6-1 से मात दी। तीसरे दौर में सेरेना विलियम्स को हराने वाली आस्ट्रेलिया की अजला टोमजानोविच का सामना पांचवीं रैंकिंग वाली ओंस जबाउर से होगा। अजला ने लियुडमिला सैमसोनोवा को 7-6, 6-1 से हराया जबकि जबाउर ने दुनिया की 18वें नंबर की खिलाड़ी वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 7- 6, 6-4 से मात दी।

## एफआईएच नेशंस कप हॉकी में कनाडा के खिलाफ अभियान का आगाज करेगी भारतीय महिला टीम

**लुसाने।** भारतीय महिला हॉकी टीम स्पेन के वालेंशिया में 11 से 17 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच नेशंस कप में कनाडा के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। भारत को पूल बी में कनाडा, जापान, दक्षिण अफ्रीका के साथ रखा गया है।यह टूर्नामेंट एफआईएच प्रो लीग के अगले सत्र का क्वालीफायर है। पूल ए में कोरिया, इटली, स्पेन और आयरलैंड हैं। कनाडा के बाद भारत का सामना 12 दिसंबर को जापान से होगा जबकि 14 दिसंबर को उसे दक्षिण अफ्रीका से खेलना है। हर पूल से दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जो 16 दिसंबर से खेला जाएगा। फाइनल 17 दिसंबर को होगा। भारतीय महिला टीम 2021 . 22 में प्रो लीग में पदार्पण के साथ तीसरे स्थान पर रही थी। पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में भारतीय टीम चौथे स्थान पर रही और इस साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता।

# टेस्ट कप्तानी छोड़ने के बाद सिर्फ धोनी ने मुझे मैसेज किया : कोहली

**भाषा।** दुबई



**विराट** कोहली ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका में श्रृंखला हारने के बाद टेस्ट कप्तानी अचानक छोड़ने के उनके फैसले के बाद उन्हें सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी ने मैसेज किया। उन्होंने उन लोगों को भी आड़े हाथों लिया जो टीवी पर बात करते हैं लेकिन उनकी मदद के लिए कभी संपर्क नहीं किया।

कोहली ने टी20 कप्तानी भी खुद छोड़ी लेकिन वनडे कप्तानी उनसे छीनी गई। कोहली ने जनवरी में टेस्ट कप्तानी छोड़कर सभी को चौंका दिया था। पिछले 12 महीने से अपने फॉर्म को लेकर आलोचना झेल रहे कोहली ने धोनी के फोन और उनके साथ अपने खास लगाव के बारे में मीडिया से बात की। एशिया कप में पाकिस्तान से मिली हार के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कोहली ने कहा , एक बात मैं आपको बताऊं कि जब मैने टेस्ट कप्तानी छोड़ी तो सिर्फ एक व्यक्ति का मुझे मैसेज आया और वह थे महेंद्र सिंह धोनी। उन्होंने कहा कि कई लोगों के पास मेरा नंबर है और कई लोग टीवी पर राय देते हैं लेकिन जिन लोगों के पास मेरा नंबर है, उनमें से किसी और ने मुझे मैसेज नहीं किया। एशिया कप में लगातार दूसरा अर्धशतक जड़कर फॉर्म में लौटे कोहली अपने पहले कप्तान धोनी का काफी सम्मान करते हैं। उन्होंने कहाकि जब किसी के लिए सम्मान है और उससे लगाव हो तो वह ऐसा ही होता है क्योंकि दोनों ओर सुरक्षा का भाव है। मैने उनके साथ खुद को असुरक्षित महसूस नहीं किया और वह भी मेरे साथ ऐसा महसूस नहीं करते थे। कोहली ने कहा कि मैं इतना ही कहूंगा कि अगर मुझे किसी को कुछ कहना है तो मैं व्यक्तिगत तौर पर उससे संपर्क क-रूंगा अगर उसे मदद की जरूरत है। पूरी दुनिया के सामने राय देने की मेरी नजर में कोई अहमियत नहीं है। अगर आप मेरी मदद करना चाहते हैं तो मुझे व्यक्तिगत तौर पर बता सकते हैं। कोहली ने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन उनका इशारा संभवत: महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर की ओर था जिन्होंने कहा कि अगर वह कोहली के साथ 20 मिनट बिता लें तो उन्हें खराब फॉर्म से निकलने की सलाह दे सकते हैं। कोहली ने बताया कि एक महीने के ब्रेक के दौरान उन्होंने बल्ले को छुआ भी नहीं। उन्होंने कहा , मैं 14 साल से खेल रहा हूं और यह ऐसे ही नहीं होता। मेरा काम अपने खेल पर कड़ी मेहनत करना है और मैं हमेशा टीम के लिए ऐसा करना चाहता हूं और करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि हर कोई अपना काम कर रहा है। हमारा काम खेलना, मेहनत करना और अपना 120 प्रतिशत देना है। मैंने पहले भी कहा है कि जब तक मैं ऐसा कर पा रहा हूं और टीम को मुझ पर भरोसा है , चेंज रूम में जो होता है हमारे लिए वही मायने रखता है। खास तौर पर मेरे लिए। कोहली ने कहा , लोगों की अपनी राय होती है और मुझे उससे कोई परेशानी नहीं। इससे एक व्यक्ति के तौर पर मेरी खुशियों पर असर नहीं पड़ता। मैने थोड़ा समय लेकर चीजों को ठीक किया। मैं अब काफी सुकून महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं खुद पर अपेक्षाओं का इतना दबाव नहीं डाल सकता। मुझे अपने खेल का आनंद भी लेना है। मैने दबाव के लिए खेलना शुरू नहीं किया था। उन्होंने कहा कि ब्रेक के बाद खेल को लेकर मेरा रोमांच फिर लौट आया है। जब मैं लौटा तो सभी ने मेरा स्वागत किया। लड़कों के बीच गजब का तालमेल है और टीम का माहौल बहुत अच्छा है। मैं अपनी बल्लेबाजी से खुश हूं। कोहली ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का भी बचाव किया जिन्होंने पाकिस्तानी बल्लेबाज आसिफ अली का कैच 18वें ओवर में छोड़ा। उन्होंने कहा कि दबाव में गलतियां हो जाती है। यह बड़ा मैच था और हालात कठिन थे। मुझे याद है कि चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ मैने शाहिद अफरीदी की गेंद पर खराब शॉट खेला। मैं अगले दिन सुबह पांच बजे तक छत की तरफ देखता रहा और सो ही नहीं सका। उन्होंने कहा कि मुझे लगा कि मेरा कैरियर खत्म हो गया है। इस तरह का सोचना स्वाभाविक है। लेकिन टीम प्रबंधन और कप्तान को टीम का अच्छा माहौल बनाने का श्रेय जाता है। जब माहौल अच्छा होता है तो आप गलती से सीखकर आगे बढते हैं।

## तेज रफ्तार से बल्लेबाजी की कोशिश की लेकिन विकेट गिरने से रणनीति बदली : कोहली

**दुबई।** विराट कोहली ने कहा कि उन्होने पाकिस्तान के खिलाफ सुपर फोर मैच मे तेज रफ्तार से रन बनाने की कोशिश की लेकिन लगातार विकेट गिरने से उन्हें रणनीति बदलनी पड़ी। कोहली ने 44 गेंद मे 60 रन बनाए। उन्होने तेज शुरूआत की लेकिन बाद मे रफ्तार धीमी करनी पड़ी। कोहली ने पांच विकेट से मिली हार के बाद प्रेस कांफ्रेंस मे कहा , मैने आज तेज गति से रन बनाने की कोशिश की। इसके बाद हमारे विकेट गिर गए और हमे रणनीति बदलनी पड़ी क्योंकि मुझे आखिर तक टिककर बल्लेबाजी करनी थी। उन्होने कहा कि अगर कुछ बल्लेबाज होते तो मै उसी रफ्तार से बल्लेबाजी करता और कुछ और चौके छक्के लगाता। लेकिन मै उन हालात मे फंस गया कि मुझे अंत तक टिके रहना था। उन्होने कहा कि दीपक हुड्डा और मेरे बाद भुवनेश्वर कुमार और बाकी गेंदबाज ही थे। हमें हालात के अनुरूप खेलना होता है। हम अपेक्षित नतीजे तक पहुंच ही गए थे और बीच के ओवरों मे रनरेट भी बेहतर हो गया था। उन्होने कहा कि हमे इस पर मेहनत करनी होगी। हमे इस पर मेहनत करनी होगी कि बीच के ओवरों मे विकेट गिरने से रनगति पर असर नही पड़े। हमें 20 . 25 रन और बनाने चाहिए थे जिससे बड़े मैचों में काफी फर्क पड़ता है। कोहली ने शानदार आखिरी ओवर के लिए हारिस रउफ की तारीफ की लेकिन कहा कि वह अपनी बल्लेबाजी से खुश है।

# बीसीसीआई की प्रतियोगिताओं का नया टाइटिल प्रायोजक होगा मास्टरकार्ड

**भाषा।** नई दिल्ली



**वैश्विक** भुगतान और प्रौद्योगिकी कंपनी मास्टरकार्ड भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के स्वदेश में होने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों और घरेलू प्रतियोगिताओं का टाइटिल प्रायोजक होगा। मास्टरकार्ड मोबाइल भुगतान ऐप कंपनी पेटीएम की जगह लेगा। पेटीएम ने प्रायोजन अधिकारों के हस्तांतरण पर बीसीसीआई के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की थी जिसके बाद प्रायोजक में बदलाव तय माना जा रहा था। बीसीसीआई की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मास्टरकार्ड घरेलू मैदान पर आयोजित होने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय मैचों (महिला और पुरुष दोनों), बीसीसीआई द्वारा आयोजित ईरानी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी और रणजी ट्रॉफी जैसे घरेलू क्रिकेट मैचों के साथ-साथ भारत में होने वाले सभी जूनियर क्रिकेट (अंडर 19 और अंडर 23) मुकाबलों का टाइटिल प्रायोजक होगा। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा, अंतरराष्ट्रीय घरेलू श्रृंखलाओं के अलावा बीसीसीआई के घरेलू टूर्नामेंट महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे भारत को एक मजबूत अंतरराष्ट्रीय टीम बनाने की दिशा में एक कदम हैं। सचिव जय शाह ने कहा, हम भारतीय क्रिकेट में एक रोमांचक दौर में हैं क्योंकि टी20 विश्व कप से पहले हमें ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए मेजबानी करनी है और इसके बाद श्रीलंका, न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला और अगले साल की शुरुआत में प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी होगी। उन्होंने कहा, घरेलू क्रिकेट में दलीप ट्रॉफी की वापसी और पूर्ण रणजी ट्रॉफी सत्र के साथ कैलेंडर खचाखच भरा है। 2022-23 सत्र में आयु वर्ग में बहुत सारी प्रतियोगिताएं होंगी और मुझे विश्वास है कि यह एक समृद्ध साझेदारी होगी।

## ब्रैंडन फर्नांडिज एफसी गोवा के नए कप्तान बने

**नई दिल्ली।** एफसी गोवा से लंबे समय से जुड़े फुटबॉलर ब्रैंडन फर्नांडिज को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के आगामी सत्र के लिए टीम का कप्तान चुना गया। सत्ताईस साल का यह मिडफील्डर चार सदस्ईय कप्तानी ग्रुप की अध्यक्षता करेगा जिसमें सेरिटन फर्नांडिज, ग्लान मार्टिन्स और मार्क वालिएंटे भी शामिल हैं। ब्रैंडन 2017 से क्लब से जुड़े हुए हैं, वह उसके लिए पिछले पांच सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में 85 मैच (69 आईएसएल) खेल चुके हैं। उन्होंने कप्तान के तौर पर अपनी नियुक्ति के बारे में कहा, हीरो आईएसएल में अपने घरेलू क्लब की अगुआई करना सम्मान की बात है।

# अकरम, शास्त्री, गंभीर ने पाक के खिलाफ पंत के शॉट चयन पर सवाल उठाए

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटरों रवि शास्त्री, वसीम अकरम और गौतम गंभीर ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की पांच विकेट की हार के दौरान ऋषभ पंत के खराब शॉट चयन की आलोचना की है। शादाब खान की गुगली को रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में पंत पवेलियन लौटे। विकेटकीपर बल्लेबाज पंत ने पहले ही शॉट खेलने का मन बना लिया था लेकिन वह बैकवर्ड प्वाइंट पर आसिफ अली को कैच दे बैठे जिससे भारत ने महत्वपूर्ण समय पर विकेट गंवाया। गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, ऋषभ पंत निराश होगा क्योंकि यह उसका शॉट नहीं है। उसका शॉट संभवत: लांग आन या डीप मिडविकेट के ऊपर से खेलना है, अगर आप यह शॉट खेलते हुए आउट होते हो तो कोई समस्या नहीं है क्योंकि यह आपका मजबूत पक्ष है। आपका मजबूत पक्ष गेंद को रिवर्स स्वीप करना नहीं है। भारत को रविवार को सुपर चार के मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान के महान तेज गेंदबाज अकरम का मानना है कि पंत बीच के ओवरों में रिवर्स हिट खेलने से बच सकते थे। अकरम ने कहा, विशेषकर खेल के उस चरण में वह शॉट खेलने की कोई जरूरत नहीं थी, बीच के ओवरों में रिवर्स हिट लगाने से बचा जा सकता था।